

राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

12 नाटो को बढ़ावा देने के लिए बाइडन करेंगे यूरोप के देशों .....

पंजाब के सीएम मान व पूर्व सीएम कैप्टन अमरिन्दर के बीच तीखी नोकझोंक..... 12

वर्ष : 14 | अंक : 51 | नई दिल्ली, मंगलवार, 04 जुलाई, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

केंद्र जल्दी ही जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरणों के गठन के लिये नियम अधिसूचित करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र माल एवं सेवा कर परिषद से मंजूरी के बाद जल्दी ही जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के गठन के लिये नियम अधिसूचित करेगा और सदस्यों की नियुक्ति करेगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क (सीबीआईसी) बोर्ड में सदस्य शशांक प्रिय ने कहा कि विभाग करदाता आधार बढ़ाने के लिये काम कर रहा है और सही आकलन को लेकर आयकर व्यवस्था में कंपनी करदाताओं के मामले में विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग कर रहा है।

आंकड़ों के अनुसार, फिलहाल कंपनी आयकरदाता आधार का केवल 40 प्रतिशत ही जीएसटी के तहत पंजीकृत है। जीएसटी के तहत 1.39 करोड़ कंपनियां पंजीकृत हैं। यह एक जुलाई, 2017 से लागू माल एवं सेवा की संख्या के मुकाबले लगभग दोगुना है। इस दौरान औसत मासिक जीएसटी संग्रह भी बढ़ा है। जहां 2017-18 में यह 89,885 करोड़ रुपये रुपये था, वह 2022-23 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

चालू वित्त वर्ष में अबतक औसत आय 1.69 लाख करोड़ रुपये प्रति महीने रही। उन्होंने कहा, "हम सोच-विचार कर कदम उठा रहे हैं। हम व्यापार अनुकूल कदम उठाने की प्रक्रिया में हैं।" शशांक प्रिय ने उद्योग मंडल फिक्की के जीएसटी सम्मेलन में कहा, "परिषद से मंजूरी मिलने के बाद हम नियमों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया में हैं। हमें कार्यबल के साथ संस्थानों का गठन करना होगा।

हमें उम्मीद है कि यह जल्द ही होगा।" परिषद न्यायाधिकरण के सदस्यों के कार्य अनुभव और पात्रता को भी मंजूरी देगी। संसद ने मार्च में जीएसटी के तहत विवादों के समाधान के लिये अपीलीय न्यायाधिकरण गठित करने का रास्ता साफ करने को लेकर वित्त विधेयक में बदलाव को मंजूरी दे दी थी। योजना के मुताबिक, हर राज्य में न्यायाधिकरण की पीठ स्थापित की जाएंगी जबकि दिल्ली में एक प्रधान पीठ होगी। वर्तमान में कर प्राधिकरणों की व्यवस्था से करदाताओं को शिकायत होने पर उन्हें संबंधित उच्च न्यायालयों में जाना पड़ता है।

चूंकि अदालतों में पहले से ही काफी संख्या में मामले लंबित हैं, ऐसे में समाधान प्रक्रिया में विलम्ब होता है।

साथ ही उनके पास जीएसटी मामलों के निपटान को लेकर कोई विशेष पीठ नहीं होती। ऐसे में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पीठ स्थापित करने से मामलों का निपटान तेजी से हो सकेगा।

प्रिय ने कहा कि कुछ कंपनियां हैं, जिन्होंने पंजीकरण प्रक्रिया का दुरुपयोग किया है। अब सीबीआईसी पंजीकरण प्रक्रिया को कड़ा करने और गड़बड़ी करने वालों को पकड़ने के लिये सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि फर्जी पंजीकरण को पकड़ने के लिए केंद्र और राज्य कर अधिकारियों के दो महीने से जारी अभियान में 13,900 करोड़ रुपये की चोरी से जुड़े 45,000 फर्जी जीएसटी पंजीकरण जांच के दायरे में हैं। इसके अलावा, अधिकारियों ने 1,430 करोड़ रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट का गलत तरीके से लाभ लेने को भी रोका है।

मौसम

अधिकतम तापमान 36.0°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	60,545
चांदी	68,300
सेंसेक्स	62,970
निफ्टी	18,691

संक्षिप्त खबरें

प्रधानमंत्री आवास के ऊपर 'ड्रोन' देखे जाने की सूचना, कुछ संदिग्ध नहीं मिला : पुलिस

मध्य दिल्ली में प्रधानमंत्री के आवास के ऊपर सोमवार सुबह एक "अज्ञात वस्तु उड़ते हुए" (ड्रोन) देखे जाने की सूचना मिली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस को फिलहाल कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि उसे सुबह करीब पांच बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) में फोन आया था कि प्रधानमंत्री के आवास के ऊपर एक ड्रोन जैसी वस्तु उड़ते हुए देखी गयी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) को भी कुछ नहीं मिला है। दिल्ली पुलिस ने एक बयान में कहा, "एनडीडी नियंत्रण कक्ष को प्रधानमंत्री के आवास के समीप एक अज्ञात वस्तु उड़ने के संबंध में एक सूचना मिली थी। आसपास के इलाकों में गहन तलाश अभियान चलाया गया लेकिन ऐसी कोई वस्तु नहीं मिली। हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) से भी संपर्क किया गया, उन्हें भी प्रधानमंत्री के आवास के समीप ऐसी कोई वस्तु उड़ते हुए नहीं मिली।"

प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे को NCP से निकाला गया

नई दिल्ली, एजेंसी

शरद पवार ने सांसद प्रफुल पटेल और सुनील तटकरे को पार्टी से बाहर कर दिया है। उनकी बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने दोनों के खिलाफ एक्शन लेने के लिए आज ही शरद पवार को चिट्ठी लिखी थी। इस ऐलान के तुरंत बाद वहीं, अजित पवार ने भी एनसीपी की नई टीम बना दी। उन्होंने सांसद सुनील तटकरे को महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। अनिल पाटिल को व्हिप की जिम्मेदारी दी है। इससे पहले शरद पवार की अगुआई वाली एनसीपी ने अजित पवार के साथ गए सभी विधायकों को अयोग्य घोषित करने का प्रस्ताव पास किया। अजित पवार के शपथ समारोह में भाग लेने गए तीन नेताओं को भी पार्टी से निकाल दिया गया। इनमें पार्टी के क्षेत्रीय महासचिव शिवाजी राव गर्जे, अकोला शहर जिलाध्यक्ष विजय देशमुख और मुंबई डिवीजन के कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र राणे शामिल हैं। एनसीपी में बगावत के बीच शरद पवार सोमवार को गुरु पूर्णिमा के दिन सातारा के कराड में अपने गुरु पूर्व उट यशवंत राव चाव्हाण की समाधि पर पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। सातारा में हुई रैली में शरद पवार ने कहा- भाजपा देशभर में चुनी हुई सरकारों को गिरा रही है। महाराष्ट्र में भी ऐसा ही हुआ है। महाराष्ट्र की जनता को एकजुट होकर अपनी ताकत दिखानी होगी। महाराष्ट्र में जातिवाद की राजनीति नहीं चलेगी। हमारे कुछ लोग भाजपा का शिकार हो गए। बड़ों के आशीर्वाद के साथ हम नई शुरूआत करेंगे। हमने 5 जुलाई को पार्टी के सभी नेताओं की मीटिंग बुलाई है। मीटिंग में सभी नेता एफिडेविट के साथ आएं। वहां (अजित पवार) खेमे से कई लोगों ने मुझे फोन किया और कहा कि उनकी विचारधारा एनसीपी से अलग नहीं है और वे अगले कुछ दिनों में अंतिम फैसला लेंगे। राज्य में हमारा संगठन मजबूत है। अजित का फैसला उनका निजी है। उनकी बातों का कोई महत्व नहीं है। हम लोग संघर्ष करेंगे। फिर से पार्टी को खड़ा करेंगे। लोगों का समर्थन हम लोगों के साथ है। जनता का प्यार बना रहा तो पूरी तस्वीर बदल देंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील को उन विधायकों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने का अधिकार है, जिन्होंने कल महाराष्ट्र कैबिनेट में शपथ ली। मेरे पास पहले विधायकों के जाने के 2-3 पुराने अनुभव हैं। आगे नतीजे अच्छे होंगे। वहीं एनसीपी के नेता जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि शरद पवार के दौरे में जिस तरह से लोग जुट रहे हैं, विधायकों को पता होना चाहिए कि जब शरद पवार उनके इलाके में उनके खिलाफ दौरा करेंगे तो उनका क्या हाल होगा। उन्होंने पार्टी बनाई है, चुनाव चिन्ह उनका है। ना कि प्रफुल पटेल, नरेंद्र मोदी का। पवार भी अपने समर्थक विधायकों से मिले अजित पवार और 8 अन्य विधायकों के बगावत के बाद एनसीपी ने सभी बागियों को डिस्क्वालिफाई करने के लिए विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर और चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि पार्टी की कमान शरद पवार के पास है। शरद ने 1999 में पार्टी की स्थापना की थी। अजित की पार्टी पर दावे से जुड़ी कोई भी अपील पर कार्रवाई करने से पहले उनके पक्ष को भी सुनें। इस बीच पार्टी ने जितेंद्र आव्हाड को विधानसभा में विपक्ष का नेता और मुख्य सचेतक (ड्डौ ह्वँस्र) नियुक्त किया है। इससे पहले अजित पवार के पास ये जिम्मेदारी थी। अजित पवार करेंगे एनसीपी पर दावा, बोले- पार्टी के 53 में से 40 विधायक साथ उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अजित ने कहा कि उनके साथ पार्टी के 53 में से 40 विधायक हैं। यानी एक तिहाई से ज्यादा। उन्होंने एनसीपी छोड़कर शिवसेना-भाजपा से हाथ नहीं मिलाया है, बल्कि एनसीपी के तौर पर ही यह कदम उठाया है। हमने सभी सीनियर नेताओं को भी इसकी जानकारी दे दी है। उन्होंने कहा कि डेमोक्रेसी में मेजॉरिटी को महत्व दिया जाता है। हमारी पार्टी 24 साल पुरानी है और युवा लीडरशिप को आगे आना चाहिए। ऐसे में पार्टी पर अधिकार को लेकर चुनाव आयोग में अजित पवार गुट का दावा मजबूत रहेगा और शरद पवार को पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ना पड़ सकता है। जयंत पाटील ने कहा- ये नेता पार्टी के खिलाफ एनसीपी नेता जयंत पाटील ने बताया कि हमने डिस्क्वॉलिफिकेशन की एक याचिका विधानसभा स्पीकर के पास दाखिल की है। इन 9 विधायकों ने किसी को नहीं बताया कि वे पार्टी को छोड़ने वाले हैं। ये पार्टी नियमों के खिलाफ है। हमने चुनाव आयोग को भी एक पत्र लिखा है। हम इन 9 विधायकों के रवैये को बर्दाश्त नहीं करेंगे। हालांकि, हमें यकीन है कि ये सभी विधायक एनसीपी में लौट आएंगे। अगर वे आते हैं, तो हम उन्हें स्वीकार कर लेंगे। सामना में लिखा- शिंदे की रोटी जली, नया चूल्हा, नया तवा महाराष्ट्र के घटनाक्रम को लेकर उद्धव ठाकरे गुट ने अपने मुखपत्र 'सामना' में लिखा- शिंदे की रोटी जली, नया चूल्हा, नया तवा। लेख में आगे लिखा गया है- भोर की शपथविधि में नाकामी हाथ लगने के बाद अजित पवार ने कल भरी दोपहरी का मुहूर्त चुना और शिंदे सरकार में शामिल हो गए। अजित पवार ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर रिकॉर्ड बनाया। डील पक्की कर दी है। पवार केवल उप मुख्यमंत्री पद के लिए नहीं गए। जल्द ही संविधान के अनुसार एकनाथ शिंदे और इनके बागी विधायकों का विसर्जन हो जाएगा और अजित पवार को सिंहासन (मुख्यमंत्री) पर बैठाया जाएगा। इन सब में पोपट हुआ है देवेंद्र फडणवीस का। शरद पवार का अगला कदम? पवार के लिए सदमा है। हालांकि, उन्होंने यह झलकने नहीं दिया। यही कहा है कि फिर जनता के बीच जाएंगे। यानी वे हारे नहीं हैं। एनसीपी व चुनाव चिह्न पर अजित के दावे में कितना दम? अजित खेमे का दावा है कि एनसीपी के मौजूदा 53 में 40 विधायकों का समर्थन है। शिंदे मामले में चुनाव आयोग ने संख्या देखते हुए शिंदे गुट के पक्ष में फैसला दिया था। दलबदल कानून लागू होगा? स कानून की दो शर्तें हैं। जिस दल को नेता छोड़ रहा है, उसका दूसरे दल में विलय हो जाए। दो तिहाई विधायक सहमत हों। दोनों स्थितियां अजित के पक्ष में हैं। अजित पवार का दावा है कि उन्हें राज्य विधानसभा में एनसीपी के कुल 53 विधायकों में से 40 से अधिक का समर्थन प्राप्त है। दलबदल विरोधी कानून के प्रावधानों से बचने के लिए अजित के पास 36 से अधिक विधायक होने चाहिए। शिंदे गुट की धमक कम होगी? शिंदे गुट की उपयोगिता खत्म सी हो गई है। 288 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत 145 पर है। शिंदे-फडणवीस सरकार के पास 160 का आंकड़ा था। अब 35 एनसीपी विधायक हैं। भाजपा-शिवसेना के 10-10 मंत्री हैं। 23 पदों में 9 एनसीपी के हो गए हैं। भाजपा ने शिंदे को 5 मंत्री हटाने का सुझाव दिया था। उन्हें भाजपा के निदेर्शों पर अमल करना होगा। भाजपा कितनी सफल रही? एनसीपी को साधकर भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिहाज से महाराष्ट्र को सबसे आसान राज्य की श्रेणी में ला खड़ा कर दिया है।

प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं विकास को अपनाये बिना कोई देश प्रगति नहीं कर सकता है : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि कोई भी देश अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी को अपनाये बिना प्रगति नहीं कर सकता। मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुरू किये गए भारतीय जनता पार्टी के जनसम्पर्क अभियान के तहत एनआईटी दिल्ली के छात्रों से संवाद करते हुए जयशंकर ने विद्यार्थियों को स्थानीय एवं वैश्विक घटनाक्रम को समझने का सुझाव दिया। विदेश मंत्री ने कोविड महामारी और यूक्रेन युद्ध का पेट्रोलियम और खाद्य पदार्थों की कीमतों पर पड़ने वाले प्रभावों का जिक्र करते हुए कहा, ह्यह्यवैश्विकरण ने अंदर और बाहर की दीवारों को ध्वस्त कर दिया है और आपको समझना होगा कि आपके आसपास क्या घटित हो रहा है।" उन्होंने कहा कि कोई भी देश अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी को अपनाये बिना प्रगति नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में कई बदलाव हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की हाल की अमेरिका यात्रा का उल्लेख करते हुए जयशंकर ने कहा, ह्यह्यउनकी एक अलग छवि है, खास तौर पर लोकतांत्रिक दुनिया में उनकी (मोदी) एक वरिष्ठ अनुभवी और विश्वसनीय नेता की छवि है।" विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विचारों और उनके निर्णयों का प्रभाव है। उन्होंने कहा, अपनी विदेश यात्राओं में प्रधानमंत्री मोदी 140 करोड़ भारतीयों की ताकत और उनकी प्रतिभाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। अब दुनिया भारत और इसके युवाओं की ओर देख रही है।" विदेश मंत्री ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का केंद्र बनाने और देश में राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन स्थापित करने से जुड़े कदमों का उल्लेख किया।

गुरुग्राम में शुरू हुआ दो दिवसीय स्टार्टअप-20 शिखर कार्यक्रम

- केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ

गुरुग्राम, एजेंसी

मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में सोमवार से दो दिवसीय स्टार्टअप-20 शिखर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। केंद्रीय कॉमर्स एवं इंडस्ट्री राज्य मंत्री सोमप्रकाश ने विधिवत रूप से इसकी शुरूआत की। इस अवसर पर स्टार्टअप-20 चेयर डॉ. चिंतन वैष्णव व भारत की ओर से जी-20 शेरपा अमिताभ कांत भी मौजूद रहे। ग्रैंड हयात होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में 250 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों समेत करीब 800 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इस दो दिवसीय बैठक में 250 विदेशी प्रतिनिधियों समेत करीब 800 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। विदेशी प्रतिनिधि जी-20 सदस्य देशों अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको सहित रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका के अलावा इस जी-20 स्टार्टअप एंगेजमेंट ग्रुप कार्यक्रम में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि भी भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त नौ देशों बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधि भी पहुंचे हैं। पहले दिन स्टार्टअप-20 शिखर सम्मेलन स्टार्टअप-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन शुभारंभ सत्र में भारत की ओर से स्टार्टअप-20 चेयर डॉ. चिंतन वैष्णव ने स्वागत भाषण दिया। नीति आयोग की वाइस चेयरपर्सन सुमन बेरी व भारत की ओर से जी-20 के शेरपा अमिताभ कांत का भी संबोधन होना है। शुभारंभ के उपरांत पहले सत्र में स्टार्टअप-20 को लेकर पैनल चर्चा शुरू हो चुकी है। इसके उपरांत विभिन्न सत्रों के क्रम में एक अंतर संचालनीय वैश्विक स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण, वर्ष 2030 तक वैश्विक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश पर भी इस सत्र में चर्चा होनी है।

उत्तराखंड की कई योजनाओं को लेकर पुष्कर सिंह धामी ने की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर उत्तराखंड राज्य से संबंधित विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से सौंग बांध पेयजल परियोजना के लिए 1774 करोड़ की धनराशि का वित्त पोषण भारत सरकार से विशेष सहायता के अन्तर्गत कराने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री से उत्तराखंड की विशेष परिस्थितियों और सीमित वित्तीय संसाधनों को देखते हुए बाह्य सहायतित परियोजनाओं की ऋण राशि पर लगाई गई सीलिंग को हटाए जाने का भी अनुरोध किया। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि देहरादून की बढ़ती हुई आबादी के कारण पेयजल की मांग निरन्तर तेजी से बढ़ती जा रही है। इसके दृष्टिगत व भविष्य में सतत पेयजल की सुविधा प्रदान करने के लिए गंगा नदी की सहायक नदी सौंग नदी पर 'सौंग बांध पेयजल परियोजना' प्रस्तावित है। प्रस्तावित परियोजना की कुल लागत 2021 करोड़ रुपये है। परियोजना के निर्माण से 150 एमएलडी पेयजल 'गुरुत्व' के माध्यम से देहरादून नगर व इसके उपनगरीय क्षेत्रों की लगभग 10 लाख आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा। परियोजना के निर्माण उपरान्त पेयजल व्यवस्था की नलकूपों पर निर्भरता लगभग समाप्त हो जाएगी। इसके अतिरिक्त परियोजना के निर्माण से लगभग 3.50 किलोमीटर लम्बी झील का निर्माण होगा जोकि क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगा, जिससे रोजगार सृजन होगा एवं स्थानीय नागरिकों के आय में वृद्धि होगी। झील निर्माण से पर्यावरण को भी लाभ होगा। उन्होंने बताया कि परियोजना से जुड़े सभी आवश्यक तकनीकी, वन भूमि हस्तान्तरण स्टेज-1 एवं अन्य आवश्यक स्वीकृतियां सम्बन्धित विभागों एवं मंत्रालयों से प्राप्त की जा चुकी हैं। परियोजना से प्रभावित होने वाले कुटुम्बों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन हेतु 247 करोड़ रुपये का व्ययभार राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री से राज्य सरकार की सीमित वित्तीय संसाधनों के दृष्टिगत परियोजना के लिए 1774 करोड़ रुपये की अवशेष धनराशि का वित्त पोषण भारत सरकार से विशेष सहायता के अन्तर्गत कराने का अनुरोध किया। इसके साथ उत्तराखंड की विशेष परिस्थितियों और सीमित वित्तीय संसाधनों को देखते हुए बाह्य सहायतित परियोजनाओं की ऋण राशि पर लगाई गई सीलिंग को हटाए जाने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एडीबी के तहत देहरादून के मुख्य मार्गों में विद्युत लाइनों को भूमिगत करने के साथ ही राज्य की पारेषण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के कार्य, जिसमें विद्युत उपस्थानों एवं लाइनों का निमार्ण कार्य सम्मिलित है, का कार्य शीघ्र किया जाना है। मुख्यमंत्री ने आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार से उपरोक्त योजना की स्वीकृति प्रदान कराए जाने का अनुरोध किया। इस पर केंद्रीय वित्त मंत्री ने पुनर्मूल्यांकन हेतु प्रस्ताव भेजने को कहा ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सके। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमत्री पुष्कर सिंह धामी को हर संभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

पहले भ्रष्टाचारियों पर हमला करो, फिर उन्हें गले लगाओ: सिब्बल ने भाजपा पर साधा निशाना

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा के सदस्य कपिल सिब्बल ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार तथा आठ अन्य को एकनाथ शिंदे नीत महाराष्ट्र सरकार में शामिल किए जाने को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कटाक्ष करते हुए कहा, ह्यह्यपहले भ्रष्टाचारियों पर हमला करो और फिर उन्हें गले लगाओ।" सिब्बल ने ट्वीट किया, ह्यह्यपहले भ्रष्टाचारियों पर हमला करो, फिर भ्रष्टाचारियों को गले लगाओ। पहले उनकी जांच की गारंटी लें, फिर उनके समर्थन की वारंटी लें। जांच भी स्थगित। अब से ईडी (प्रवर्तन निदेशालय), सीबीआई (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) का कोई तनाव नहीं। कुछ सुनी सुनाई सी बात लगती है? लोकतंत्र की जननी अपना काम कर रही है।" गौरतलब है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में रविवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली, वहीं पार्टी के आठ अन्य नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली थी। सिब्बल ने रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता अजित पवार के महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि शायद इसी ह्यलोकतंत्र की जननीह्ल का उन्होंने (मोदी ने) अमेरिकी संसद में अपने संबोधन में उल्लेख किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने अमेरिकी कांग्रेस में अपने संबोधन में कहा था "लोकतांत्रिक भावना के विकास में भारत लोकतंत्र की जननी है।"

पदभार लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी के सेवानिवृत्त होने के बाद चार माह से रिक्त था यह पद.....

वाइस एडमिरल अतुल आनंद ने डीएमए के अतिरिक्त सचिव का पदभार संभाला

- इस विभाग का नेतृत्व सचिव के रूप में करते हैं चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस)

नई दिल्ली, एजेंसी

वाइस एडमिरल अतुल आनंद ने सोमवार को सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) के अतिरिक्त सचिव के रूप में पदभार संभाला। यह पद पहले लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी के पास था, जो उनके 28 फरवरी को सेवानिवृत्त होने के बाद चार माह से रिक्त था। इस विभाग का नेतृत्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) सचिव के रूप में करते हैं और इसे तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। वाइस एडमिरल अतुल आनंद 01 जनवरी, 1988 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त हुए थे। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (71वां कोर्स, डेल्टा स्क्वाड्रन) के पूर्व छात्र हैं। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (71वां कोर्स, डेल्टा स्क्वाड्रन), रक्षा सेवा कमान और स्टाफ कॉलेज, मीरपुर (बांग्लादेश) और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज, नई दिल्ली के पूर्व छात्र हैं। वाइस एडमिरल अतुल आनंद को अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) और विशिष्ट सेवा पदक (वीएसएम) से नवाजा जा चुका है। उन्होंने एशिया पैसिफिक सेंटर ऑफ सिक्योरिटी स्टडीज, हवाई, अमेरिका में उन्नत सुरक्षा सहयोग पाठ्यक्रम में भी भाग लिया है। उन्होंने अपने करियर में कई प्रमुख जिम्मेदारी संभाली हैं, जिनमें टॉरपीडो रिकवरी वेसल आईएनटीआरवी ए72, मिसाइल बोट आईएनएस चटक, कार्वेट आईएनएस खुकरी, विध्वंसक आईएनएस मुंबई की कमान शामिल है। इसके अलावा उन्होंने नौसेना के जहाजों शारदा, रणविजय और ज्योति के नेविगेटिंग ऑफिसर के रूप में भी काम किया और सी हैरियर स्क्वाड्रन आईएनएएस 300 के दिशा अधिकारी और विध्वंसक आईएनएस दिल्ली के कार्यकारी अधिकारी थे। उनकी महत्वपूर्ण स्टाफ नियुक्तियों में संयुक्त निदेशक, स्टाफ आवश्यकता, डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन में निदेशक स्टाफ, निदेशक, नौसेना संचालन और निदेशक, नौसेना इंटेलिजेंस (ऑप्स) शामिल हैं। उन्होंने रक्षा मंत्रालय (नौसेना) के एकीकृत मुख्यालय में प्रधान निदेशक, नौसेना संचालन और प्रधान निदेशक, रणनीति, अवधारणाओं और परिवर्तन के रूप में भी काम किया है। एक फ्लैग ऑफिसर के रूप में उन्होंने नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (विदेश, सहयोग और खुफिया), राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला में उप कमांडेंट और मुख्य प्रशिक्षक, महाराष्ट्र नौसेना क्षेत्र के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग, कर्नाटक नौसेना क्षेत्र के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग और नौसेना संचालन महानिदेशक के रूप में कार्य किया है। क्या है सैन्य मामलों का विभाग (डीएमए) इसका नेतृत्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) सचिव के रूप में करते हैं और इसे तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। यह भारतीय रक्षा मंत्रालय के भीतर सैन्य मामलों का प्रभारी विभाग है। पदेन सचिव के रूप में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की अध्यक्षता में डीएमए भारतीय सशस्त्र बलों के बीच एकीकरण प्रदान करता है। इसका मकसद संयुक्त योजना और उनकी आवश्यकताओं के एकीकरण के माध्यम से सेनाओं के लिए खरीद, प्रशिक्षण और स्टाफिंग में संयुक्तता को बढ़ावा देना है। संयुक्त थिएटर कमांड की स्थापना सहित सैन्य कमांड के पुनर्गठन और स्वदेशी उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देना भी इस विभाग का दायित्व है।

अंडरपास में फंसा ट्रक, सर्विस मार्ग पर लगा जाम

रूड़की, एजेंसी। कस्बे के पास अंडरपास में बड़ा ट्रक फंसने से दोनों ओर सर्विस मार्ग पर जाम लग गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाया। इस अंडरपास पर अक्सर पुलिस की लापरवाही के चलते बड़े वाहन फंस जाते हैं जो जाम का कारण बनते हैं। शनिवार सुबह कस्बे के पास बने अंडरपास में एक बड़ा ट्रक फंस गया। ट्रक आधा अंडरपास में घुस चुका था जबकि आधा बीच सड़क पर रह गया। ऐसे में मेन बाजार व घाड़ क्षेत्र से आने वाले वाहनों के विपरीत दिशा से आने के कारण दोनों ओर लंबी लाइन लग गई। इसके चलते सर्विस मार्ग पर लंबा जाम लग गया। इस कारण बाहरी राज्य सहारनपुर, हरियाणा, पंजाब से आने वाले वाहन लंबे समय तक जाम में फंसे रहे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव रौथाण ने बताया कि मौके पर पुलिस को भेजकर जाम को खुलवा दिया है।

लायंस क्लब से डॉक्टरों को किया सम्मानित

रूड़की, एजेंसी। लायंस क्लब की ओर से डॉक्टर्स-डे पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शहर के छह चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। क्लब की ओर से डॉ.आनंद गुप्ता, डॉ. पूनम गुप्ता, डॉ. विनय गुप्ता, डॉ. शांतनु मेहता, डॉ. एनडी अरोड़ा, डॉ.राजीव कुमार को सम्मानित किया। कार्यक्रम में लायंस क्लब रुड़की के अध्यक्ष अभिषेक सरीन, सचिव संजीव गोयल, एसके शर्मा, जेडी महंत, अरविंद कश्यप, यश नारंग, रितिका सरीन, तनिष्क गोयल, ज्ञानवी सरीन आदि क्लब के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। डॉक्टर्स-डे पर भाकियू अंबावत के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष नंबरदार ने साथियों सहित झबरेड़ा के चिकित्सकों को सम्मानित किया। उन्होंने डॉक्टर को मरीजों के लिए भगवान का दूसरा रूप बताया। भाकियू अम्बावत के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष नंबरदार ने झबरेड़ा में प्रज्ञा हॉस्पिटल में चिकित्सकों को सम्मानित किया। डॉ. दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि चिकित्सक वर्तमान समय में बहुत दुविधा में हैं। इस मौके पर डॉ. स्वर्णजीत सिंह, डॉ. जमीर अहमद, डॉ. दिनेश त्रिपाठी, डॉ. वंदना, डॉ. अर्पित, डॉ. अलका त्रिपाठी, डॉ. बबीता, डॉ. विवेक, डॉ. आरके त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। साथ ही पैरा मेडिकल स्टाफ सुरेश, अनवरा, मोनिका, ज़ाइबा, काजल, साहबान, तालिब, तालीम, आशु, प्रियांशु व अनुराग आदि को भी सम्मानित किया गया।

टारगेट बॉल खेल में रुड़की का शानदार प्रदर्शन

रूड़की, एजेंसी। 27 जून को हरियाणा के रोहतक में हुई टारगेट बॉल खेल प्रतियोगिता में रुड़की की राणा स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। टीम का एकेडमी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। एकेडमी के चेयरमैन सीएम राणा ने बताया कि 27 जून को हरियाणा के रोहतक स्थित आईपी कॉलेज में राज्य स्तरीय टारगेट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में उत्तराखंड के साथ ही दिल्ली, राजस्थान, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि स्थानों से 28 टीमों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में रुड़की से राणा स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम ने भी प्रतिभाग किया था। टीम ने वहां शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर एकेडमी के साथ ही शहर और जिले का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि टीम में शामिल नीलमणि सिंह, सृष्टि धीमान, पार्थ, विशाल, कांति सैनी ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम के लौटने पर एकेडमी में भव्य स्वागत किया गया। टीम को बधाई देने वालों में सचिव भारत भूषण, कोच नीलम पाल, सीनियर कोच राधेलाल शर्मा, बबीता सिंह, किस्लय सैनी, केपी सिंह, सुदर्शन सिंह, ओपी पाल, डॉ संजीव गर्ग आदि शामिल थे।

32 संदिग्धों से वसूला आठ हजार जुर्माना

रूड़की, एजेंसी। पुलिस ने कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी के निर्देश पर बाहरी राज्यों से आए किरायेदारों और घरेलू नौकरों का सत्यापन किया। एसओ जहांगीर अली ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पुलिस की कई टीमों ने कलियर के रैन बसेरा, किलकिली साहब रोड, इमाम साहब रोड होटल, ढाबों व रेहड़ी वाले 110 लोगों का सत्यापन किया। साथ ही अलग-अलग जगह पर रह रहे 32 संदिग्ध को थाने लाकर पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आठ हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है। उन्होंने बताया कि सत्यापन अभियान आगे भी जारी रहेगा।

नजीबाबाद हाईवे पर हादसा, रसियाबड़ के पास रोडवेज बस ने बाइक सवार को कुचला

लालढांग हरिद्वार, एजेंसी। हरिद्वार में एक रोडवेज बस ने बाइक सवार को रौंद दिया। युवक देहरादून से नजीबाबाद की ओर जा रहा था। हरिद्वार नजीबाबाद हाईवे पर रसियाबड़ में बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। शनिवार को श्यामपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रसियाबड में उत्तराखंड रोडवेज की बस ने बाइक सवार युवक सुशील कुमार पुत्र गोपाल सिंह उम्र लगभग 29 वर्ष निवासी चिंगोरीखाल धुमाकोट जनपद पौड़ी गढ़वाल को टक्कर मार दी। युवक देहरादून से नजीबाबाद की ओर जा रहा था। जैसे ही युवक रसियाबड़ पहुंचा, नजीबाबाद की ओर से आ रही देहरादून डिपो की बस ने युवक को टक्कर मार दी, जिससे युवक हाईवे पर जा गिरा। इस हादसे में युवक की जान चली गई। थानाध्यक्ष श्यामपुर विनोद थपलियाल ने बताया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के जिला चिकित्सालय भेजा गया मृतक के परिजनों को सूचना कर दी गई है। बस चालक के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

पीजी कॉलेजों में संबद्धता केंद्रीय विवि से थी पर कोर्स राज्य विवि के पढ़ते थे छात्र

देहरादून, एजेंसी। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय से दून के जिन चार डिग्री कॉलेजों की संबद्धता समाप्त हुई है। उनमें श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के सेल्फ फाइनेंस के कोर्स पढ़ाए जाते हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि अगर इन कॉलेजों को श्रीदेव सुमन विवि से संबद्धता मिल जाए तो छात्रों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। बता दें कि एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विवि ने दून के डीएवी, डीबीएस, एमकेपी और एसजीआरआर कॉलेज की संबद्धता खत्म कर दी है। डीएवी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केआर जैन ने बताया कि कॉलेज में आठ सेल्फ फाइनेंस कोर्स चल रहे हैं। इसमें से एचएनबी विवि से बीएससी आईटी, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मास कम्युनिकेशन, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन होटल मैनेजमेंट, एमए एजुकेशन है। इसके अलावा श्री देव सुमन विवि से एमएससी बायोकेमिस्ट्री, एमएससी आईटी, बीजेएमसी, बी लिब एंड इन्फॉर्मेशन साइंस कोर्स सेल्फ फाइनेंस में पढ़ाए जा रहे हैं। डीबीएस पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीसी पांडे ने बताया कि कॉलेज में श्रीदेव सुमन विवि से लिए गए सेल्फ फाइनेंस कोर्स चल रहे हैं। ऐसे में यदि इन कॉलेजों को श्रीदेव सुमन विवि से संबद्धता मिल जाए तो काफी राहत मिलेगी। डीबीएस कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल और सेल्फ फाइनेंस के नोडल डॉ. अनिल पाल ने बताया यह सभी कोर्स श्रीदेव सुमन विवि के लिए जा रहे हैं। एचएनबी विवि की ओर से कॉलेज को सेल्फ फाइनेंस कोर्स नहीं मिल रहे थे।

बारिश के दौरान चाइना पीक में भूस्खलन, लोगों में दहशत

नैनीताल, एजेंसी। नगर में रविवार को बारिश के चलते चाइना पीक पहाड़ी में भूस्खलन हुआ। पहाड़ी से काफी मात्रा में और मलबा, बोल्डर गिरने की आवाज सुनते ही लोगों में दहशत बढ़ गई है। देर शाम पहाड़ी पर दोबारा हुए भूस्खलन से बोल्डर किलबरी सड़क तक पहुंच गए। गनीमत रही कि इसकी चपेट में कोई नहीं आया। शाम को मेट्रोपॉल होटल परिक्षेत्र में बारिश के दौरान एक भवन की छत गिर गई। रविवार सुबह नगर में बारिश के दौरान सुबह करीब साढ़े सात बजे नैनीताल की सबसे ऊंची चोटी चाइना पीक की पहाड़ी पर भूस्खलन हुआ। पहाड़ी से काफी मात्रा में मलबा और बोल्डर गिरने से लोग भयभीत हो गए हैं। पूर्व में रोकथाम के लिए बनाई गई सुरक्षा दीवार और वायरनेट से टकराकर बोल्डर, पत्थर आबादी क्षेत्र तक नहीं पहुंच पाए। तेज आवाज सुन हंस निवास और उससे लगे परिक्षेत्र में रहने वाले लोग घरों से बाहर निकल आए।

इधर देर शाम घने कोहरे के बीच एक बार फिर पहाड़ी से बोल्डर गिरने की आवाज से क्षेत्रवासी सहम गए। पहाड़ी से बोल्डर गिरकर किलबरी मार्ग तक पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज आवाज के साथ बोल्डर और पत्थर

पहाड़ी से गिरे। घना कोहरा लगने के कारण पहाड़ी के किस ओर भूस्खलन हुआ है यह पता नहीं चल पाया। इधर शाम को बारिश के दौरान मेट्रोपॉल होटल में भवन की छत टूटकर जमीन पर गिर गई। गनीमत रही कि उस दौरान वहां कोई मौजूद नहीं था।

पहाड़ों में हृदय रोगी बढ़ना चिंता का विषय : डॉ. ओपी यादव

अल्मोड़ा, एजेंसी। पहाड़ों में हृदय रोगियों की संख्या बढ़ना चिंता का विषय है। खानपान का ध्यान न रखने से लोग रक्तचाप से ग्रसित होकर दिल के रोगी बन रहे हैं, यह बात कही स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ओपी यादव ने।

रविवार को उत्तरायण फाउंडेशन की ओर से पपरसली में स्वास्थ्य शिविर लगा। नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ओपी यादव ने लोगों की ईसीजी सहित अन्य जांच की। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में शुद्ध वातावरण के बीच दिल के मरीजों की संख्या बढ़ना गहरी चिंता का विषय है। कहा कि हर पांचवां व्यक्ति रक्तचाप से जूझ रहा है जो दिल के रोग का मुख्य कारण है। ऐसे में लोगों को खानपान का विशेष ध्यान देना चाहिए। इस दौरान लोगों के आंखों की जांच भी की गई। इस मौके पर वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण यादव, फिजिशियन डॉ. नवीन चंद्र पांडे, फाउंडेशन के सचिव महिपाल पिलख्वाल आदि मौजूद रहे।

विकास की कैसी लाइन खीची, नाली ऊंची है और सड़क नीची

काशीपुर, एजेंसी। काशीपुर नगर निगम के कई मोहल्लों की सड़कों पर चलना किसी किसी चुनौती से कम नहीं है। इन्हीं सड़कों में से एक है लक्ष्मीपुर पट्टी-बंदा मार्ग। यह सड़क करीब 200-300 मीटर के हिस्से में जर्जर हुई है। सड़क के किनारे नाली भी बनी है लेकिन नाली के सड़क से ऊंची होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती है। इससे यहां जलभराव की समस्या हो रही है।

पूर्व डीजीपी को जल्द बयान के लिए बुला सकती है एसआईटी

देहरादून, एजेंसी। पूर्व डीजीपी बीएस सिद्धू के खिलाफ धोखाधड़ी के मुकदमे की जांच के लिए एसआईटी जांच अधिकारी ने टीम तैयार कर ली है। एसपी क्राइम सर्वेश पंवार ने टीम में सीओ ट्रैफिक अनुज और इंस्पेक्टर गिरीश चंद शर्मा को शामिल किया है। बताया जा रहा है कि टीम जल्द ही इस मामले में शिकायतकर्ता वन अधिकारी और आरोपी पूर्व डीजीपी बीएस सिद्धू को बयान दर्ज करने के लिए बुला सकती है।

बीएस सिद्धू पर वर्ष 2012 में आरोप लगा था कि उन्होंने वीरगिरवाली आरक्षित वन भूमि में धोखाधड़ी से जमीन खरीदी थी। इसके लिए वहां पर साल प्रजाति के 25 पेड़ों को भी कटवाया गया था। मामले में वन विभाग ने भी मुकदमा दर्ज किया था जो निचली अदालत में चल रहा है। इसके साथ ही प्राथमिक जांच के बाद वन विभाग ने 22 अक्तूबर 2022 को राजपुर थाने में बीएस सिद्धू समेत आठ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था।

पहले इस मुकदमे की जांच तत्कालीन सीओ मसूरी से करवाई गई। लेकिन, उन्होंने इसे किसी अन्य एजेंसी को सौंपने की बात कहते हुए फाइल आगे बढ़ा दी थी। हालांकि, कुछ ही दिनों में फाइल जिला पुलिस के पास वापस आ गई। पिछले सप्ताह शासन की ओर से इस मुकदमे की जांच के लिए एसआईटी गठित करने के आदेश दिए गए। इसके बाद डीआईजी लॉ एंड ऑर्डर पी रेणुका देवी की अध्यक्षता में एसआईटी बनाई गई। देहरादून के एसपी क्राइम सर्वेश पंवार को विवेचना अधिकारी

दिल्ली के कांवड़ियों ने टिहरी में दिखाई दबंगई, पूर्व प्रधान के पति को पीटा; चार गिरफ्तार

टिहरी, एजेंसी। दिल्ली निवासी चार कांवड़ियों ने ऋषिकेश-उत्तरकाशी राजमार्ग पर आगराखाल में पूर्व प्रधान चमनी देवी के पति कमल सिंह रावत से कहासुनी के बाद उसे बुरी तरह पीट दिया। कमल सिंह को पैर में गंभीर चोट आई है। नरेंद्रनगर थाना में चार कांवड़ियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पांच बजे आगरखाल भिन्नू गदेरे के पास स्थित किशोर सिंह रावत की दुकान में दिल्ली निवासी चार यात्री पहुंचे। इस दौरान कमल सिंह के साथ चारों कांवड़ियों की लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गई।मामला इतना बढ़ गया कि कांवड़ियों ने कमल सिंह से मारपीट

शुरू कर दी। जिससे कमल सिंह घायल हो गये। स्थानीय व्यक्ति से मारपीट के बाद वहां के ग्रामीणों ने चारों कांवड़ियों को घेर लिया और हंगामा शुरू हो गया। किसी तरह पुलिस ने ग्रामीणों को शांत किया। संजय निवासी मजनू का टीला पंजाबी बस्ती थाना सिविल लाइन दिल्ली, अमन कुमार पुत्र राजेश निवासी रू49 मजनू का टीला पंजाबी बस्ती थाना सिविल लाइन दिल्ली, किशन पुत्र शेरू निवासी छ्व-53 मजनू का टीला अरूणा नगर सिविल लाइन दिल्ली और सूरज पुत्र सूजन निवासी छ्व-64अरूणा नगर मजनू का टीला थाना सिविल लाइन दिल्ली के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया।

लिटरेचर फैस्टिवल में झोड़ा, चांचरी, छपेली की धूम

अल्मोड़ा, एजेंसी। ग्रीन हिल्स संस्था की ओर से मल्ला महल में आयोजित लिटरेचर फैस्टिवल में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम रही। कलाकारों ने झोड़ा, चांचरी, छपेली का गायन कर धमाल मचाया। इनकी धुन पर दर्शक भी जमकर थिरके।

फैस्टिवल के अंतिम दिन नंदा लोक कला केंद्र की ओर से प्रस्तुत झोड़ा, चांचरी, छपेली गायन से कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। इसके बाद प्रसिद्ध गायक रवि जोशी और साथी कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान भारतीय कविता एवं अंग्रेजी साहित्य व उर्दू नज्म विषय पर प्रो. श्रवण शर्मा और डॉ. रेनू उनियाल ने प्रो. सैयद अली हामिद ने परिचर्चा की।

देर रात प्रसिद्ध कुमाऊंनी गायक बीके सामंत ने अपनी गायकी से धमाल मचाया। उन्होंने थल की बाजार... सहित कई कुमाऊंनी गीत प्रस्तुत किए। देर रात तक कार्यक्रमों का दौर चलता रहा जिनका आनंद लेने दर्शकों की भीड़ जुटी रही। कार्यक्रम की संयोजक और संस्था की सचिव वसुधा पंत ने सभी का आभार जताया।

ओआरओपी को लेकर पूर्व सैनिकों ने की भूख हड़ताल

देहरादून, एजेंसी। ओआरओपी की विसंगतियों को लेकर पूर्व सैनिकों के विभिन्न संगठनों ने कचहरी परिसर स्थित शहीद स्थल पर एकत्रित होकर एक दिवसीय भूख हड़ताल की। इस दौरान नारेबाजी करते हुए कहा कि जब तक विसंगतियां दूर नहीं होंगी, तब तक आंदोलन जारी रखेंगे।

इस दौरान गौरव सेनानी एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर सिंह राणा ने कहा कि केंद्र सरकार को पूर्व सैनिकों की मांगों पर जल्द ही विचार करना होगा। सरकार को रक्षा मंत्रालय व सैन्य अधिकारियों के ओआरओपी, एमएसपी पर लिए फैसले पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। पूर्व सैनिक संघर्ष समिति देवभूमि के अध्यक्ष आलम सिंह भंडारी ने कहा, मांग पूरी न हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आगामी छह अगस्त को लाखों पूर्व सैनिक रामलीला मैदान में विशाल रैली निकालेंगे। उत्तराखंड से भी बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक इस रैली में प्रतिभाग करेंगे। गौरव सैनानियों ने कहा कि अपने हकों व सब एरिया कैंटीन की अनियमितताओं पर आवाज उठाने पर 50 से अधिक पूर्व सैनिकों के ऊपर सब एरिया की ओर से किया मुकदमा वापस नहीं लिया गया तो उत्तराखंड के पूर्व सैनिक महाआंदोलन करेंगे। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने रक्षा मंत्री व सैन्य अधिकारियों द्वारा बार-बार पेंशन बंद करने की चेतावनी की भी निंदा की। कहा कि सरकार पूर्व सैनिकों को डराना छोड़ दे। यह आंदोलन देश व्यापी हो चुका है, अब यह रुकने वाला नहीं है। पूर्व सैनिक आखिरी दम तक लड़ेंगे। इस दौरान मनवर सिंह रौथाण, गिरीश जोशी, चौधरी विक्रम सिंह, विक्रम कंडारी, बिरेंद्र सिंह कंडारी, विजय भट्ट, सत्यप्रकाश डबराल, इंद्र प्रसाद, सुशील मोहन, अनुसूइया प्रसाद, दिगपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

साहित्यकार राजेंद्र उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित

अल्मोड़ा, एजेंसी। नगर के वरिष्ठ साहित्यकार राजेंद्र सिंह बोरा उर्फ त्रिभुवन गिरी महाराज को उत्तराखंड भाषा संस्थान ने उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान (गुमानी पंत पुरस्कार) से सम्मानित किया है।

देहरादून में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। राजेंद्र को कुमाऊंनी बोली (लोक भाषा) में दीर्घ कालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन और लोक भाषा की सेवा के लिए ये पुरस्कार दिया गया। राजेंद्र की महाकाव्य गोरिल, क्या पहचान प्रिया की होगी, उपन्यास कल्याण, प्रबंधक काव्य बाजी कुड़ी पहरू, गीत संग्रह भेंट कुल आठ किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सदस्य रवि रौतेला, भाजपा नगर महामंत्री मनोज जोशी, विनीत बिष्ट, विजय

चौहान, रोहित साह आदि ने उन्हें बधाई दी है।

डीलरों को जल्द उपलब्ध कराएं राशन : डीएम

पहाड़पानी (नैनीताल), एजेंसी। डीएम वंदना ने शनिवार को घिंघरानी, पदमपुरी, धारी, धानाचूली, पहाड़पानी, हरिनगर, भीड़ापानी और ओखलकांडा में विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। साथ ही अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से हल करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने सड़क, पानी, बिजली और आपदाग्रस्त भवन निर्माण की समस्या बताई।

डीएम ने भीमताल में नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के घिंघरानी में चिलिंग प्लांट दुग्ध डेयरी का निरीक्षण कर दूध की गुणवत्ता व अन्य की जानकारी ली। अब तक बोनस भुगतान की सूची उपलब्ध के निर्देश दिए।

डीएम ने पदमपुरी में राज्य खाद्यान गोदाम का निरीक्षण कर पूर्ति

अधिकारी और पूर्ति निरीक्षक को दस दिन के अंदर राशन डीलरों को राशन उपलब्ध कराने को कहा ताकि मानसून में लोगों को समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने जिन लाभार्थियों के राशन कार्ड नहीं बन पाए हैं उन्हें चिन्हित करते हुए सूची उपलब्ध कराने को कहा। डीएम ने धारी ब्लॉक में 300 करोड़ की लागत से बन रहे निर्माणाधीन भवन की टाइलों के साथ ही दीवारों पर सीलन की समस्या को जल्द सही करने को कहा। डीएम ने ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता को भी बिजली तारों को सही करने के निर्देश दिए। धारी के न्यायालय परिसर में निर्माणाधीन आवासीय भवनों का काम दिसंबर 2023 तक पूरा करने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए। डीएम ने जीआईसी पहाड़पानी में बच्चों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। महिला समूह की महिलाओं ने डीएम को प्रशिक्षण न मिलने की समस्या बताई। ग्रामीणों ने बताया कि लोग अपने पालतू पशुओं को खुले में छोड़ रहे हैं और वह फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। डीएम ने एसडीएम और तहसीलदार को निर्देश दिए कि जो पशु स्वामी अपने पशुओं को छोड़ रहे हैं उनकी टैग से जांच कर संबंधित पशु स्वामी के खिलाफ कार्रवाई करें। साथ ही क्षेत्र में गौशाला नहीं है तो गौशाला के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। ओखलकांडा ब्लॉक प्रमुख कमलेश कैड़ा ने डीएम को बिना रीडिंग के हजारों रुपये के बिजली बिल भेजने और जमा न करने पर कनेक्शन काटने की शिकायत की।

संक्षिप्त खबरें

दिल्ली में हल्की बारिश की संभावना

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सुबह उमस भरे मौसम के बीच न्यूनतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो साल के इस समय के लिए सामान्य तापमान है। सापेक्षिक आर्द्रता सुबह आठ बजकर 30 मिनट पर 76 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आज बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। दिल्ली में सुबह नौ बजकर 10 मिनट पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 101 दर्ज किया गया। फरीदाबाद में एक्यूआई 72, गुरुग्राम में 126, नोएडा में 87 और ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई 122 दर्ज किया गया। गौरतलब है कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर गुरुग्राम सिटी सेंटर किया जाएगा : डीएमआरसी

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन पर हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर गुरुग्राम सिटी सेंटर किया जाएगा। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह स्टेशन हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्टेशन का नाम बदलकर गुरुग्राम सिटी सेंटर करने का फैसला लिया गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने ट्वीट किया, येलो लाइन पर हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर गुरुग्राम सिटी सेंटर करने का फैसला लिया गया है। इसके अनुसार, सभी आधिकारिक दस्तावेजों, संकेतक बोर्ड्स, घोषणाओं आदि में नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है और इसे धीरे-धीरे बदला जाएगा। सूत्रों ने बताया कि केंद्र तथा हरियाणा सरकार की ओर से स्टेशन का नाम बदलने का अनुरोध किया गया था।

दिल्ली के विकास के दुश्मन हैं केजरीवाल मनोज तिवारी

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने केजरीवाल पर आरोप लगाया कि वह दिल्ली के विकास के दुश्मन है, और उन्होंने दिल्ली मेरठ रैपिड रेल को दिल्ली के हिस्से का पैसा देने से मना कर यह साबित कर दिया, जो न सिर्फ शर्मनाक है बल्कि दिल्ली के मतदाताओं के साथ गद्दारी है जिन्होंने उनको मुख्यमंत्री चुना। केजरीवाल की हरकत समझ से परे है कि वह दिल्ली के लोगों को किस बात की सजा दे रहे हैं, उन्होंने कहा कि मेट्रो फेस-4 के लिए भी दिल्ली की तरफ से केजरीवाल ने पैसा नहीं दिया जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनाया, प्रगति मैदान की सुरंग को भी दिल्ली सरकार ने पैसा नहीं दिया जिसे प्रधानमंत्री के द्वारा बनाया गया और जनता को समर्पित किया गया। मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष यह हलफनामा देकर कि वह दिल्ली का हिस्से का पैसा रैपिड रेल के लिए नहीं देंगे बेशर्मी की सभी सीमाएं पार कर दी हैं और सर्वोच्च न्यायालय को यह टिप्पणी करनी पड़ी कि विज्ञापन के लिए प्रचार के लिए आपके पास पैसा है लेकिन दिल्ली के विकास के लिए नहीं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में केजरीवाल के लिए सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी बेहद लज्जा का विषय है शर्म होती तो आपको बुरा जरूर लगता अब आपको हिसाब देना पड़ेगा शायद आप गुस्से में हैं क्योंकि आपके जेल में बंद साथियों की जमानत नहीं हो पा रही लेकिन यह बीजेपी के हाथ में नहीं है, इसका फैसला न्यायालय करेगा दिल्ली वासियों से इस तरह का बदला चुकाना बंद करिए वह समय नजदीक है।

केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में वंदे भारत ट्रेनों के लिए नए मेंटेनेंस शेड के निर्माण का रास्ता किया साफ

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वंदे भारत ट्रेनों के लिए नए मेंटेनेंस शेड के निर्माण का रास्ता साफ कर दिया है। सीएम ने इसके निर्माण में बाधक बन रहे पेड़ों को हटाने और ट्रांसप्लांट करने को लेकर आए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रोजेक्ट स्थल से 78 पेड़ों को हटाने और ट्रांसप्लांट करने की अनुमति देने को लेकर रेलवे ने दिल्ली सरकार को एक प्रस्ताव दिया था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए रेलवे के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सीएम ने पर्यावरण की सुरक्षा के मद्देनजर बनी गाइडलाइन के अनुसार निर्माण एजेंसी को 78 पेड़ों को हटाने व ट्रांसप्लांट करने के बदले 780 नए पौधों लगाने की शर्त के साथ इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। दरअसल, रेलवे ने शकूरबस्ती में एक नए मेंटेनेंस ट्रेन शेड के निर्माण का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, पेड़ों के एक पैच की वजह से साइट के निर्माण कार्य में बाधा पैदा हो रही है। इसके चलते रेलवे ने अधिकारियों के माध्यम से दिल्ली सरकार के पर्यावरण और वन विभाग को एक प्रस्ताव बनाकर दिया था। इसके जरिए साइट को खाली करने के लिए 8 पेड़ों को हटाने और 70 पेड़ों के ट्रांसप्लांट करने की मंजूरी मांगी गई थी। रेलवे के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे के महत्व को देखते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय हित में पेड़ों के पैच को साफ करके काम में तेजी लाने के लिए अपनी सहमति दी है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि रेलवे को आधुनिक बुनियादी ढांचे की सख्त जरूरत है। इस मंजूरी से देश को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके अलावा हम सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आधुनिक विकास का दिल्ली पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और प्रभावित होने वाले किसी भी पेड़ की भरपाई के लिए 10 गुना पौधारोपण अनिवार्य किया गया है।

प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए सीएम ने कहा कि इस प्रस्ताव को एलजी के समक्ष रखा जाएगा। दिल्ली सरकार ने कहा है कि चिन्हित परियोजना स्थल के पास ही प्रत्यारोपण किया जाएगा। दिल्ली सरकार की ओर से साइट पर अप्रूव किए गए और चिंहित पेड़ों के अलावा रेलवे एक भी अन्य पेड़ को नुकसान नहीं पहुंचा सकती। अगर रेलवे द्वारा अप्रूव किए गए पेड़ों के अलावा किसी भी पेड़ को नुकसान पहुंचाया जाता है, तो यह दिल्ली वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1994 के तहत अपराध माना जाएगा।

दिल्ली सरकार ने रेलवे के लिए पेड़ों को हटाने और प्रत्यारोपित करने के बदले में 10 गुना पेड़ लगाना अनिवार्य किया है। ऐसे में वो पेड़ों को हटाने के बदले 780 नए पौधे लगाएंगे। इन पौधों को चिंहित स्थान पर लगाया जाएगा, जिन्हें पेड़ों को स्थानांतरित करने की अनुमति जारी होने की तारीख से 3 महीने के अंदर लगाया जाएगा। दिल्ली सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार रेलवे अगले सात वर्षों तक पेड़ों के रखरखाव की जिम्मेदारी लेगा। सरकार द्वारा अप्रूव किए गए प्रस्ताव के अनुसार पेड़ों को हटाने और प्रत्यारोपण के बदले में दिल्ली की मिट्टी व जलवायु के अनुकूल विभिन्न प्रजातियों के पौधें लगाए जाएंगे। इनमें नीम, अमलतास, पीपल, पिलखन, गूलर, बरगद, देसी कीकर और अर्जुन समेत अन्य प्रजातियों के पौधें शामिल हैं। नॉन फॉरेस्ट लैंड पर 6-8 फीट हाइट के पौधे लगाए जायेंगे। इसके अलावा जिन पेड़ों को प्रत्यारोपित किया जाना है, उनके लिए रेलवे को आवश्यक शर्तें पूरी करने के तुरंत बाद प्रक्रिया शुरू करनी होगी। यह कार्य 6 महीने के अंदर पूरा करने के लिए कहा गया है। वे सुपरविजन के लिए ट्री ऑफिसर को एक रिपोर्ट सौंपेंगे। दिल्ली सरकार ने रेलवे से परियोजना के लिए दिल्ली वृक्ष प्रत्यारोपण नीति 2020 का ईमानदारी से पालन करने और उस पर नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। रेलवे को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जो प्रत्यारोपित पौधे सर्वाइव न कर पाएं, उनके लिए 15 फीट ऊंचाई और कम से कम 6 इंच व्यास वाली स्वदेशी पौधों की प्रजातियां 1:5 के अनुपात में लगानी होगी। अगर किसी पेड़ पर पक्षियों का घोंसला पाया जाता है।

आबकारी नीति मामला : सिसोदिया की याचिका पर आज आ सकता है फैसला

- सिसोदिया ने मल्टीपल स्केलेरोसिस से पीड़ित अपनी पत्नी के बिगड़ते स्वास्थ्य सहित विभिन्न आधारों पर जमानत मांगी है
- उच्च न्यायालय ने दो जून को सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा था

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सोमवार को फैसला सुनाएगा। अदालत की वेबसाइट पर आज सुबह साझा की गई वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा दोपहर ढाई बजे सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुनाएंगे। अदालत सिसोदिया के अलावा उद्योगपति अभिषेक बोइनपल्ली, बेनॉय बाबू और विजय नायर की याचिकाओं पर भी फैसला सुनाएगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन के मामले में ये सभी सह-आरोपी हैं।

दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर 2021 को नीति लागू की थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सितंबर 2022 के अंत में इसे वापस ले लिया गया। सिसोदिया को घोटाले में कथित भूमिका के लिए सबसे पहले 26 फरवरी को सीबीआई (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) ने गिरफ्तार किया था और वह तब से हिरासत में हैं। उच्च न्यायालय सीबीआई वाले मामले में 30 मई को उन्हें जमानत देने से इनकार कर चुका है। उन्हें ईडी ने नौ मार्च को गिरफ्तार किया था और अभी वह न्यायिक हिरासत में हैं। उच्च न्यायालय ने दो जून को सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा था। सिसोदिया ने मल्टीपल स्केलेरोसिस से पीड़ित अपनी पत्नी के बिगड़ते स्वास्थ्य सहित विभिन्न आधारों पर जमानत मांगी है। ईडी ने सिसोदिया सहित अन्य आरोपियों की जमानत याचिका का विरोध किया है।

अस्पतालों की स्थिति पर टिप्पणी: सुप्रीम कोर्ट ने सोमनाथ भारती के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाई

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश में अस्पतालों और स्कूलों की स्थिति पर कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता सोमनाथ भारती के खिलाफ सुल्तानपुर अदालत में लंबित कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। भारती ने उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में लंबित मामले को यहां राउज एवेन्यू अदालत में स्थानांतरित करने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। न्यायमूर्ति एस.के. कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने अपने 10 अप्रैल के अंतरिम आदेश को पूर्ण बनाते हुए भारती को याचिका की प्रति उत्तर प्रदेश सरकार को देने का निर्देश दिया।

भारती की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे ने पीठ को बताया कि नोटिस जारी करने के बावजूद उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कोई भी पेश नहीं हुआ है। शीर्ष अदालत ने 10 अप्रैल को उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया था और मामले को स्थानांतरित करने की मांग करने वाली भारती की याचिका पर कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी थी। भारती के खिलाफ उनकी टिप्पणी को लेकर रायबरेली और अमेठी में दो मामले दर्ज किए गए थे।

आप नेता ने आरोप लगाया कि दोनों मामले राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से दर्ज किये गये हैं। भारती ने 10 जनवरी, 2021 को अपनी यात्रा के दौरान अमेठी जिले में मीडिया से बात करते हुए कथित अपमानजनक टिप्पणी की थी। स्थानीय निवासी सोमनाथ साहू द्वारा उनके खिलाफ दी गई शिकायत के बाद अमेठी के जगदीशपुर पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

स्कूलों में लौटी रौनक, बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत

नई दिल्ली। गर्मी की छुट्टियों के बाद राजधानी में निजी स्कूल सोमवार से खुल गए, जिससे विद्यालयों में रौनक फिर से लौट आई। पहले दिन कई स्कूलों में तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया गया। वहीं, गुरु पूर्णिमा का पर्व भी धूमधाम से मनाया गया। रोहिणी स्थित माउंट आबू पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य ज्योति अरोड़ा ने बताया कि सामान्य दिनों की अपेक्षा सोमवार को गर्मी अधिक थी, लेकिन बच्चों के उत्साह में कमी नहीं थी। बच्चे पूरी ऊर्जा के साथ स्कूल आए थे। इस दौरान बच्चों ने गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया। वहीं, मयूर विहार फेस-3 में विद्या बाल भवन स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ.सतवीर शर्मा ने बताया कि छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजय चौधरी हुए सम्मानित

नई दिल्ली। आई-7 के डायरेक्टर एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ संजय चौधरी को आज एफ एम के एक कार्यक्रम में सम्मानित किया। यह सम्मान उनको नेत्र रोग के सफल इलाज व सेकड़ों सफल सजरी के लिये दिया है। इस अवसर पर डॉ. संजय चौधरी ने कहा कि आई 7 गुप्र का मुख्य उद्देश्य गरीबों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करना है। उन्होंने कहा कि अधन्ता को दूर करने के समय समय पर वे जागरुक अभियान चलाते हैं। उन्होंने कहा कि आज नई नई जानकारी व तकनीकी आ गयी जिससे लोगों का सफल इलाज संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि चश्मा उतारने की नई नई तकनीक आ गई है। डॉ. संजय चौधरी ने कहा आई 7 गुप्र में नई से नई तकनीकों से सफल इलाज किया जाता है।

गैंगस्टर चीता गैंग के तीन गुर्गे हथियारों के साथ दबोचे

नई दिल्ली। अमन विहार पुलिस ने जेल में बंद पंकज चीता गैंग के तीन खूंखार गुर्गो को किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने से पहले ही दबोच लिया है। आरोपियों की पहचान अमन डबास उर्फ सुखा, तरुण डबास उर्फ माफिया और नवीन उर्फ चाचू के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से दो पिस्टल, तीन कारतूस, चाकू और वारदात में इस्तेमाल होंडा सिटी कार बरामद की है। पुलिस उनके बाकी नेटवर्क के बारे में पता करके उनको भी पकडे की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में ऑपरेशन पराक्रम के तहत, स्नैचिंग, ऑटो लिफ्टिंग और अन्य जघन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस टीमें सरप्राईज चैकिंग और बेरिकेडस लगाकर बदमाशों को पकडे की कोशिश कर रही है। जिन जगहों पर वारदातें हुई है। वहां के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान कर धड़पकड़ की कोशिश की जा रही है। बीते रविवार शाम चार बजे पुलिस को तीनों आरोपियों के इलाके में आकर किसी वारदात को अंजाम देने की पुख्ता जानकारी मिली थी। एसआई अनिल, एसआई अरविंद, एएसआई जसविंदर जून, हेड कांस्टेबल नरेंद्र और कांस्टेबल विकास को आरोपियों को पकडे का जिम्मा सौंपा गया था। पुलिस टीम ने रामा विहार मैदान के पास घेराबंदी करके तीनों आरोपियों को उनकी हरकत करने से पहले दबोच लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि तीनों चीता गिरोह के लिए काम करते हैं और अपने हैंडलर से निर्देश मिलने पर अपराध करते हैं। आरोपी अमन डबास उर्फ सुक्खा अपने साथ अत्याधुनिक हथियार रखता है। 2020 में गुगुराम पुलिस ने उसे 307 आईपीसी के एक मामले में गिरफ्तार किया था और बाद में शिमला पुलिस (हिमाचल प्रदेश पुलिस) ने एनडीपीएस अधिनियम के एक मामले में गिरफ्तार किया था। जेल से रिहा होने के बाद, उसने फिर से अपराध करना शुरू कर दिया और उसे अवैध हथियार रखने के आरोप में निहाल विहार पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

कोर्ट ने अमानतुल्ला खान की याचिका पर दिल्ली पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान की उन्हें खराब चाल-चलन वाला व्यक्ति घोषित करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने खान की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस भेजा है। याचिका में खान ने पुलिस के फैसले के खिलाफ उनकी याचिका खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। खान की ओर से पेश वकील ने इसे याचिकाकर्ता को आदतन अपराधी बताने और उन पर खराब चाल-चलन का ठप्पा लगाने की गैरकानूनी कार्रवाई बताया। उच्च न्यायालय ने खान को खराब चाल-चलन वाला व्यक्ति घोषित करने के पुलिस के फैसले के खिलाफ उनकी एक याचिका 19 जनवरी को खारिज कर दी थी। बहरहाल, उच्च न्यायालय ने उन्हें इस तमगे को हटाने के लिए संबंधित प्राधिकारियों के समक्ष प्रतिवेदन देने की छूट दी थी।

दिल्ली पुलिस ने ओखला से आप विधायक खान को पिछले साल खराब चाल-चलन वाला व्यक्ति घोषित किया था। पुलिस के अनुसार, किसी व्यक्ति का चाल-चलन खराब होना तब कहा जाता है जब वह हत्या तथा हत्या के प्रयास समेत कई आपराधिक मामलों में संलिप्त होता है और इलाके में शांति भंग कर सकता है। खान के वकील ने उच्च न्यायालय में दलील दी थी कि अधिकारियों ने पूरी तरह से दुर्भावनापूर्ण तरीके से काम किया और दावा किया कि प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक पार्टी के एक प्रवक्ता ने उनकी छवि को खराब करने के लिए सोशल मीडिया पर हिस्ट्री शीट की प्रति साझा की जो गोपनीय दस्तावेज होता है। दिल्ली पुलिस ने दलील दी थी कि निर्णय लेने के लिए सक्षम अधिकारियों ने उचित प्रक्रिया का पालन किया था। उन्होंने दलील दी कि दुर्भावना का आरोप साबित करने के लिए अदालत के समक्ष पर्याप्त सामग्री नहीं रखी गई थी। खान को खराब चरित्र का शख्स घोषित करने का प्रस्ताव दक्षिणपूर्व जिले के जामिया नगर थाने ने पिछले साल 28 मार्च को भेजा था, जिसे 30 मार्च, 2022 को मंजूरी मिल गई थी। दस्तावेज के अनुसार, खान के खिलाफ 18 प्राथमिकी दर्ज हैं।

टैक्स का पाई पाई लोगों के विकास पर खर्च होगा : केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अब आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनने के बाद लोग खुद ही आगे बढ़कर टैक्स देने लगे हैं क्योंकि उन्हें भरोसा है कि उनका दिया पाई पाई लोगों के विकास पर खर्च होगा। श्री केजरीवाल ने ट्वीट कर आज कहा पहले भाजपा के वक़्त लोग टैक्स नहीं देते थे। उन्हें लगता था कि उनका दिया हुआ टैक्स चोरी हो जाएगा। अब आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद लोग खुद ही आगे बढ़कर टैक्स देने लगे हैं। उन्हें भरोसा है कि अब ईमानदार सरकार है और उनका दिया पाई पाई लोगों के विकास पर खर्च होगा।

दिल्ली नगर निगम की महापौर शैली ओबरॉय ने कहा श्री केजरीवाल के विजन से लोगों का निगम में विश्वास बढ़ा है, जो आंकड़ों में दिख रहा है। पहले कर नेताओं के कोठी बंगले गाड़ी बनाने में बह जाता था। अब निगम में ईमानदार सरकार है। पार्क, नालियां, सड़कें बनाएंगे, शिक्षा स्वास्थ्य सेवाएं ठीक करेंगे और कर्मचारियों की समस्याएं खत्म करेंगे। महापौर ने कहा कि इस साल अप्रैल से जून की पहली तिमाही में प्रोपर्टी टैक्स कलेक्शन 1113 करोड़ रुपये रहा जबकि 2022-23 (पहली तिमाही) में 695 करोड़ रुपये था। 2021-22 (पहली तिमाही) में 540 करोड़ था।

न्यायालय ने दिल्ली सरकार से विज्ञापनों पर खर्च राशि का मांगा ब्योरा

- यह धनराशि आरआरटीएस खंड के निर्माण के लिए दी जानी है, जो राष्ट्रीय राजधानी को राजस्थान और हरियाणा से जोड़ेगा।
- विज्ञापन के लिए सारी धनराशि इस परियोजना के लिए खर्च की जाएगी।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उच्चतम न्यायालय ने रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना के निर्माण के लिए धन देने में असमर्थता जताने को लेकर दिल्ली सरकार को सोमवार को फटकार लगाई और उसे पिछले तीन वित्तीय वर्षों में विज्ञापनों पर खर्च किए गए धन का ब्योरा देने का निर्देश दिया। यह धनराशि आरआरटीएस खंड के निर्माण के लिए दी जानी है, जो राष्ट्रीय राजधानी को राजस्थान और हरियाणा से जोड़ेगा।

न्यायमूर्ति एस.के. कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने आप सरकार को दो सप्ताह के भीतर विज्ञापन पर खर्च का ब्योरा देते हुए एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। दिल्ली सरकार के वकील ने पीठ को बताया कि धन की कमी है और वित्तीय मदद करने में असमर्थता व्यक्त की थी। अदालत ने कहा, आप चाहते हैं कि हम जानें कि आपने कौन सी राशि कहां खर्च की? विज्ञापन के लिए सारी धनराशि इस परियोजना के लिए खर्च की जाएगी। आप इस तरह का आदेश चाहते हैं? क्या आप ऐसा चाहते हैं।

पीठ ने कहा, दिल्ली सरकार ने कॉमन प्रोजेक्ट के लिए कोष देने में असमर्थता जताई है। चूंकि इस परियोजना में धन की कमी एक बाधा है। इसलिए हम दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार से एक हलफनामा दाखिल करने को कहते हैं, जिसमें विज्ञापन के लिए खर्च किए गए धन का ब्योरा दिया जाए क्योंकि यह परियोजना राष्ट्रीय महत्व की है। इसमें पिछले वित्तीय वर्षों का ब्योरा दिया जाए।

मंगोलपुरी में बाइक पार्क करने को लेकर युवक से मारपीट, बचाने गए माता-पिता को भी पीटा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

मंगोलपुरी इलाके में रविवार रात बाइक पार्क करने को लेकर युवक से मारपीट की गई। जब उसके माता-पिता ने उसे बचाने की कोशिश की तो उन्हें भी पीटा गया। झगड़े में कपिल, उनकी मां शकुंतला और पिता नरेश को चोटें आई है। उनका संजय गांधी अस्पताल में इलाज चल रहा है। दो आरोपित गिरफ्तारमंगोलपुरी थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की पहचान दिलेर सिंह व शेर सिंह के रूप में हुई है। जांच के दौरान पता लगा कि रविवार रात को रोहिणी में रह रहा कपिल अपने माता पिता से मिलने मंगोलपुरी आया था। इस दौरान बाइक पार्क करने को लेकर झगड़ा शुरू हुआ। झगड़े में तीन लोग चोटिल

बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार रात उन्हें मंगोलपुरी इलाके में झगड़े की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंचे तो पता चला कि झगड़े में कपिल, शकुंतला और नरेश चोटिल हुए हैं। उन्हें संजय गांधी अस्पताल में भर्ती करवा दिया। पुलिस को दिए बयान में कपिल ने बताया कि दिलेर सिंह और उसके तीनों बेटों शेर सिंह, अरमान और सिब्बों ने उस पर लाठी डंडों से हमला किया। जब उसके पिता व मां ने उसे बचाने की कोशिश की तो उन्हें भी पीटा गया। 2018 से दोनों में थी दुश्मनी उन्होंने बताया कि दोनों परिवारों के बीच 2018 से दुश्मनी है। इसको लेकर पहले भी कई प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर दो आरोपितों दिलेर सिंह और उनके बेटे शेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

एम्स में रेडियोधर्मी रिसाव की अफवाह से अफरातफरी

नई दिल्ली। एम्स में रेडियोधर्मी रिसाव की अफवाह से सोमवार को अफरातफरी मच गई। सुबह करीब 11 बजे सूचना मिली कि अस्पताल में रेडियोधर्मी का रिसाव हो गया है, इसकी वजह से कैंसर विभाग के रेडिएशन थेरेपी के लिए आए मरीजों को परेशानी हुई। इस सूचना के बाद आनन-फानन में एम्स प्रशासन ने ने इसकी जांच शुरू कर दी। बाद में पता चला कि ओपीडी परिसर में अचानक बिजली गुल होने के बाद समस्या पैदा हुई है। बिजली जाने से पूरे ओपीडी परिसर में अंधेरा छा गया। इस दौरान चल रही ओपीडी के कार्ड बनने बंद हो गए। उधर, कुछ लोग बिजली जाने के बाद चिल्लाने भी लगे। मरीजों की शिकायत थी कि सुबह से लोग लाइन में खड़े हैं, लेकिन बिजली न होने के कारण ओपीडी कार्ड नहीं बन रहा है। सुबह के वक्त ओपीडी में हर दिन करीब दस हजार मरीज मौजूद रहते हैं। बिजली कटने का समय बढ़ने के साथ तीमारदारों का गुस्सा भी बढ़ने लगा। इस दौरान लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसी दौरान यह अफवाह उड़ा दी गई कि कैंसर विभाग में रेडिएशन होने से बिजली काटी गई है। एम्स की मुख्य प्रवक्ता डॉ. रीमा दादा ने बताया कि एम्स में रेडियोधर्मी रिसाव के बारे में कुछ लोगों से सवाल किए। इन सवालों की जांच करने पर एम्स के रेडियोएक्टिव सेफ्टी ऑफिसर डॉ. अनिल कुमार पांडे ने पुष्टि की है कि एम्स में ऐसी कोई घटना नहीं हुई। हालांकि, पता चला कि ओपीडी में एनडीएमसी की तरफ से बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है। इसे कुछ देर बाद ठीक कर लिया गया। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद बिजली की समस्या को दूर कर सभी मरीजों का प्रबंधन कर लिया गया। बिजली की आपूर्ति बंद होने से अस्पताल में रोगी सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा।

विज्ञान भवन में गर्ल्स चाइल्ड एंथम का आयोजन, शिक्षाविद डॉ. वेद टंडन सम्मानित

नई दिल्ली। देश और समाज के विशेष योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित करने के लिए दिल्ली के विज्ञान भवन में आर्यन मेडिकल सेंटर व मेडस्केप इंडिया चेयरपर्सन एएमईटी और प्रबंध निर्देशिका व संस्थापक डॉ. सुनीता दुबे ने गर्ल्स चाइल्ड एंथम का आयोजन किया। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों के साथ सीपीआर प्रशिक्षण और शिक्षा विजुअल स्क्रीनिंग के बाद गर्ल चाइल्ड एंथम का लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में कमल और वंदना ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एंड स्कूल्स के अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन को गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद पी सावंत, सिक्किम के गवर्नर लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, स्मृति चिन्ह व शॉल पहनाकर सम्मानित किया। बता दें कि डॉ. वेद टंडन एक शिक्षाविद, सुधारक और सामाजिक के रूप में कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने देश भर में कई स्कूलों और संस्थानों की स्थापना की है। वहीं आयोजित फिट इंडिया कार्यक्रम में देशभर से आए 25 डॉक्टरों व गणमान्य व्यक्तियों को सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य व गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद पी सामंत ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। इस अवसर पर सम्मान पाने वालों में डॉ नागेंद्र सोलंकी व डॉ. वेद टंडन भी शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की रिकॉर्डिंग स्पीच भी सुनाई गई।

यौन उत्पीड़न-रोधी कानून का दायरा एक ही विभाग-कार्यालय में हुए मामले तक सीमित नहीं : अदालत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम और निवारण) अधिनियम, 2013 (एसएचडब्ल्यू अधिनियम) के दायरे को बिल्कुल भी सीमित नहीं किया जा सकता।

अदालत ने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि एक महिला कर्मचारी का उसके ही कार्यालय या विभाग में काम करने वाले किसी अन्य कर्मचारी द्वारा यौन उत्पीड़न किया जाता है, तब ही यह एसएचडब्ल्यू अधिनियम के दायरे में आएगा, बल्कि यह उन मामलों में भी लागू होगा, जहां आरोपी कर्मचारी किसी अन्य स्थान पर कार्यरत है।

अदालत ने कहा कि कामकाजी माहौल महिलाओं के लिए भी उतना ही सुरक्षित होना जरूरी है, जितना कि पुरुषों के लिए। इसने कहा, किसी महिला द्वारा कार्यस्थल पर उसकी सुरक्षा से समझौता किये जाने की या उसे खतरा होने की आशंका जताना भी हमारे संवैधानिक लोकाचार की दृष्टि से अपमानजनक है। न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) द्वारा पारित उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) के अधिकार क्षेत्र को चुनौती देने वाली एक आईआरएस अधिकारी की याचिका को खारिज कर दिया गया था। आईसीसी ने अधिकारी को नोटिस जारी कर उन्हें पेश होने के लिए कहा था। एक महिला अधिकारी ने उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत की है। पीठ ने कहा, एसएचडब्ल्यू अधिनियम में ऐसा कुछ भी नहीं है जो इसके दायरे को केवल उन मामलों तक सीमित करता है जहां एक महिला कर्मचारी का उसके ही कार

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, मंगलवार, 04 जुलाई, 2023

संक्षिप्त खबरें

नांगलोई में ट्रक की चपेट में आने से बच्चे की मौत

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के नांगलोई इलाके में सोमवार को ट्रक की चपेट में आने से एक बच्चेक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बच्चै की आयु लगभग 12 से 13 वर्ष के बीच थी। मिली जानकारी के अनुसार यादव पार्क इलाके का रहने वाला मनीराम, नांगलोई के सरकारी स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र था। पुलिस के मुताबिक सोमवार दोपहर 12:27 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की सूचना मिली। पुलिस की टीम को मौके के लिए रवाना किया गया। मौके पर जाकर पता लगा कि ट्रक ने एक लड़के को टक्कर मार दी है, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) हरेंद्र सिंह ने कहा, शव को एसजीएम अस्पताल मंगोलपुरी भेज दिया गया और निरीक्षण के लिए क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने कहा कि उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार-1 मेट्रो स्टेशन के पास से अज्ञात शव बरामद

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार-1 मेट्रो स्टेशन के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, रविवार को मयूर विहार-1 मेट्रो स्टेशन के पास अमीचंद चौक पर एक शव के बारे में मयूर विहार पुलिस स्टेशन में कंट्रोल रूम को एक कॉल प्राप्त हुई। सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि क्राइम और एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की पहचान के बारे में राहगीरों से पूछताछ की गई। लेकिन, कोई भी उसे नहीं जानता था। इसके बाद मृतक के शव को एलबीएस अस्पताल भेजा गया और शवगृह में सुरक्षित रख दिया गया। अधिकारी ने आगे कहा कि हमने एक अज्ञात शव की जानकारी ज़िपनेट पर अपलोड कर दी है और शहर में संदेश भी फ्लैश कर दिए गए हैं। मृतक की पहचान के लिए कई प्रयास किए गए हैं। लेकिन, अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। हमने सीआरपीसी की धारा 174 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

एमसीडी में पहली बार 1113 करोड़ का हाउस टैक्स कलेक्शन, आप की सत्ता में 400 करोड़ की रिकॉर्ड तोड़ बढोतरी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि आप की सरकार आने के बाद मात्र तीन महीनों में एमसीडी में पहली बार 1113 करोड़ के हाउस टैक्स कलेक्शन के साथ 400 करोड़ की रिकॉर्ड तोड़ बढोतरी हुई है। जबकि भाजपा के शासन काल में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 539 करोड़ और केवल 100 करोड़ की बढ़ोतरी के साथ वर्ष 2022-23 में 695 करोड़ का हाउस टैक्स कलेक्शन था। उन्होंने कहा कि मात्र तीन महीनों में दिल्लीवालों ने साबित कर दिया है कि अरविंद केजरीवाल पर उनका भरोसा अब भी कायम है। इसके लिए मैं दिल्लीवालों का दिल से शुक्रगुजार हूं। मुझे विश्वास है कि अगले 3-4 सालों में एमसीडी को दिल्ली सरकार की तरह बजट के लिए किसी पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा और एमसीडी भी प्रॉफिट में काम करेगी।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता, राजेंद्र नगर से विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जब एक ईमानदार सरकार सत्ता में आती है तो जनता भी बढ़-चढ़कर सरकार के कामों का हिस्सा बनती है। आमतौर पर टैक्स जमा करने के नाम पर जनता बहुत ज्यादा उत्सुक नहीं नजर आती है। उन्हें लगता है कि हम जितना भी टैक्स जमा कर रहे हैं, वह सारा पैसा नेता लोग मिलकर खा जाएंगे। लेकिन जनता ने एमसीडी में एक ऐसा कमाल किया है, जो शायद दिल्ली में पहले कभी नहीं हुआ और इसके लिए उनका दिल से धन्यवाद करता हूं।

एमसीडी में 15 सालों तक भाजपा का शासन रहा। इस दौरान भ्रष्टाचार का यह आलम रहा कि पूरी दिल्ली में जो पेड़ों की छटाई होती है, उस छटाई में मुश्किल से 20-25 मशीनों की जरूरत पड़ती है लेकिन उन मशीनों को खरीदने तक के पैसे एमसीडी के पास नहीं होते थे। कर्मचारियों को कई-कई महीनों तक तनख्वाह नहीं मिलती थी। अस्पतालों में दवाइयां नहीं होती थीं, ईलाज नहीं होता था। भाजपा के शासन काल में हर तरफ भ्रष्टाचार था।

हाउस टैक्स के आंकड़े साझा करते हुए दुर्गेश पाठक ने कहा कि एमसीडी में आम आदमी पार्टी की सरकार बने अभी 6 महीने भी नहीं हुए हैं और अच्छे रुझान आने लगे हैं। दिल्ली में पहली बार हाउस टैक्स में रिकॉर्ड तोड़ बढ़ोतरी हुई है। मैं तीन वित्तीय वर्षों के आंकड़े बताता हूं, जिसमें अप्रैल से लेकर जून तक तीन महीने के आंकड़े शामिल हैं। 2021-22 में 539 करोड़ और 2022-23 में 695 करोड़ का हाउस टैक्स कलेक्शन था। यानी एक साल में केवल 100 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। वहीं, एमसीडी में आम आदमी पार्टी की सरकार आने के बाद अप्रैल में मेयर की नियुक्ति के बाद से मात्र तीन महीनों में सबसे ज्यादा यानी कि 1113 करोड़ का हाउस टैक्स कलेक्शन रहा है। भाजपा के शासन काल की तुलना में लगभग 400 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। एमसीडी के आजतक के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है।

दिल्ली की जनता जानती है कि अब एमसीडी की सत्ता एक ईमानदार सरकार के हाथों में है। सारा पैसा भ्रष्टाचार की भेंट ना चढ़कर सही जगह इस्तेमाल किया जाएगा। पूरी दिल्ली को पता है कि उनका बेटा अरविंद केजरीवाल जबरदस्त तरीके से काम कर रहा है। 2025 में जब दिल्ली में पहली बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी, उस वक्त मात्र 25,000 करोड़ का बजट था और आज 75,000 करोड़ का बजट है। मात्र तीन महीनों में दिल्ली की जनता ने यह साबित कर दिया है कि अरविंद केजरीवाल पर उनका भरोसा अब भी कायम है। मैं सभी दिल्लीवालों का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने इस कट्टर ईमानदार पार्टी पर भरोसा बनाए रखा। इससे दिखता है कि एमसीडी में आम आदमी पार्टी के शुरूआती काम भी शानदार तरीके से चल रहे हैं।

मैं एमसीडी मेयर शैली ऑबरोय, डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल और नेता सदन मुकेश गोयल जी का भी धन्यवाद करता हूं कि वह लगातार पूरी टीम के संपर्क में रहते हैं। साथ ही एमसीडी कमिश्नर ज्ञानेश भारती जी को भी धन्यवाद कहूंगा। मुझे विश्वास है कि अगले 3-4 सालों में एमसीडी को भी बजट के लिए किसी पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। एमसीडी भी प्रॉफिट में काम करने लगेगी।

अदालत ने 2000 रुपये के नोट वापस लेने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की खारिज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दो हजार रुपये के नोट को चलन से वापस लेने के फैसले को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायाधीश सुब्रमण्यम प्रसाद ने याचिका खारिज कर दी।इससे पहले, याचिका पर 30 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। याचिकाकर्ता रजनीश भास्कर गुप्ता ने दलील दी थी कि आरबीआई के पास दो हजार रुपये के नोट को चलन से वापस लेने की कोई शक्ति नहीं है और इस संदर्भ में केवल केंद्र सरकार ही फैसला कर सकती है। उन्होंने अपनी याचिका में कहा था कि आरबीआई के पास किसी भी मूल्य के बैंक नोट को बंद करने का निर्देश देने की कोई स्वतंत्र शक्ति नहीं है। यह शक्ति केवल वर्ष 1934 के आरबीआई अधिनियम की धारा 24 (2) के तहत केंद्र सरकार के पास निहित है। याचिका का आरबीआई ने यह कहते हुए विरोध किया था कि दो हजार रुपये के नोट को चलन से वापस लेना मुद्रा प्रबंधन अभियान का हिस्सा है और यह आर्थिक योजना से जुड़ा मामला है।

आरबीआई ने 19 मई को दो हजार रुपये के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी और कहा था कि मौजूदा नोट को 30 सितंबर तक बैंक खातों में जमा किया जा सकता है या बदला जा सकता है। इससे पहले, उच्च न्यायालय ने वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका को खारिज कर दिया था। याचिका में दावा किया गया था कि बिना किसी साक्ष्य के 2,000 रुपये के बैंक नोट को बदलने की सुविधा देने वाली वाली आरबीआई और एसबीआई की अधिसूचनाएं मनमानी और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए बनाये गये कानून के खिलाफ है। इस बारे में उच्च न्यायालय ने कहा था कि नागरिकों को होने वाली असुविधा से बचाने के लिए ऐसा किया गया है। अदालत ने यह भी कहा कि वह किसी नीतिगत निर्णय पर अपीलीय प्राधिकरण के रूप में कार्य नहीं कर सकती।

साढे 13 हजार पीजी सीटों पर दो अलग-अलग मेरिट के जरिए होंगे दाखिले

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के अंतर्गत पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों की करीब 13 हजार 500 सीट हैं। विश्वविद्यालय के मुताबिक कुल 77 पाठ्यक्रमों के लिए उपलब्ध इन सीटों पर दाखिला दो अलग-अलग मेरिट लिस्ट के जरिए होगा। पहली मेरिट लिस्ट सभी विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए होगी। यह मेरिट सीयूईटी स्कोर के आधार पर तैयार होगी।

वहीं दूसरी मेरिट लिस्ट के जरिए केवल दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों का चयन किया जाएगा।यह प्रत्येक कोर्स के लिए अलग-अलग होगी।

दरअसल इस वर्ष देशभर में पोस्ट ग्रेजुएशन दाखिले भी कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट यानी (सीयूईटी-पीजी) के माध्यम से किए जा रहे हैं। अधिकांश केंद्रीय विश्वविद्यालयों समेत कई अन्य विश्वविद्यालय पीजी एडमिशन के लिए सीयूईटी-पीजी अपना चुके हैं। ऐसे में दिल्ली विश्वविद्यालय पहले ही यह ऐलान कर चुका है कि इस वर्ष उसके पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में सीयूईटी स्कोर के आधार पर दाखिले होने हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय में 58 विभाग हैं जहां पोस्ट ग्रेजुएशन के 77 प्रोग्रामों में यह 13500 सीटें उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय के मुताबिक इनमें एनसीवेब की सीटें भी शामिल हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों में पंजीकरण व प्रवेश प्रक्रिया जुलाई के दूसरे सप्ताह में शुरू हो सकती है। यूजीसी ने बताया कि सीयूईटी-पीजी ने देश भर के केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू) व अन्य प्रतिभागी संगठनों (राज्य विश्वविद्यालयों, डीम्ड और निजी विश्वविद्यालयों सहित) में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्रों को एकल खिड़की का अवसर प्रदान किया है। वहीं इस बीच दिल्ली विश्वविद्यालय ने भी यह नियम बनाया था कि के पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों में दाखिला चाहने वाले सभी छात्रों को सीयूईटी (पीजी) की परीक्षा देनी होगी। दिल्ली विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए अपने पोस्ट ग्रेजुएशन कार्यक्रमों के लिए प्रवेश नीतियों की घोषणा भी की थी। डीयू के मुताबिक नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जाने वाली सीयूईटी (पीजी) 2023 में उपस्थित हुए उम्मीदवार ही पीजी कार्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय का कहना है कि विभिन्न विभागों के अलावा उसके सभी कॉलेजों में भी केवल सीयूईटी (पीजी) - 2023 में प्राप्त अंक शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में प्रवेश के लिए मान्य होंगे।

चाबी बनाने आए दो बदमाश गहने चुराकर भागे

नई दिल्ली। मैदानगढ़ी इलाके में एक महिला ने घर की अलमारी के लिए डुप्लीकेट चाबी बनाने वाले को बुलाया। चाबी बनाने आए दो बदमाश अलमारी के लॉकर से गहने चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों आरोपी गोगा सिंह और शेर सिंह को राजपुर खुर्द एक्सटेंशन से गिरफ्तार कर लिया। दोनों मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं और चाबी बनाने के बहाने सेंधमारी करते हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक जुलाई को महिला ने शिकायत में बताया था कि दो लोग उनके घर पर अलमारी की डुप्लीकेट चाबी बनाने आए थे।

जामिया में ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया में नौशेरा के शेर कहे जाने वाले ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान, एमवीसी (पी) को पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर जामिया की कुलपति प्रो. नजमा अख्तर, एनसीसी कैडेट और अधिकारी मौजूद रहे। ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान के अधीन पैरा ब्रिगेड ने पाकिस्तानी जनजातीय बल के खिलाफ नौशेरा शहर की रक्षा की थी। इसके बाद झंगर शहर पर कब्जा कर लिया था। ब्रिगेडियर उस्मान तीन जुलाई 1948 को नौशेरा में शहीद हो गए थे।

दिल्ली में डेंगू के 122 और मलेरिया के 38 मामले आए

नई दिल्ली। राजधानी में डेंगू के 122 और मलेरिया के 38 मामले सामने आए हैं। दिल्ली नगर निगम ने इस संबंध में सोमवार को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की रिपोर्ट जारी की है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह मामले एक जुलाई 2023 तक हैं। डेंगू के मामले बीते साल से कम हैं। एक जुलाई 2022 तक डेंगू के 143 केस आए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक जुलाई 2019 को डेंगू के 26, वर्ष 2020 में 20 और वर्ष 2021 में 36 मामले सामने आए थे।

पार्किंग को लेकर मंगोलपुरी में चले लाठी-डंडे, भाजपा नेता की पिटाई

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया। इसमें चार लोगों ने एक स्थानीय भाजपा नेता, उनकी पत्नी और बेटे की लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस ने बताया कि स्थानीय भाजपा नेता नरेश (60), उनकी पत्नी शकुंतला (55) और उनके बेटे कपिल (37) का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर है। पूरे मामले में पुलिस अधिकारी ने कहा कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि, अन्य को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, रविवार रात करीब 10:54 बजे मंगोलपुरी पुलिस स्टेशन में झगड़े के संबंध में एक कॉल आई थी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौके पर भाजपा नेता नरेश, उनकी पत्नी शकुंतला और उनका बेटा कपिल घायल अवस्थाप में मिले। तीनों को इलाज के लिए एसजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

एसजीएम अस्पताल में कपिल का बयान दर्ज किया गया, जिसमें उन्होंने कहा कि दिलेर सिंह और उसके तीन बेटों शेर सिंह, अरमान और सिब्बो ने उस पर लाठी-डंडों से हमला किया। जब उसके माता-पिता ने उसे बचाने की कोशिश की तो उन्हें भी पीटा गया। पीड़ित कपिल ने पुलिस को यह भी बताया कि परिवारों के बीच 2018 से पुरानी दुश्मनी है। कपिल द्वारा दिए गए बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) हरेंद्र सिंह ने कहा, दिलेर सिंह और उनके बेटे शेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है और जांच जारी है। डीसीपी ने कहा, कपिल रोहिणी से अपने माता-पिता से मिलने मंगोलपुरी आया था। बाइक पार्क करने को लेकर पड़ोसियों से विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने कपिल पर हमला बोल दिया।

दिल्ली के लिए एयर इंडिया की उड़ान रद्द होने के बाद वैंकूवर हवाई अड्डे पर कई छात्र फंसे

- छात्रों ने दावा किया कि उन्होंने अपने टिकटों के पैसे वापस करने के लिए एक ईमेल भेजा था लेकिन एयर इंडिया से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

एयर इंडिया की 2 जुलाई को कनाडा के वैंकूवर से दिल्ली आने वाली उड़ान एआई 186 रद्द होने के बाद लगभग 20-25 छात्र वहां फंस गए हैं।

ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय (यूबीसी) के छात्रों ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि उड़ान शुरू में 2 जुलाई को सुबह लगभग 10.15 बजे वैंकूवर हवाई अड्डे से प्रस्थान करने वाली थी, लेकिन इसे दो बार रिशिड्यूल किया गया और अंततः रद्द कर दिया गया। छात्रों में से एक ने अपना नाम गुप्तर रखने की शर्त पर कहा, 1 जुलाई को लगभग 9 बजे हमें एयर इंडिया से एक ईमेल मिला जिसमें हमें पांच घंटे की देरी की सूचना दी गई थी, और नया प्रस्थान समय 2.45 बजे निर्धारित किया गया था। हालांकि, जब हम हवाई अड्डे पर पहुंचे तो हमें पता चला कि उड़ान में एक घंटे की अतिरिक्त देरी हो गई है।

उन्होंने आगे कहा, हम अपराह्न 3:45 बजे के नए प्रस्थान समय पर बंद बोर्डिंग गेट पर इंतजार कर रहे थे। एक साथी यात्री ने हमें लगभग 3.40 बजे सूचित किया कि उड़ान रद्द कर दी गई है, और कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। छात्र, अन्य यात्रियों के साथ, बाद में एयर इंडिया के ग्राउंड स्टाफ के पास पहुंचा। एक छात्रा ने बताया, उन्होंने (ग्राउंड स्टाफ) हमें एक ईमेल आईडी दिया और हमारा जो खर्च हुआ है उसकी प्रतिपूर्ति के लिए रसीदें हवाई अड्डे पर भेजने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा, ग्राउंड स्टाफ ने हमें यह भी आश्वासन दिया कि एयर इंडिया हमारे टिकट की लागत और अन्य खर्च वापस कर देगी। हालांकि, जब हमने लिखित पुष्टि का अनुरोध किया, तो स्टाफ ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि वे केवल मौखिक आश्वासन दे सकते हैं क्योंकि कोई गारंटी नहीं है। छात्रा ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि उनके टिकट का पैसा वापस होगा भी या नहीं।

छात्रों ने दावा किया कि उन्होंने अपने टिकटों के पैसे वापस करने के लिए एक ईमेल भेजा था लेकिन एयर इंडिया से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उड़ान रद्द होने के परिणामस्वरूप, यूबीसी के 10 छात्रों का एक समूह, जिन्होंने पहले ही अपना किराए का आवास छोड़ दिया था, अब एक दोस्त के तीन-बेडरूम वाले घर में रह रहे हैं। छात्रों ने बताया, हममें से प्रत्येक के पास तीन बैग हैं, और हम 10 लोग इस आवास को साझा कर रहे हैं क्योंकि हमारे पास दूसरी फ्लाइट बुक करने या दूसरा घर किराए पर लेने के लिए पैसे नहीं हैं। इस रिपोर्ट के दाखिल होने तक, बार-बार कॉल और मैसेज के बावजूद एयर इंडिया की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई थी।

अमन विहार पुलिस ने चीता गिरोह के तीन गुर्गों को किया गिरफ्तार, हथियार बरामद

बाहरी दिल्ली। अमन विहार थाना पुलिस ने चीता गिरोह के तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान लाडपुर के अमन डबास उर्फ सुखा, तरुण डबास व नवीन उर्फ चाचूका के रूप में हुई है। आरोपित पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। उनके पास से दो देसी पिस्टल, तीन कारतूस, चाकू व कार बरामद की गई है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने बताया कि आपरेशन पराक्रम के तहत वाहन चोरी, झपटमारी व जघन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए टीम बनाई गई है। इसके तहत रविवार को अमन विहार थाना पुलिस कर्मियों को पता लगा कि तीनों आरोपित इलाके में आने वाले हैं।

पुलिस ने जाल बिछाकर तीनों को दबोचा आरोपितों को पकड़ने के लिए अमन विहार थाने के एसआइ अनिल, अरविंद, एएसआइ जसविंदर जून, हेड कांस्टेबल नरेंद्र और कांस्टेबल विकास को जिम्मा सौंपा गया। टीम ने रामा विहार मैदान के पास जाल बिछाकर तीनों को दबोच लिया। जब उनकी तलाशी ली गई तो उनसे दो देसी पिस्टल, तीन कारतूस बरामद हुए। उनकी कार को भी जब्त कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि वह चीता गिरोह के लिए काम करते हैं और अपने हैंडलर से निर्देश मिलने पर अपराध करते हैं। पुलिस पता लगाने की कोशिशि कर रही है कि आरोपित हथियार कहां से लेकर आए।

हत्या के केस में फरार आरोपी बिहार से दबोचा

नई दिल्ली। ओखला औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने उधार के पैसे मांगने पर युवक की हत्या के मामले में बिहार से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सरफराज आलम उर्फ राजू ने 15 जून को झगड़े के दौरान 26 वर्षीय अली हसन की चाकू घोपकर हत्या कर दी थी। पुलिस उपायुक्त राजेश देव के अनुसार प्रत्यक्षदर्शी और अब्दुल के दोस्त मुकेश ने बताया कि 15 जून को करीब 4:00 बजे अली हसन उनसे गोला कुआं के पास मिले थे। अली ने बताया कि उन्होंने सरफराज से रुपये उधार लिए थे। रुपये मांगने के लिए अली ने मुकेश को सरफराज के पास चलने को कहा। दोनों ओखला फेज एक स्थित एफ-29 पहुंचे तो वहां अली और सरफराज के बीच बहस होने लगी। सरफराज ने अली पर नुकीले हथियार से ताबड़तोड़ वार कर घायल कर दिया। सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद ओखला औद्योगिक क्षेत्र थाने के एसएसओ सुखबीर सिंह मलिक, इंस्पेक्टर अशोक, एसआई विवेक और अन्य की टीम बनाई गई। आरोपी की लोकेशन बिहार के नवादा में मिली। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को 30 जून को बिहार से गिरफ्तार कर लिया।

भाजपा जब जीतती है तो शोर मचाती है, जब हारती है तो बिखर जाती है: जयराम

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि 1952 के बाद से कर्नाटक और देश दोनों में पहली बार राज्य विधानसभा और संसद का सत्र मुख्य विपक्ष के बिना शुरू होगा। क्योंकि भगवा पार्टी जब जीतती है तो जोर-शोर से बोलती है और जब हारती है तो टूट जाती है और लड़खड़ा जाती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भाजपा पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, कर्नाटक विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। 1952 के बाद पहली बार राज्य और देश में भी, सत्र मुख्य विपक्ष के बिना शुरू हो रहा है। उनकी यह टिप्पणी सोमवार से शुरू हो रहे कर्नाटक विधानसभा सत्र और 20 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र के बीच आई है। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में हारने वाली भाजपा ने अभी तक राज्य विधानसभा में अपने विपक्ष के नेता की घोषणा नहीं की है। 20 जुलाई को संसद का मानसून सत्र शुरू होगा और 11 अगस्त को समाप्त होगा। कांग्रेस मणिपुर हिंसा, पार्टी के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी की अयोग्यता, बालासोर ट्रेन दुर्घटना समेत अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए पूरी तरह तैयार है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने आदिपुरुष के खिलाफ याचिका 27 जुलाई के लिए की स्थ गित

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को सिनेमैटोग्राफ अधिनियम 1952 के तहत फिल्म आदिपुरुष को दिए गए प्रमाणन को चुनौती देने वाली एक दक्षिणपंथी समूह की याचिका को 27 जुलाई के लिए स्थगित कर दी। ओम राउत द्वारा निर्देशित यह फिल्म 16 जून को देशभर में रिलीज हुई थी और जनहित याचिका में दावा किया गया है कि फिल्म के पात्र हिंदू महाकाव्य रामायण में इन धार्मिक शख्सियतों के चित्रण से भटक गए हैं। न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की खंडपीठ ने मामले को स्थगित कर दिया।

21 जून को जस्टिस तारा वितास्ता गंजू और जस्टिस अमित महाजन की अवकाश पीठ ने याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया था।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता, हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता के वकील ने तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की थी। वकील ने कहा था, मैं याचिका को आज या शुक्रवार को सूचीबद्ध करने की मांग कर रहा हूं, क्योंकि फिल्म में कई विवादास्पद दृश्य हैं। जब फिल्म का टीजर रिलीज हुआ तो हंगामा मच गया। निर्देशक ने कुछ हिस्सों को हटाने का वादा किया, लेकिन इसे हटाया नहीं गया। इसी तरह जब फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, तो उन्होंने फिर से वादा किया। यहां तक कि नेपाल ने भी फिल्म पर प्रतिबंध लगा दिया है। हालांकि, अवकाश पीठ ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया था। जस्टिस गंजू ने मौखिक तौर पर टिप्पणी की आपको फिल्म की रिलीज के बारे में पहले से ही पता है। अगर यह पहले ही रिलीज हो चुकी है तो आप किसको रोक रहे हैं? जनहित याचिका में कथित आपत्तिजनक दृश्यों को हटाने या सुधार के लिए निर्देश देने की भी मांग की गई थी। याचिकाकर्ता का मामला है कि फिल्म धार्मिक पात्रों को गलत और अनुचित तरीके से प्रस्तुत करके हिंदू समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाती है जो महर्षि वाल्मिकी और तुलसीदास जैसे लेखकों के कार्यों में पाए गए विवरणों के खिलाफ है। याचिका में तर्क दिया गया है कि फिल्म में रावण (सैफ अली खान द्वारा अभिनीत) और भगवान हनुमान जैसे पात्रों का चित्रण भारतीय सभ्यता से अलग है। फिल्म में सैफ अली खान द्वारा निभाए गए रावण के किरदार का दाढ़ी वाला लुक हिंदू समुदाय की भावनाओं को आहत कर रहा है क्योंकि हिंदू ब्राह्मण रावण को गलत तरीके से भयानक चेहरा बनाते हुए दिखाया गया है जो हिंदू सभ्यता, हिंदू धार्मिक हस्तियों का अपमान है। याचिका में यह भी दावा किया गया है कि हिंदू धार्मिक पात्रों के गलत चित्रण ने पूरे देश में आलोचना और नाराजगी पैदा की है, इसमें रामानंद सागर की रामायण में इन पात्रों को चित्रित करने वाले अभिनेता भी शामिल हैं। याचिका में दावा किया गया है कि बाल शैली, दाढ़ी, मूंछें और पहनावे का तरीका, दिखावे सहित, उन महाकाव्यों में बनाई गई छवि के अनुसार अच्छी तरह से परिभाषित हैं। फिल्म निमार्ताओं और निर्देशकों और अभिनेताओं द्वारा इन छवियों में कोई भी बदलाव निश्चित रूप से उपासकों, भक्तों और धार्मिक लोगों की भावनाओं को आहत करेगा। फिल्म में प्रभास, कृति सेनन और सैफ अली खान क्रमशः भगवान राम, सीता और रावण की प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

केजरीवाल सरकार वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य और माहौल देने के लिए बड़ी संख्या में खोलेगी रिक्रिएशनल सेंटर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केजरीवाल सरकार दिल्ली के बुजुर्गों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए लगातार काम कर रही है। इस संबंध में सोमवार को समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दिल्ली में वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित परियोजनाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली में रिक्रिएशन सेंटर की संख्या को बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राज कुमार आनंद ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह रिक्रिएशन सेंटर की स्थिति पर रिपोर्ट तैयार करें और इनकी संख्या बढ़ाने की दिशा में संभावनाएं तलाशें।

समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली के सभी बुजुर्गों को अपने माता-पिता का दर्जा देते हैं, वह उनका बहुत सम्मान करते हैं। दिल्ली सरकार की यही कोशिश है कि वह वरिष्ठ नागरिकों के लिए चल रही सरकारी योजनाओं को पहले से बेहतर बनाए ताकि दिल्ली के हर बुजुर्ग को सम्मान मिले और वह उसका लाभ उठा सके।

रिक्रिएशन सेंटर में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ और मनोरंजन का रखा जाएगा ख्याल

60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए दिल्ली के 11 जिलों में 90 से अधिक रिक्रिएशन सेंटर बने हुए हैं। यहां वरिष्ठ नागरिकों के लिए मनोरेंजन केंद्र बने हुए हैं। दिल्ली सरकार इन मनोरेंजन केंद्रों की संख्या बढ़ाने पर जोर दे रही है। जहां बुजुर्गों के स्वास्थ को बेहतर करने के लिए इनडोर गेम और योग की व्यवस्था की जाएगी। इसी के साथ उन्हें बैठक स्थल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह रिक्रिएशन सेंटर बुजुर्गों के लिए एक ऐसा गुणवत्तापूर्ण माहौल प्रदान जहां वरिष्ठ नागरिक अपना समय दोस्तों और अपने सहकर्मी समूहों के साथ बिता सकेंगे। रिक्रिएशन सेंटर में समय-समय पर वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी और उसके लिए कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के ब्लड प्रेशर, शुगर और वजन आदि की जांच हो सकेगी। आज बदलते हुए सामाजिक परिवेश में एकल परिवारों की संख्या बढ़ने से ज्यादातर बुजुर्ग अपने जीवन में अकेलेपन और उबाऊपन का सामना कर रहे हैं। ऐसे में दिल्ली सरकार का रिक्रिएशन सेंटर वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में एक आदर्श आश्रय प्रदान करेगा।

जुए में हारे हुए रुपये मांगने

संक्षिप्त खबरें

साथी गांव से पंद्रह हजार रुपये नगद और मोबाइल की चोरी

उचकागांव। उचकागांव थाना क्षेत्र के साथी गांव से एक घर में घुसकर चोरों ने घर के एक बक्से में रखे पंद्रह हजार रुपये नगद और एक मोबाइल की चोरी कर ली। घटना 29 जून के रात की बताई जा रही है। बताया जा रहा कि थाना क्षेत्र के साथी गांव निवासी सुधीर कुमार सिंह दुग्ध उत्पादन समिति में किसानों द्वारा दिए गए दूध का भुगतान करने के लिए उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के जमसड़ शाखा से पंद्रह हजार रुपये नगद निकासी कर लाकर समिति के बक्से में रखकर 29 जून की रात सोए हुए थे। इसी दौरान देर रात चोरों ने कमरे में घुसकर बक्से में रखे पंद्रह हजार रुपये नगद और कमरे में रखे सुधीर कुमार सिंह की बारह हजार रुपये मूल्य की मोबाइल की चोरी कर ली। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मामले में पीड़ित सुधीर कुमार सिंह के आवेदन पर अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

सिसवनिया मोड़ पर ट्यूशन पढ़ने गई किशोरी का अपहरण

उचकागांव। उचकागांव थाना क्षेत्र के सिसवनिया गांव से सिसवनिया मोड़ पर ट्यूशन पढ़ने गई एक 13 वर्षीय किशोरी का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया। घटना 22 जून के दिन की है। काफी खोजबीन के बाद भी जब किशोरी का कोई पता नहीं चला तो मामले में अपहृत किशोरी के पिता के आवेदन पर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

रघुआ गांव में बरामदे में खड़ी बाइक की हुई चोरी

उचकागांव । उचकागांव थाना क्षेत्र के रघुआ गांव के उमेश कुमार सिंह के बरामदे में खड़ी उनकी बाइक को चोरों ने देर रात चोरी कर ली। घटना 29 जून की रात की बताई जा रही है। घटना की जानकारी उन्हें तब हुई जब देर रात उनकी नींद टूटने पर उन्होंने बरामदे से अपनी बाइक को गायब पाई। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो मामले में पीड़ित उमेश कुमार सिंह के आवेदन पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

नरकटिया में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट में चार जख्मी

उचकागांव । उचकागांव थाना क्षेत्र के नरकटिया गांव में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए मारपीट में एक पक्ष की तेतरी देवी, उनका बेटा जयप्रकाश गोंड और बहू अनीता देवी वहीं दूसरे पक्ष की धर्मशिला देवी घायल हो गई। चारों घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचकागांव में कराया गया। घटना 30 जून के सुबह की बताई जा रही है। मामले में एक पक्ष के घायल तेतरी देवी के आवेदन पर धर्मशिला देवी और उनके पति अजीत साह वहीं दूसरे पक्ष की घायल धर्मशिला देवी के आवेदन पर गांव के अमरजीत गोंड, मनु गोंड, नंदलाल गोंड, जयप्रकाश गोंड, निशा कुमारी और पासपति देवी के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

गुरु पूर्णिमा को लेकर लछवार दुर्गा मंदिर उमड़ी श्रद्धालुओ की भीड़

थावे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर लछवार दुर्गा मंदिर और इटवा पुल पर काफी संख्या में सोमवार को श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी। अपने वाहनों से दूर दराज से पहुंचे श्रद्धालुओ ने इटवा पुल के दाहा नदी में स्नान कर लछवार दुर्गा मंदिर व इटवा पुल स्थित जीन बाबा पर प्रसाद चढ़ाकर पूजा अर्चना किया। पूजा कर अमन चैन और शांति की कामना की। गुरु पूर्णिमा को लेकर यूपी के गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, रामकोला, तमकुही, देवरिया, इधर बिहार के मुजफ्फरपुर, रक्सौल, मोतिहारी, बेतिया सहीत कई शहरों के श्रद्धालू अपने वाहनों से पहुंचे थे। भीड़ को लेकर गोपालगंज मीरगंज एनएच 531 पर घंटों जाम लगी रही जो दिन भर चला।

भगवान राम के बरात में देवता मुनी संत राजा हुए थे शामिल

थावे । थावे प्रखंड के इटवा धाम में एक सप्ताह से चलने वाली श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन रविवार की देर शाम सुखनंदन व्यास ने प्रवचन के दौरान भगवान राम की बारात की कथा सुनाई। स्वयंवर के बाद अध्योध्या से राजा दशरथ भगवान चारों भाइयों का बरात लेकर जनकपुर पहुंचे। भगवान के बरात में देवता मुनी साधु संत और राजा शामिल रहे। जहां चार भाई श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के एक साथ राजा जनक की बेटी से विवाह रचाया। तब से जनकपुर में एक साथ चार लोगो का विवाह का परंपरा चल आ रहा है। वही सोमवार को इटवा धाम में श्री राम शरण दास जी महाराज के पुण्य तिथि पर भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमे काफी संख्या में लोग शामिल हुए तथा प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर रामजी बाबा पुजारी जी, पूर्व विधायक रामसेवक सिंह, मनेश्वर सिंह सहित समस्त ग्रामीण जनता शामिल रही।

धनेश्वरनाथ मंदिर में आज से श्रद्धालु करेंगे जलाभिषेक, तैयारी पूरी

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के सुप्रसिद्ध धनेश्वरनाथ मंदिर सिंहासनी में मंगलवार से श्रावणी मेले का आगाज किया जाएगा। श्रावणी मेले को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंगलवार की सुबह पांच बजे से पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक का सिलसिला शुरू होगा। जलाभिषेक से पहले रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। श्रावणी मेले को लेकर फूल, बेलपत्र, जल, प्रसाद, गेरुआ वस्त्र सहित अन्य दुकाने सजने लगी है। सारण जिले के डोरीगंज स्थित गंगा नदी व डुमरियाघाट स्थित नारायणी नदी से जल लेकर प्रतिदिन सैकड़ों कांवरिया बाबा धनेश्वरनाथ के दरबार पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने एडिशनल फोर्स की तैनाती की है। एडिशनल फोर्स सोमवार की शाम तक सिंहासनी धाम पहुंच जाएगी। मंदिर परिसर से एक किलोमीटर की परिधि में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। मंदिर तक पहुंचने वाली सभी सड़कों पर ड्राप गेट का निर्माण भी किया जा रहा है। ड्रॉप गेट पर पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारी तैनात किए जाएंगे। मंदिर के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाने की तैयारी चल रही है। जलाभिषेक के लिए महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की अलग-अलग कतार की व्यवस्था हो रही है। थानाध्यक्ष धनंजय राय ने बताया कि शुक्रवारी या सोमवारी पर शोभा यात्रा निकालने वाले श्रद्धालुओं को प्रशासनिक स्तर से अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है। मलमास की वजह से इस बार श्रावणी मेला यहां दो महीने तक लगेगा। चार जुलाई से शुरू होने वाली श्रावणी मेला 31 अगस्त तक चलेगी। मेले में फर्नीचर, सौंदर्य प्रसाधन, झूला, खेल-तमाशे सहित अन्य दुकानें सजने लगी है। सिंहासनी धाम बाबा धनेश्वर नाथ मंदिर स्थित आयोजित श्रावणी महोत्सव को लेकर आज भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में सिंहासनी मंदिर से होकर खजुहट्टी, मीराटोला, दिघवा गांव होते नई पोखर से जलबोक्षी किया जाएगा। वापस होकर शिव मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा। जिसके मुख्य यजमान मंदिर के पुजारी लालबाबू गिरी होंगे। प्रशासनिक देखरेख में कलश यात्रा के मौके पर शांति एवं सुरक्षा व पूजा अर्चना की व्यवस्था में पंचायत के मुखिया नागेंद्र सिंह, प्रभात पुरी, सत्येंद्र सिंह, अवधेश सिंह, प्रेम गिरी, हरेंद्र गिरी, बालेश्वर गिरी, पवन गिरी आदि शामिल है।

एसपी ने दो चैकीदारों को पांच-पांच सौ रुपये देकर किया पुरस्कृत

प्रात : किरण संवाददाता

उचकागांव। उचकागांव थाना क्षेत्र के शामपुर बाजार में तैनात दो चैकीदारों को रात्रि भ्रमण के क्रम में शनिवार की देर रात पहुंचे गोपालगंज एसपी ने पांच-पांच सौ रुपये नगद इनाम देकर पुरस्कृत किया गया है। बताया जा रहा है कि शनिवार की देर रात एसपी स्वर्ण प्रभात कुचायकोट थाना से मीरगंज थाने पर जा रहे थे। इसी क्रम में उचकागांव थाना क्षेत्र के शामपुर बाजार में ड्यूटी पर तैनात दो चैकीदारों को देखकर एसपी ने अपनी गाड़ी रुकवा दी। इस दौरान उन्होंने गाड़ी से उतरकर ड्यूटी पर तैनात दोनों चैकीदारों से शामपुर बाजार और आसपास के क्षेत्र की जानकारी ली। इस दौरान देर रात्रि अपने ड्यूटी पर मुस्तैद उचकागांव थाने के दोनों चैकीदार उमा मांझी और देवेंद्र यादव को पांच-पांच सौ रुपये नगद इनाम देकर पुरस्कृत किया। वहीं दोनों चैकीदारों को ड्यूटी पर ऐसे ही तैनात रहने का निर्देश देते हुए शाबाशी भी दी। एसपी से सम्मानित होने के बाद दोनों चैकीदारों में खुशी की लहर है। थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने बताया कि सभी चैकीदारों को रात्रि ड्यूटी में प्रतिनियुक्त करते हुए थाना क्षेत्र में स्थित बैंक, सीएसपी एवं अन्य प्रतिष्ठानों का सुरक्षा की दृष्टि से निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा थाना क्षेत्र के दो चैकीदारों को रात्रि भ्रमण के दौरान नगद इनाम देकर पुरस्कृत किया गया है।

आगामी 7 जुलाई से राजद सभी पंचायतों में अम्बेडकर परिचर्चा का करेगी आयोजन

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

राजद आगामी 7 जुलाई से 20 जुलाई तक जिले के सभी पंचायतों में अम्बेडकर परिचर्चा का आयोजन कर संविधान और आरक्षण के खिलाफ भाजपा के साजिश से दलित व पिछड़े समाज को अवगत कराएगा। उक्त निर्णय राजद के जिला कार्यकारिणी की आज आयोजित मासिक बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता राजद के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि आज देश की मौजूदा केंद्र की भाजपा सरकार से देश के संविधान और आरक्षण के साथ युवाओं के भविष्य को खतरा है। यह जनविरोधी सरकार देश के संविधान को बदल कर आरक्षण समाप्त करना चाह रही है, जिसे राजद किसी भी सूरत में सफल नही होने देगा। श्री सिंह ने कहा कि देश मे धार्मिक उन्माद फैला कर राजनीतिक लाभ लेने के भाजपा के प्रयास को देश की जनता बखूबी समझ रही है और इस बार देश की जनता इनके झांसे में नही आने वाली। उन्होंने कहा कि राजद प्रत्येक बूथ 11 यूथ के तहत काम कर रही है और इस माह के अंत तक सभी मतदान केंद्रों पर 11 सदस्यीय टीम तैयार हो जाएगी। राजद के प्रधान महासचिव इम्तेयाज अली भुट्टो ने बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले अम्बेडकर परिचर्चा हेतु प्रत्येक प्रखंड में प्रखंड प्रभारी व सह प्रभारी के अलावा प्रत्येक पंचायतों में पंचायत प्रभारी व सह प्रभारी की नियुक्ति की गई है जो प्रत्येक पंचायतों में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करेंगे। मौके पर राजद के उपाध्यक्ष सुरेश चैधरी, फैज अकरम, सुनील कुमार बारी, मो सोनू, मुकेश कुमार राय, लक्ष्मण यादव, सचिन कुमार सिंह, भृगनाथ सिंह, रघु यादव, परशुराम गुप्ता, सुरेश प्रसाद यादव, मो सहिम, दिवाकर यादव, श्याम बहादुर यादव, रबिन्द्र राम, राजकिशोर यादव, लक्ष्मण गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, असलम हुसैन, वीरू लाल मांझी, राजेश कुमार राम, वजीर अहमद, चंदन कुमार यादव, आदिल सिद्दीकी, हरेंद्र राय, इरशाद अली, आलोक यादव, विकाश कुमार, सत्तार अली , विशाल सिंह भूमिहार सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और युवा साथी मौजूद थे।

त्योहारों व जुलूस में डीजे बजाना पड़ेगा महंगा, बजायीं तो होगी कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

फुलवरिया। त्योहारों व जुलूस में डीजे बजाना अब पड़ेगा महंगा। डीजे बजाई तो होगी कड़ी कार्रवाई। उक्त बातें रविवार को थाना परिसर में डीजे संचालकों के साथ बैठक के दौरान थानाध्यक्ष अब्दुल मजीद ने कही। उन्होंने कहा कि डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। यदि आदेश का उल्लंघन करने पर जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शादी समारोह में भी डीजे और अश्लील भोजपुरी गाना बजाते पाए जाने पर भी सख्त कार्रवाई करने की बात कही। इतना ही नहीं थानाध्यक्ष अब्दुल मजीद ने डीजे संचालकों से एक शपथ पत्र भी भरवाया। जिसमें साफ तौर पर कहा गया है कि किसी भी जुलूस या त्यौहार में डीजे बजाते हैं तो कार्रवाई होती है तो उसकी जिम्मेवारी खुद आप होंगे। इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष ने बताया कि प्रखंड के 20 डीजे संचालकों से शपथ पत्र भरवाया गया है। सभी डीजे संचालकों ने एक स्वर में कहा है कि जुलूस या त्योहारों में डीजे नहीं बजाया जाएगा। साथ ही प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश का उल्लंघन नहीं किया जाएगा। बैठक में मौजूद सभी संचालकों से कहा गया कि कोई भी त्योहार आपसी एकता और भाईचारा के वातावरण में मनाने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से डीजे संचालकों में अनवर अली, चंद्रजीत सिंह, चंद्रबली सिंह, नरेन कुमार गुप्ता, विनोद प्रसाद साह, कैलाश कुमार, राजीव कुमार प्रसाद, प्रदीप कुमार सहित अन्य डीजे संचालक तथा सभी चैकीदार दफादार मौजूद रहे।

टॉप-10 में शुमार, बाबु गैंग का लीडर मनीष यादव गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

गोपालगंज जिले के टॉप-10 क्रिमिनल में शुमार कुख्यात अपराधी व बाबु गैंग के लीडर मनीष यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उचकागांव क्षेत्र के अमठा भुवन गांव के पास घेराबंदी कर मनीष यादव को दबोच लिया। हथुआ एसडीपीओ अनुराग कुमार के नेतृत्व में फुलवरिया थानाध्यक्ष अब्दुल मजीद, मीरगंज थानाध्यक्ष छोटन कुमार, श्रीपुर ओपी प्रभारी अशोक कुमार की टीम का गठन कर घेराबंदी की गयी। पुलिस के मुताबिक, यह अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए उचकागांव पहुंचा था। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि उचकागांव थाने के अमठा भुवन गांव पास घेराबंदी कर कुख्यात अपराधी मनीष यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी की लूट व डकैती के छह मामलों में तालाश थी। कुख्यात अपराधी मनीष यादव बाबु गैंग का संचालन करता था। इसके दर्जनों साथियों को जेल भेजा चुका है। इससके पास से थावे थाने से लूटी गयी बाइक को भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार कुख्यात अपराधी से गहन पूछताछ की जा रही है। एसपी ने बताया कि कुख्यात अपराधी मनीष यादव पर मीरगंज थाने में चार, फुलवरिया व थावे थाने में एक-एक अपराधिक मामले दर्ज हैं। इसमें हथियार के बल पर राहगीरों से लूटपाट करना और डकैती का मामला है। उन्होंने बताया कि यह लंबे समय से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी के लिए बिहार के विभिन्न जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश में भी पुलिस छापेमारी कर चुकी थी। वॉन्टेड अपराधी मनीष यादव की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है।

उचकागांव थाना में पहले दिन 80 लाइसेंसी हथियारों का किया गया सत्यापन

उचकागांव प्रात : किरण संवाददाता

उचकागांव थाना परिसर में रविवार के दिन लाइसेंसी हथियारों के सत्यापन के लिए कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें उचकागांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उचकागांव प्रखंड के 14 और थावे प्रखंड के दो पंचायत क्षेत्रों से पहुंचे 80 लाइसेंसधारी हथियार धारकों के हथियारों का सत्यापन किया गया। इसके साथ ही सार्वजनिक कार्यक्रम शादी समारोह आदि के मौके पर हथियारों का प्रदर्शन नहीं करने का निर्देश दिया गया। बताया जा रहा है कि बढ़ते हर्ष फायरिंग की घटनाओं को देखते हुए बिहार पुलिस द्वारा नया एसओपी जारी किया गया है। जिसके आलोक में एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर थाना परिसर में रविवार से कैंप की शुरूआत की गई। जिसमें पहले दिन थाना क्षेत्र के 16 पंचायतों से लाइसेंसी हथियार, लाइसेंस व कारतूस लेकर पहुंचे 80 लाइसेंसधारी हथियार धारकों के हथियारों का सत्यापन किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने सभी लाइसेंसी हथियार धारकों से नए एसओपी के अनुसार शादी समारोह सहित किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम या सोशल मीडिया में हथियारों का प्रदर्शन नहीं करने का निर्देश दिया गया।

04 से 07 जुलाई 2023 के बीच आयोजित होगी मध्यमा की परीक्षा: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। अध्यक्ष, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना से प्राप्त सूचना के आलोक में जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा बताया गया कि बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित मध्यमा परीक्षा 2023 दिनांक 04 जुलाई से 07 जुलाई तक शहर के दो परीक्षा केन्द्र, विश्वेश्वर सेमिनरी एवं राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, छपरा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

मध्यमा परीक्षा का आयोजन दो पालियों में होगा। प्रथम पाली पूर्वाह्न 09:45 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली 01:45 बजे अपराह्न से 05रू00 बजे अपराह्न तक आयोजित की जायेगी। दोनों परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों की कुल संख्या - 713 है। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि परीक्षा स्वच्छ वातावरण में कदाचारमुक्त संपन्न कराने हेतु स्टैटिक दण्डाधिकारी, गश्ती दण्डाधिकारी-सह-जोनल दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जो परीक्षा प्रारंभ तिथि को परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुँचकर परीक्षा समाप्ति के उपरांत तक विधि व्यवस्था को संधारित करेंगे। यह परीक्षा बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के अंतर्गत आने के कारण अनुमंडल पदाधिकारी सदर, छपरा को विशेष न्यायिक दण्डाधिकारी के रूप में प्राधिकृत किया गया है जो कदाचार में पकड़े गये अभियुक्तों का जुमार्ना अधिरोपित करेंगे। साथ ही परीक्षा प्रारंभ होने के समय से परीक्षा के समाप्त होने तक की अवधि में अनुमंडल पदाधिकारी सदर, छपरा के द्वारा केन्द्रों के 500 गज परिधि में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किया गया है। इस दौरान केन्द्र के 500 गज परिधि में शांति भंग करने के उद्देश्य से पाँच या उससे अधिक व्यक्तियों को एकत्रित होना प्रतिबंधित रहेगा। किसी व्यक्ति के द्वारा लाठी, भाला एवं अन्य घातक, विस्फोटक लेकर चलने एवं परीक्षा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग को प्रतिबंधित किया गया है।

बताया गया कि परीक्षा से संबंधित प्रत्येक गतिविधि का वीडियोग्राफी करायी जाएगी।दोनों परीक्षा केन्द्रों पर सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने हेतु निदेशित किया गया है। सभी दण्डाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक का यह दायित्व होगा कि सीट प्लान को परीक्षा कक्ष के अलावे परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर प्रदर्शित करने का भी निदेश दिया गया है ताकि परीक्षार्थियों को आवश्यक सुविधा मिल सके। परीक्षा के मुख्य द्वारा पर ही परीक्षार्थियों की शारीरिक जाँच कर परीक्षा कक्ष में एडमिट कार्ड एवं लेखन सामग्री के साथ प्रवेश कराने हेतु निर्देशित किया गया है। परीक्षा केन्द्र में कैलकुलेटर, ग्रॉफ पेपर, मोबाईल फोन, चिट पुर्जा, कॉपी किताब, चाकू माचिस, ब्लेंड, इलेक्ट्रॉनिक गजट आदि के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। परीक्षा के लिए अनुमंडल कार्यालय, सदर छपरा के परिसर में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है जिसका नं0-06152-242444 है जो परीक्षा के दिन प्रातः 07रू30 बजे से 6रू00 बजे संध्या तक कार्यरत रहेगा। जिस पर परीक्षा से संबंधित सूचना दी जा सकेगी। इसके अलावा जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण, मोबाईल नम्बर-9934690681, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, छपरा मोबाईल नम्बर-9473191269 एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, छपरा मोबाईल नं-9431800075 पर परीक्षा में कदाचार एवं विधि व्यवस्था से संबंधित सूचना दी जा सकती है।

सारण वन प्रमंडल द्वारा मौना चैक में अवैध वन्य जीव व्यापार का भंडाफोड़

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सोमवार को वन प्रमंडल पदाधिकारी रामसुन्दर एम. के द्वारा बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर सारण वन विभाग ने छपरा रेंज के रेंजर बांके पासवान और अन्य वनरक्षियों की टीम के नेतृत्व में मौना चैक, छपरा में सघन छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान मौना चैक,श छपरा में रंजीत कुमार, आकाश गुप्ता द्वारा संचालित दो दुकानों पर छापा मारा गया और कई वन्यजीव वस्तुएं मिली। जिन्हें रखने और व्यापार करने पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रतिबंध है।

यह बिहार में हाल के दिनों में सबसे बड़ी छापेमारी है जिसमें बाघ की खाल के टुकड़े, बाघ के पंजे, कछुए के खोले, साही की कांटा, विभिन्न सांपों की खाल, मृग के सींग आदि शामिल थे।

इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम-1972 भारतीय वन अधिनियम-1927 और जैविक विविधता अधिनियम-2002 के तहत मामले दर्ज किए गए। वन प्रमंडल पदाधिकारी सारण के द्वारा बताया गया कि अवैध वन्यजीव व्यापार से निपटने के लिए सबसे कड़े अधिनियम हैं। डीएफओ सारण ने कहा कि इन अवैध वन्यजीव वस्तुओं की आपूर्ति के स्रोत और व्यापार नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद लिंकेज का पता लगाने के लिए वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो और बिहार के मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को रिपोर्ट भेजी जाएगी। बताया गया कि वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम-1972 जंगली जानवरों और पौधों की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण, उनके आवासों के प्रबंधन, जंगली जानवरों, पौधों तथा उनसे बने उत्पादों के व्यापार के विनियमन एवं नियंत्रण के लिये एक कानूनी ढाँचा प्रदान करता है।

भाजपा नेता ने दी सरकार के कार्यों की जानकारी

नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। दरियापुर में सांसद राजीव प्रताप रूडी द्वारा मोदी सरकार के नौ साल में किए गए सराहनीय कार्यों का प्रचार प्रसार करने के लिए कार्यकताओं को मिले संदेश के उपरांत भाजपा के बिहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश कुमार सिंह और भाजपा मंडल अध्यक्ष रामानंद सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं ने प्रखंड क्षेत्र के सरैया, दरिहारा, मनपूरा गांव का दौरा कर प्रधानमंत्री द्वारा किए गए नौ साल के कार्यों की रिपोर्ट कार्ड वितरण किया तथा मोदी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दिया। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मोदी सरकार ने नौ साल में विकास के अनेकों काम किया है। इस सरकार में जन कल्याणकारी योजना के साथ-साथ जनधन खाता, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना, आवास योजना, अंतोदय योजना, गैस पाइपलाइन योजना, शेरपुर दिघवारा पुल जैसे अनेकों उपलब्धियों को हासिल किया है। आगे उन्होंने बताया कि स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी ने हमेशा से सरकार के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित कर सारण के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है। उनके नेतृत्व में सारण हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है तथा आगे भी सारण की जनता उनके कुशल नेतृत्व को निरंतर देखना चाहती है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रामानंद सिंह ने भी मोदी सरकार के उपलब्धियों को कार्यकताओं और जनता के बीच रखा। वही भाजपा नेता बुलबुल सिंह ने बताया कि देश में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है. इस मौके पर अशोक साह, बालेश्वर सिंह, सरोज यादव, सन्नी सिंह, अर्जुन सिंह, आशिष कुमार सिंह, प्रमोद सिंह, राजेश्वर सिंह, रविन्द्र पांडेय, विश्वनाथ साह, तपेश्वर साह, राजू सिंह उर्फ प्रिंस सिंह आदि उपस्थित थे।

दिल्ली में बिहार यूपी के झुग्गियों के बच्चों ने बिखेरा अभिनय का जलवा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, संस्कृति मंत्रालय व उड़ान-द सेंटर ऑफ थिएटर आर्ट एंड चाइल्ड डेवलोपमेन्ट द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बाल रंग महोत्सव में बच्चों ने समां बांध दिया।इस दौरान बिहार के भोजपुरी क्षेत्र के सारण,सिवान सहित सहारनपुर से आये झुग्गी झोपड़ी निवासी बच्चों ने 1857 की क्रांति को अपने उत्कृष्ट अभिनय से जीवंत कर दर्शकों को रोमामचित कर दिया। आईजीएनसीए के सम्वेत सभागार में रंगकर्मी संजय टुटेजा के दिशा निर्देशन व मार्गदर्शन में आयोजित इस तीन दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के निदेशक प्रो डॉ रमेश चंद्र गौर ने किया जबकि आईजीएनसीए में कला दर्शन विभागाध्यक्ष प्रो डॉ ऋचा काम्बोज, सरंक्षण विभागाध्यक्ष डॉ अचल पांड्या, शिक्षाविद व लेखिका श्रीमती मालविका जोशी, शिक्षाविद, पूर्व प्राचार्या डॉ नीलांजना किशोर,इंडियन ऑयल के डीजीएम धर्मेन्द्र सिंह राजस्थान सरकार के पूर्व सूचना उपनिदेशक गोपेन्द्र भट्ट, विशिष्ट अतिथि रहे। महोत्सव में कुल 9 नाटको का मंचन किया गया जिनमे पहले दिन डायना ओमेन व सोम्या के सह निर्देशन में नाटक ष्शक्तिष रिद्धि मग्गो व लक्ष्मी के निर्देशन में नाटक ष्सबसे बड़ा दुश्मन कौन व प्रभात सेंगर के निर्देशन व मनीषा के सह निर्देशन में ष्मां की पहचानष नाटको का मंचन हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन डायना ओमेन के निर्देशन व शुभ के सह निर्देशन में नाटक ष्गुमनाम बलिदानीष , राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के कृष्णा राजपूत व शिवांग मिश्रा के निर्देशन में नाटक ष्कार्यवाही शुरू की जाएष का मंचन हुआ। महोत्सव के तीसरे दिन सहारनपुर से आये झुग्गी झोपड़ी निवासी बाल कलाकारों ने योगेश पंवार के निर्देशन व रवि कर्णवाल और अभिनव गौतम के सह निर्देशन में नाटक ष्नन्हे सेनानीष , राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के स्नातक सागर वशिष्ठ के निर्देशन एवं निकिता मित्तल और खुशी बौद्ध के निर्देशन में ष्भारत रत्न अरूणाष व प्रभात सेंगर के निर्देशन में नाटक ष्बच्चों की कचहरीष का मंचन किया जबकि स्लम के बाल कलाकारों ने रवि कर्णवाल व अभिनव गौतम के निर्देशन में ष्मानव विकास यात्राष पर एक मूक अभिनय नाटिका का मंचन किया। नाटको में बच्चों ने अपने उत्कृष्ट अभिनय से सभी को अभिभूत कर दिया।

मां पार्वती आश्रम आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हजारों भक्तों की जुटी भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। छपरा पुरानी बाईपास स्थित मां पार्वती आश्रम में आज गुरु पूर्णिमा को लेकर गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जा रहा है जिसमें आज दूरदराज से ग्रामीण क्षेत्रों से भक्तगण मां दुर्गा का दर्शन करने और शक्ति बालक महाराज का दर्शन करने के लिए लोग पहुंच रहे हैं आज के दिन सुबह से ही पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुरूआत होता है और रात्रि 8रू00 बजे तक भक्तों के लिए यह मंदिर खुला रहता है । यह पूजा छपरा के एकमात्र यह मंदिर है जो पार्वती आश्रम के नाम से जाना जाता है जहां पर आज 50 वर्षो से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु महोत्सव के रूप में यहां पूजा अर्चना की जाती है और इस अवसर पर मेले का भी आयोजन होता है जिसमें छोटे बच्चे से लेकर के बड़े लोगों तक का झूला और डिज्नीलैंड किस पर मेले का आयोजन किया जाता है जिस का लुफ्त शहरवासियों से लेकर ग्रामीण क्षेत्र लोग उठाते हैं 1 दिन का यह मेला साल में एक बार ही लगता है लेकिन बहुत कुछ संदेश छोड़ जाता है जिसमें स्थानीय लोग ही नहीं बल्कि दूरदराज से लोग यहां पहुंचकर इस पूजा-अर्चना में भाग लेते ही नहीं बल्कि इस कार्यक्रम को पूरी निष्ठा के साथ संपन्न कराने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं मंदिर के पुजारी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के दिन पूजा अर्चना किया जाता है जो ग्रुप पूर्णिमा महोत्सव के रूप में कार्यक्रम आयोजित होता है और काफी हर्ष उल्लास के साथ कई सालों से यह कार्यक्रम होता चला रहा है। और इस उत्सव के बाद कल से भगवान भोले शंकर के लिए पूजा अर्चना शुरू हो जाएगा इसे सावन का त्यौहार कहा जाता है शंकर के मंदिरों में इसी

सम्पादकीय

महिमा अमरनाथ तीर्थ की

भारतवर्ष तीर्थों की पवित्र भूमि है। इस धरा पर शायद ही ऐसा कोई प्रांत होगा जहाँ कोई तीर्थस्थल न हों। ये तीर्थस्थल दीर्घकाल से भारतीय जनमानस की आस्था एवं विश्वास के प्रमुख केंद्र रहे हैं। कश्मीर प्रांत में स्थित अमरनाथ नामक तीर्थस्थल का विशेष महत्व है। कल्हण की राजतरंगिणी में इस तीर्थ को अमरेश्वर बताया गया है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगोंः सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ॐकारेश्वर, केदारनाथ, भीमाशंकर, काशी-विश्वनाथ आदि के अतिरिक्त अमरनाथ का विशेष महत्व है। शिव के प्रमुख स्थलों में अमरनाथ अन्यतम है। अतः अमरनाथ को तीर्थों का तीर्थ कहा जाता है।

अमरनाथ तीर्थस्थल जम्मू-कश्मीर राज्य के श्रीनगर शहर के उत्तर-पूर्व में 141 किलोमीटर दूर समुद्र तल से 3,888 मीटर (12756 फुट) की ऊंचाई पर स्थित है। इस गुफा की लंबाई (भीतर की ओर गहराई) 19 मीटर और चौड़ाई 16 मीटर है। यह गुफा लगभग 150 फीट क्षेत्र में फैली है और गुफा 11 मीटर ऊंची है तथा इसमें अनेक श्रद्धालु समा सकते हैं। प्रकृति का अद्भुत वैभव अमरनाथ गुफा, भगवान शिव के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। एक पौराणिक गाथा के अनुसार भगवान शिव ने पार्वती को अमरत्व का रहस्य (जीवन और मृत्यु के रहस्य) बताने के लिए इसी गुफा को चुना था। मृत्यु को जीतने वाले मृत्युंजय शिव अमर हैं, इसीलिए वे अमरेश्वर भी कहलाते हैं।श्रद्धालु अमरेश्वर को ही अमरनाथ कहकर पुकारते हैं।शिव-भक्त इसे बाबा अमरनाथ या बफार्नी-बाबा भी कहते हैं।

अमरनाथ हिंदी के दो शब्द अमर अर्थात अनश्वर और नाथ अर्थात भगवान को जोड़ने से बनता है। एक पौराणिक कथा के अनुसार जब देवी पार्वती ने भगवान शिव से अमरत्व के रहस्य को प्रकट करने के लिये कहा, जो वे उनसे लंबे समय से छिपा रहे थे,तब यह रहस्य बताने के लिये भगवान शिव, पार्वती को हिमालय की इस गुफा में ले गए, ताकि उनका यह रहस्य कोई अन्य न सुन पाये और यहीं पर भगवान शिव ने देवी पार्वती को अमरत्व का रहस्य बताया था।

इतिहासकारों का विचार है कि अमरनाथ यात्रा हजारों वर्षों से चली या रही है तथा अमरनाथ-दर्शन का महत्त्व पुराणों में भी मिलता है। बृंगेश सहिंता, नीलमत पुराण, कल्हण की राजतरंगिणी आदि में इस तीर्थ का बराबर उल्लेख मिलता है। नीलमत पुराण में अमरेश्वर के बारे में दिए गए उल्लेख से पता चलता है कि इस तीर्थ के बारे में छठी-सातवीं शताब्दी में भी लोगों को जानकारी थी। कश्मीर के महान शासकों में से एक थे जैनुलबुद्दीन (1420-70 ईस्वी), जिन्हें कश्मीरी लोग प्यार से बड़शाह कहते हैं। माना जाता है कि उन्होंने भी अमरनाथ गुफा की यात्रा की थी। (इस बारे में इतिहासकार जोनराज ने उल्लेख किया है।) अकबर के इतिहासकार अबुल-फजल (16वीं शताब्दी) ने आइना-ए-अकबरी में भी उल्लेख किया है कि अमरनाथ एक पवित्र तीर्थस्थल है। गुफा में बर्फ. का एक बुलबुला बनता है जो थोड़ा-थोड़ा करके 15 दिन तक रोजाना बढता रहता है और दो गज से अधिक ऊंचा हो जाता है। चन्द्रमा के घटने के साथ-साथ वह भी घटना शुरू कर देता है और जब चांद लुप्त हो जाता है तो शिवलिंग भी विलुप्त हो जाता है। स्वामी विवेकानन्द ने 1898 में 8 अगस्त को अमरनाथ गुफा की यात्रा की थी और बाद में उन्होंने गदगद होकर कहा था कि मुझे, सचमुच,लगा कि बर्फ.का लिंग स्वयं शिव हैं। मैंने ऐसी सुन्दर, इतनी प्रेरणादायक कोई चीज नहीं देखी और न ही किसी धार्मिक-स्थल की यात्रा का इतना आनन्द आया। अमरनाथ की गुफा तक पहुँचने के लिए सामान्यतः दो मार्ग हैं, प्रथम पहलगाम मार्ग और दूसरा सोनमर्ग-बालतल मार्ग। पहलगाम मार्ग अपेक्षाकृत सुविधाजनक है जबकि बालतल मार्ग हालांकि अमरनाथ की गुफा से मात्र 14 किलोमीटर की दूरी पर है, लेकिन यह मार्ग अत्यंत दुर्गम है। सामान्यतः यात्री पहलगाम मार्ग से ही अमरनाथ यात्रा करते हैं। पहलगाम से अमरनाथ की दूरी 45 किलोमीटर है। इस यात्रा मार्ग में चंदनबाड़ी, शेषनाग तथा पंचतरणी तीन प्रमुख रात्रि-पड़ाव हैं। प्रथम पड़ाव चंदनबाड़ी है, जो पहलगाम से 12.8 किलोमीटर की दूरी पर है। तीर्थयात्री पहली रात यहीं पर बिताते हैं। दूसरे दिन पिस्सू घाटी की चढ़ाई प्रारम्भ होती है। चंदनबाड़ी से 13 किलोमीटर दूर शेषनाग में अगला पड़ाव है। यह चढ़ाई अत्यंत दुर्गम है। यहीं पर पिस्सू घाटी के दर्शन होते हैं। पूरी यात्रा में पिस्सू घाटी का मार्ग बहुत कठिन है। पिस्सू घाटी समुद्र तल से 11,120 फुट की ऊँचाई पर है। इसके पश्चात यात्री शेषनाग पहुँचते हैं। लगभग डेढ़ किलोमीटर लम्बाई में फैली हुई झील अत्यंत सुंदर है। तीर्थयात्री रात्रि में यहीं विश्राम करते हैं। तीसरे दिन यात्रा पुनः आरम्भ होती है।

राजनीति में गठबंधन का अ-धर्म

राकेश अचल

किसी राष्ट्र में महाराष्ट्र का होना ही बेतुका है लेकिन सबसे ज्यादा बेतुकी है महाराष्ट्र की सियासत। महाराष्ट्र की सियासत में जब से भाजपा का प्रवेश हुआ है तभी से यहां गठबंधन का धर्म, अ-धर्म में बदल गया है। अब गठबंधन के मायने ही बदल गए हैं। जो काम बीते 63 साल में नहीं हुआ था,वो अब हो रहा है। सत्ता पाने और सत्ता में बने रहने के लिए महाराष्ट्र में गठबंधन की अवधारणा ही बदल दी है। अब गठबंधन भानुमती का कुनबा ही नहीं बल्कि केर-बेर का संग भी हो गया है।

महाराष्ट्र की भाजपा और बिखंडित शिवसेना की सरकार को अभी किसी और के समर्थन की दरकार नहीं थी, किन्तु सरकार के पाये मजबूत करने के लिए भाजपा ने एनसीपी को भी दो फाड़ कर पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार के भतीजे अजित पवार को भी सरकार में शामिल कर उप मुख्यमंत्री बना दिया। एनसीपी में विभाजन भाजपा की सचमुच एक बड़ी उपलब्धि है। अब ये प्रमाण देने की कोई जरूरत नहीं है कि भाजपा तोड़फोड़ की राजनीति में न केवल सिद्धहस्त है बल्कि तोड़फोड़ की राजनीति ही उसका परमधर्म है। भाजपा ने महाराष्ट्र से पहले मध्यप्रदेश में कांग्रेस को तोड़ा थी। महाराष्ट्र में शिवसेना को तोड़ा और अब एनसीपी को भी विखंडित कर दिया। भाजपा के परम विरोधियों को भी तोड़फोड़ की राजनीति के मामले में भाजपा का लोहा मानना पडेगा।

एक जमाना था जब एनसीपी के प्रमुख शरद पंवार कांग्रेस के लये महत्वपूर्ण थे। एक जमाना आया कि शरद पंवार ही कांग्रेस को छोड़कर अलग हो गए और महाराष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण हो गये। देश में गठबंधन की सरकारों के नए युग में भी शरद पंवार की पूछ-परख और हैसियत बनी रही। अब एक जमाना है कि शरद पंवार को भाजपा ने उनके ही भतीजे के साथ मिलाकर हासिये पर पहुंचा दिया है। उम्र के आखरी पड़ाव पर खड़े शरद पंवार के पास अब एनसीपी और खुद को दोबारा स्थापित करने का न वक्त है और न ताकत। पंवार साहब अब बूढ़े शेर हैं यानी उनके नख-दन्त अब किसी काम के नहीं रहे।

महाराष्ट्र एम भाजपा ने पहली बार गठबंधन के धर्म को अधर्म में बदला है। जनादेश को बार-बार अपमानित किया है। किंतु भाजपा ऐसा नहीं मानती। भाजपा पुराने सिद्धांत पर अडिग है कि - युद्ध और प्रेम में सब कुछ जायज है। पिछले विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र की जनता ने भाजपा को खारिज किया। खारिज क्या किया बल्कि सभी राजनीतिक दलों के प्रति अपनी नाराजगी जताते हुए एक ऐसा जनादेश दिया जिसमें भाजपा एक तरफ खड़ी थी और शेष दल दूसरी तरफ। भाजपा ने महाराष्ट्र में जनादेश को अपने पक्ष में बताकर सरकार बनाने का जी तोड़ यत्न भी किया किन्तु एनसीपी,कांग्रेस और शिवसेना ने भाजपा को सत्ता से बाहर कर दिया। भाजपा जख्मी होकर सत्ता की और ताकती रही और उसने महाराष्ट्र अगाडी गठबंधन की सत्ता की गाड़ी अंतत; शिवसेना को दोफाड़ कर दोबारा हासिल कर ली। हालांकि उसे इस जोड़तोड़ में अपने ही दल के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नबीस को दांव पर लगाना पड़ा।

भाजपा और विखंडित शिवसेना की सरकार से ही भाजपा को संतोष नहीं हुआ। उसने एनसीपी में पनप रहे आंतरिक असंतोष का लाभ उठाते हुए सत्तालोलुप अजित पंवार से सौदा कर एमसीपी को भी दो-फाड़ कर दिया और अजित पंवार तथा उनके आधा दर्जन साथियों को भाजपा शिवसेना गठबंधन सरकार का हिस्सा बना लिया। शरद पंवार टापते रह गए। शरद पंवार ने जिस दिन से अपनी बेटी सुप्रिया सुले को एनसीपी का उत्तराधिकारी बनाने का पर्यटन किया था उसी दिन से उनके भतीजे अजित पंवार बिदक गए थे। अजित खुद को एनसीपी का उत्तराधिकारी मानकर चल रहे थे। अजित के असंतोष को एनसीपी के दुसरे महत्वपूर्ण नेता प्रफुल्ल पटेल ने हवा दी। पटेल अपने जमाने के सबसे ज्यादा बदनाम केंद्रीय विमानन मंत्री रह चुके है। एनसीपी प्रमुख शरद पंवार के सामने भींगी बिल्ली रहने वाले प्रफुल्ल पटेल की महाराष्ट्र की हैसियत बहुत ज्यादा नहीं बची है। एक जमाने में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार माने जाने वाले शरद पवार ने अपनी बेटी सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को प्रमोशन देकर कार्यकारी अध्यक्ष बना दिय। इससे अजित पवार खुश नहीं थे। उन्होंने कहा था कि वे बतौर विपक्ष के नेता काम नहीं करना चाहते उन्हें पार्टी संगठन में पद चाहिए लेकिन शरद पवार ने इसे अनसुना कर दिया। भाजपा और शिवसेना के लिए ये एक मौका था। भाजपा जानती थी कि महाराष्ट्र अगाडी गठबंधन को तोड़े बिना आगामी विधानसभा में दोबारा जनादेश हासिल करना आसान नहीं होगा।

जिन्होंने डीयू को बनाया महान शिक्षा का मंदिर

वह कश्मीरी गेट स्थित कॉलेज इमारत अब भी है। अब भी सेंट स्टीफंस कॉलेज प्रिंसिपल के कक्ष में एक बड़ी सी ग्रुप फोटो लगी है,जो गांधी जी की उस यात्रा की याद दिलाती है। गांधी जी उसके बाद भी यहां आते रहे। वे जब भी यहां आये तो उनका सेंट स्टीफंस और हिंदू कॉलेज के छात्रों और अध्यापकों ने स्वागत किया। हालांकि वे जब पहली बार दिल्ली आये थे तब दिल्ली यूनिवर्सिटी की स्थापना तक नहीं हुई थी। तब तक यहां के कॉलेज पंजाब यूनिवर्सिटी का ही हिस्सा थे। डीयू तो औचरिक रूप से 1922 में स्थापित हुई।बेशक राष्ट्र निर्माण में डीयू का योगदान शानदार रहा है। इसमें देशभर के नौजवान उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं। सेंट स्टीफंस के अलावा हिंदू कॉलेज,श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मिरांडा हाउस, इंद्रप्रस्थ कॉलेज, हंसराज कॉलेज वगैरह ने देश को ही नहीं दुनिया भर को कई राष्ट्रपति और प्रधावनमंत्री के अलावा हजारों-लाखों नौकरशाह, राजनीतिक नेता, आंत्रप्योनर, खिलाड़ी, एक्टर वगैरह दिये हैं।

आर.के. सिन्हा
लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तभकार और पूर्व सांसद हैं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दिल्ली यूनिवर्सिटी के शताब्दी समारोहों के अंत में मौजूद रहना इस बात की गवाही है कि यह कितना खास शिक्षण संस्थान है। महात्मा गांधी 12 अप्रैल, 1915 को पहली बार दिल्ली आए। उनके साथ कस्तूरबा गांधी जी भी थीं। उनका सेंट स्टीफंस कालेज के प्रिंसिपल सुशील कुमार रुद्रा ने स्वागत किया। वे रुद्रा साहब के कॉलेज परिसर में बने आवास में ही ठहरे। वह कश्मीरी गेट स्थित कॉलेज इमारत अब भी है। अब भी सेंट स्टीफंस कॉलेज प्रिंसिपल के कक्ष में एक बड़ी सी ग्रुप फोटो लगी है,जो गांधी जी की उस यात्रा की याद दिलाती है। गांधी जी उसके बाद भी यहां आते रहे। वे जब भी यहां आये तो उनका सेंट स्टीफंस और हिंदू कॉलेज के छात्रों और अध्यापकों ने स्वागत किया। हालांकि वे जब पहली बार दिल्ली आये थे तब दिल्ली यूनिवर्सिटी की स्थापना तक नहीं हुई थी। तब तक यहां के कॉलेज पंजाब यूनिवर्सिटी का ही हिस्सा थे। डीयू तो औचरिक रूप से 1922 में स्थापित हुई।बेशक राष्ट्र निर्माण में डीयू का योगदान शानदार रहा है। इसमें देशभर के नौजवान उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं। सेंट स्टीफंस के अलावा हिंदू कॉलेज,श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मिरांडा हाउस, इंद्रप्रस्थ कॉलेज, हंसराज कॉलेज वगैरह ने देश को ही नहीं दुनिया भर को कई राष्ट्रपति और प्रधावनमंत्री के अलावा हजारों-लाखों नौकरशाह, राजनीतिक नेता, आंत्रप्योनर, खिलाड़ी, एक्टर वगैरह दिये हैं। अगर बात हिंदू कॉलेज की करें तो इसकी स्थापना में दिल्ली के मशहूर समाज सेवियों जैसे लाला कृष्ण दास गुड़वाले, राय बहादुर सुल्तान सिंह और डॉ. ए.के. सेन ने दिन-रात मेहनत करके की थी। इसकी 1899 में ही स्थापना हो गई थी। ये सब चाहते थे कि दिल्ली में स्कूल-कॉलेज खुलें। इन सबने ही दिल्ली के चांदनी चौक में इंद्रप्रस्थ कन्या हिंदू विद्यालय स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाई थी। इस स्कूल ने दिल्ली की बेटियों को शिक्षित और स्वावलंबी बनाने में शानदार भूमिका निभाई है। बेशक, हिंदू कॉलेज तथा इंद्रप्रस्थ कन्या हिंदू विद्यालय विद्लाय ने राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दिया है।

उधर, श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) को कॉमर्स कोर्सेज के लिए भारत का सबसे उत्तम कॉलेज माना जाता है। यहां से ही केन्द्रीय मंत्री अरुण जेटली, टीवी पर्सनेल्टी रजत शर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री जितेन प्रसाद भी पढ़े। अफ्रीकी देश मलावी के 2004-2012 तक राष्ट्रपति रहे बिंगु वा मुथारिका ने 1961 से 1964 तक श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से ही ग्रेजुएशन की थी। दिल्ली यूनिवर्सिटी के मिरांडा हाउस का भी अपना विशेष स्थान है। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) में कॉलेजों की 2021 श्रेणी में देश के टॉप 100 कॉलेजों में मिरांडा हाउस अव्वल रहा था। सन 1948 में मिरांडा हाउस की स्थापना हुई। मिरांडा हाउस से पढ़कर निकली छात्राओं ने आर्ट, फिल्म,लेखन,सियासत वगैरह की दुनिया में भरपूर नाम कमाया। लोकसभा की पूर्व स्पीकर मीरा कुमार, चित्रकार अंजली इलाल मेनन, फिल्मी हस्तियां जैसे मीरा नायर और नंदिता दास,सशक्त लेखिका क्षंनादा जलील, उर्वशी भुटालिया और अनीता देसाई, डांसर और ब्यूरोक्रेट शोभना नारायण मिरांडा हाउस में ही पढ़ीं। इसी मिरांडा हाउस की छात्रा दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित और माकपा नेता वृंदा कारत भी रही हैं। दिल्ली में श्रीराम कला केन्द्र की प्राण और आत्मा शोभा दीपक सिंह भी यहां ही पढ़ी हैं। मिरांडा हाउस की फैक्ल्टी दिल्ली यूनिवर्सिटी की सर्वेश्रेष्ठ मानी जाती रही है। इधर लंबे समय तक प्रिंसिपल रही जानकी अम्मा ने मिरांडा हाउस की फैक्ल्टी से बेहतरीन टीचर्स को जोड़ा। प्रभा दीक्षित तथा ललिता ईश्वरन (राजनीतिक शास्त्र), मन्नू भंडारी (हिन्दी), कृष्णा इस्लोवे, मासूमा अली, वसंता मेनन (अंग्रेजी) जैसी अध्यापिकाएं मिरांडा हाउस में पढ़ाती रहीं हैं। प्रभा दीक्षित देश के तमाम अखबारों में सामयिक विषयों पर लिखती भी थीं। डीयू की चर्चा करते हुये दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की अनदेखी करना असंभव है। इसकी स्थापना इसलिए हुई थी ताकि इकोनॉमिक्स, कॉमर्स और भूगोल जैसे विषयों पर गहन शोध हो सके। इससे देश के प्रख्यात अर्थशास्त्री जुड़ते रहे हैं अध्यापक के रूप में। यहां से निकले छात्रों ने अपने-अपने क्षेत्रों में ठोस काम भी किया। यहां प्रो.सुखमय चक्रवर्ती, डॉ. मृणाल दत्ता चौधरी, डॉ. ए. एल नागर, डॉ.राम सिंह जैसे आदरणीय अध्यापक पढ़ाते रहे। यहाँ के कैफेटरिया में अध्यापकों और उनके छात्रों के बीच सारगर्भित चचाएं अखंड ज्योति की तरह जारी रहती है। इधर होने वाली बहसों में मतभेद भी होते हैं,पर संवाद मर्यादित रहते हैं। आखिर ये डी स्कूल है। इससे ना जाने कितने ज्ञानी,सुसंस्कृत और अध्यापक जुड़े रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के शताब्दी समारोह में भाग लेते हुए अपने संबोधन में कहा कि कोई भी देश हो उसकी यूनिवर्सिटीज उसकी उपलब्धि का सच्चा प्रतीक होते हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी सिर्फ एक यूनिवर्सिटी नहीं बल्कि एक मूवमेंट रही है। इस यूनिवर्सिटी ने हर मूवमेंट को जिया है, इस यूनिवर्सिटी ने हर मूवमेंट में जान भर दी है।

डीयू जब स्थापना हुई थी तब इसमें केवल तीन कॉलेज हुआ करते थे और अब 90 से अधिक कॉलेज डीयू का हिस्सा हैं। आज डीयू में लड़कों से ज्यादा लड़कियां पढ़ती हैं। ये कहना पड़ेगा कि आज डीयू जिस मुकाम पर है, उसमें यहां के बहुत से अध्यापकों के योगदान को याद रखन होगा। उनमें किरोड़ीमल कॉलेज के फ्रेंक ठाकुर दास का जिक्र सबसे पहले करना होगा। वे अंग्रेजी और ड्रामा के अध्यापक थे। उनकी प्रेरणा से ही अमिताभ बच्चन, सतीश कौशिक, कुल भूषण जैसे छात्र एक्टिंग की दुनिया की तरफ गये।

इस बीच,दिल्ली यूनिवर्सिटी मेन कैंपस में सड़क के आर-पार है सेंट स्टीफंस कॉलेज और हिन्दू कॉलेज। इस सड़क का नाम है सुधीर बोस मार्ग। सुधीर बोस को डीयू बिरादरी एक श्रेष्ठ शिक्षक तथा क्रिकेट प्रेमीके रूप में याद करती है। सुधीर बोस सेंट स्टीफंस कॉलेज में 1937-63 तक फिलोस्फी पढ़ाते रहे। वे दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ(डीडीसीए) के संस्थापक सदस्यों में से थे। सुधीर बोस मार्ग का होना गवाही है कि डीयू अपने गुरुओं के प्रति अगाध श्रद्धा का भाव रखती है। अब बात करें रवि चतुवेर्दी की। वे कमेंटेटर बनने से पहले ही दिल्ली यूनिवर्सिटी में जीव विज्ञान पढ़ाने लगे थे। उनके प्रयासों से यहां की जीव विज्ञान प्रयोगशाला लगातार बेहतर होती रही। रवि जी ने लगभग 42 सालों तक अध्यापन किया। उनकी कलम कमेंट्री और अध्यापन की मसरूफियत के बावजूद थमी नहीं। उन्होंने क्रिकेट पर हिन्दी-अंग्रेजी में करीब 20 किताबें और दो हजार से अधिक लेख लिखे । रवि चतुवेर्दी की जान बसती है क्रिकेट में। कमेंटेटर और लेखक नोवी कपाड़िया तो अपने आप में फुटबॉल के चलते-फिरते विश्वकोष थे। वे अंग्रेजी के शिक्षक थे। नोवी कपाड़िया देश की फुटबॉल के गुजरे छह दशकों के गवाह थे। बेशक, इन और बाकी अनेक शिक्षकों की लगन के चलते दिल्ली यूनिवर्सिटी देश में ज्ञान का संदेश फैला रही है।

मौजूदा व्यवस्था में वैदिक शिक्षा का समावेश हो

आषाढ़ मास की शुक्ल पूर्णिमा के दिन संस्कृत के प्रकांड विद्वान व महाकाव्य महाभारत तथा अठारह पुराणों एवं उपपुराणों के रचयिता के रूप में ख्याति प्राप्त महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। अतः इस दिन को गुरु पूर्णिमा के तौर पर मनाया जाता है। विश्व का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ श्रीमद्भगवदगीता भी महाभारत का ही अंश है। पुराणों के अनुसार दूसरी मान्यता यह है कि प्रथम गुरु भगवान शिव ने अपने अनुयायी सप्तऋषियों को योग का ज्ञान आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के शुभ अवसर पर ही दिया था। गुरुसत्ता के प्रतिनिधि व भारतीय धर्म साहित्य संपदा के शिरोमणि महर्षि वेद व्यास महान लेखक व दार्शनिक थे। अलौकिक ज्ञान शक्ति से सम्पन्न महर्षि वेद व्यास ने अपने शिष्यों पैल मुनि को ऋग्वेद, वैश्म्पायन को यजुर्वेद व सुमंतु को अथर्ववेद तथा जैमिनी को सामवेद में परांगत करके सनातन धर्म संस्कृति व वैदिक ज्ञान के प्रसार का दायित्व सौंपा था। महर्षि वेद व्यास के उन चारों शिष्यों ने अपने आश्रमों को वेद शिक्षा का केंद्र बनाया, तत्पश्चात सम्पूर्ण भारतवर्ष वैदिक ज्ञान से वेदमय हुआ था।

प्रताप सिंह पटियाल
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

देवभूमि हिमाचल प्रदेश कई महान ऋषियों की तपोभूमि रहा है। मान्यता है कि चंदेल राजवंश की कहलूर रियासत की राजधानी बिलासपुर का वैदिक नाम व्यासपुर वेदों के प्रथम व्याख्याता महर्षि वेद व्यास के नाम से संबंधित था। सतलुज नदी के तट पर व्यास ऋषि की तपोस्थली व्यासगुफा बिलासपुर में एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। आषाढ़ मास की शुक्ल पूर्णिमा के दिन संस्कृत के प्रकांड विद्वान व महाकाव्य महाभारत तथा अठारह पुराणों एवं उपपुराणों के रचयिता के रूप में ख्याति प्राप्त महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। अतः इस दिन को गुरु पूर्णिमा के तौर पर मनाया जाता है। विश्व का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ श्रीमद्भगवदगीता भी महाभारत का ही अंश है। पुराणों के अनुसार दूसरी मान्यता यह है कि प्रथम गुरु भगवान शिव ने अपने अनुयायी सप्तऋषियों को योग का ज्ञान आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के शुभ अवसर पर ही दिया था। गुरुसत्ता के प्रतिनिधि व भारतीय धर्म साहित्य संपदा के शिरोमणि महर्षि वेद व्यास महान लेखक व दार्शनिक थे। अलौकिक ज्ञान शक्ति से सम्पन्न महर्षि वेद व्यास ने अपने शिष्यों पैल मुनि को ऋग्वेद, वैश्म्पायन को यजुर्वेद व सुमंतु को अथर्ववेद तथा जैमिनी को सामवेद में परांगत करके सनातन धर्म संस्कृति व वैदिक ज्ञान के प्रसार का दायित्व सौंपा था। महर्षि वेद व्यास के उन चारों शिष्यों ने अपने आश्रमों को वेद शिक्षा का केंद्र बनाया, तत्पश्चात सम्पूर्ण भारतवर्ष वैदिक ज्ञान से वेदमय हुआ था। महर्षि वेद व्यास के पुत्र शुकदेव भी वेदों के विद्वान ऋषि थे। सनातन धर्म की प्रतिष्ठा व वैदिक संपदा के प्रचार प्रसार में वेद व्यास के अलावा आदि गुरु शंकराचार्य का भी महान योगदान रहा है।

ईसा पूर्व आठवीं शताब्दी में आदि शंकराचार्य ने भारत की चारों दिशाओं पूर्व में पुरी के गोवर्धन मठ में ऋग्वेद, पश्चिम में द्वारिका के शारदा मठ में सामवेद व उत्तर में उत्तराखंड के जोशीमठ में अथर्ववेद तथा दक्षिण में कर्नाटक के श्रृंगेरी पीठ में यजुर्वेद को स्थापित करके चारों मठों को वैदिक शिक्षा का केन्द्र बनाया था। आदि शंकराचार्य ने ही अपने विद्वान शिष्य को मठाधीश बनाने की परंपरा शुरू की थी। अतः गुरु-शिष्य परंपरा के निर्वहन में मठों की विशेष भूमिका रही है। भारत में अनादिकाल से गुरुओं के प्रति सम्मान व समर्पण रखने वाले महान शिष्यों की गौरवशाली परंपरा रही है। ईश्वर के समतुल्य ज्ञानदाता गुरु द्वारा प्रदान शिक्षा व संस्कारों के आधार पर ही शिष्य अनुशासित व संस्कारवान बनते हैं। आजादी के बाद देश के शिक्षा क्षेत्र में सुधारों के लिए कई नीतियां बनी। वर्तमान में देश के कई सियासी रहनुमा शिक्षा क्रांति की दुहाई देकर अपनी सियासी जमीन मजबूत कर रहे हैं। इसके बावजूद शिक्षा क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर भारत पिछड़ चुका है। स्मरण रहे विश्व में शिक्षा की उत्तम व अनुशासित पद्धति गुरुकुलों का संचालन भारत भूमि पर हमारे आचार्यों ने सदियों पूर्व कर दिया था। उसी शिक्षा व्यवस्था के बल पर भारत को ह्यविश्व गुरुह्ल की पदवी हासिल हुई थी। धर्मशास्त्र, नीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, शास्त्रार्थ, खगोल, ज्योतिष व अध्यात्म तथा ज्ञान विज्ञान सहित कई विषयों में विश्व के सर्वश्रेष्ठ आचार्य भारतवर्ष में हुए थे। सांख्य दर्शन के प्रर्वतक कपिल मुनि व यंत्र सर्वस्व ग्रंथ के रचयिता महर्षि भारद्वाज तथा चंद्रगुप्त मौर्य को सम्राट बनाकर भारत का इतिहास बदलने वाले तक्षशिला विश्वविद्यालय के शिक्षक चाणक्य जैसे विद्वान आचार्यों का जन्म इसी भारतभूमि पर हुआ था। शैक्षिक ज्ञान से अपने शिष्यों को गुणवान बनाने वाले कई महान आचार्यों का उल्लेख वैदिक साहित्य में हुआ है। देवताओं के गुरु बृहस्पति तथा दैत्य गुरु महर्षि शुक्राचार्य दोनों अंगिरा ऋषि के शिष्य थे।

ऋषि उपमन्यु व आरुणि जैसे गुरुभक्त व धर्मशास्त्रों के महाज्ञाता शिष्यों ने महर्षि धौम्य से शिक्षा प्राप्त की थी। अपनी विद्वता के बल पर गुरु परशुराम ने भीष्म, द्रोण व दानवीर कर्ण जैसे शिष्यों को शस्त्र विद्या में निपुण करके महान योद्धा बनाया था। अपने लक्ष्य के प्रति संकल्पवान अर्जुन जैसा महान धनुर्धर शिष्य गुरु द्रोण के सान्निध्य से ही निकला था। ज्ञान वही जो व्यवहार में काम आए, इस प्रसंग का उल्लेख करने वाले वैदिक आचार्य बहुश्रुति का प्राचीन भारत की शिक्षा में विशेष योगदान रहा था। भारत की शिक्षा संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के विकास तथा शिष्यों में राष्ट्रवाद जगाने के लिए वैदिक आचार्य महर्षि शौनक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वैदिक शिक्षा के ध्वजवाहक शौनक ऋषि नैमिषारण्य के विशाल गुरुकुल के कुलपति थे। नैमिषारण्य में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या हजारों में थी। आध्यात्मिकता के रंग में रंगा शौनक ऋषि की सिद्धस्थली व विद्याध्ययन का प्राचीन केंद्र नैमिषारण्य भारतीय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की मजबूत नींव रहा है। विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण का कुशल संपादन करने वाले महर्षि शौनक को विश्व के प्रथम कुलपति होने का गौरव प्राप्त था। भावार्थ यह है कि जीवन में बेहतर भविष्य की कल्पना तथा असंभव लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गुरु रूपी महान विभूति के मार्गदर्शन की जरूरत होती है। भारत में अनादिकाल से समाज को शिक्षित करने में आचार्यों तथा धर्म स्थापना के लिए आध्यात्मिक गुरुओं की विशेष भूमिका रही है, मगर विश्व की सर्वश्रेष्ठ शिक्षा व्यवस्था गुरुकुल पद्धति के संचालक महर्षि भारद्वाज, वाल्मीकि, बहुश्रुति, शौनक, अत्रि, संदीपनी, वशिष्ठ, मैत्रेय, अष्टावक्र, याज्ञवल्क्य व उद्दालक जैसे महाविद्वान आचार्य भारतीय शिक्षा पाठ्यक्रमों में गुमनाम क्यों हुए, यह मंथन का विषय है। वैदिक संस्कारों से परिपूर्ण प्राचीन शिक्षा व्यवस्था गुरुकुल व शिक्षा के स्तंभ आचार्य स्वाभिमान का प्रतीक हैं। राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक सोच से परिपूर्ण वैदिक शिक्षा शिक्षार्थी को हर परिस्थिति से सामना करके चुनौतियों से जूझने में सक्षम बनाती थी। अतः अपनी गौरवशाली संस्कृति व वैदिक संस्कारों का अस्तित्व बचाने के लिए तथा विद्यार्थियों को अपने कत्र्तव्य व दायित्व का बोध कराने के लिए मौजूदा शिक्षा व्यवस्था में भारत का गौरव रही वैदिक शिक्षा का समावेश जरूरी है। भारत की प्राचीन ज्ञान विरासत तथा गुरु-शिष्य परंपरा पर हर भारतवासी को गर्व होना चाहिए।

अर्थव्यवस्था पर नियंत्रण, प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने से होगा उपभोक्ताओं का लाभ

नारायण कृष्णमूर्ति

अधिकांश भारतीयों का जीवन देश की कुछ बड़ी कंपनियों द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही वस्तुओं और सेवाओं पर निर्भर है। आपका मोबाइल कनेक्शन जियो, एयरटेल या आइडिया-वोडाफोन का हो सकता है, आप शायद टाटा का नमक खरीदते होंगे या एअर इंडिया, विस्तारा या एअर एशिया (सभी टाटा समूह से संबद्ध) से यात्रा करते होंगे। आप एयरटेल, टाटा स्काई या जियो नेटवर्क आदि पर टेलीविजन देख रहे होंगे। प्रमुख शेयर बाजार सूचकांकों में इन समूहों से संबंधित कई स्टॉक शामिल हैं-रिलायंस, अदाणी, आदित्य बिड़ला, टाटा या भारती समूह।

इन शीर्ष पांच कंपनियों का विनिर्माण और प्रौद्योगिकी-संचालित क्षेत्रों के अलावा बुनियादी ढांचे से संबंधित कई क्षेत्रों में भी दबदबा है। रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य द्वारा लिखे गए एक शोधपत्र के अनुसार, परियोजनाओं के आवंटन में इन्हीं शीर्ष कंपनियों को वरीयता दी गई है, जिसके कारण इन बड़े समूहों द्वारा इंजीनियरिंग, धातु, गैर-धातु खनिज, रसायन, दूरसंचार, खुदरा उत्पाद और पेट्रोलियम जैसे व्यवसायों के नियंत्रण में शक्ति का केंद्रीकरण हो गया है। ह्यबिग फा

संक्षिप्त खबरें

उप्र: परिक्रमा करने गोवर्धन आए श्रद्धालु की करंट लगने से मौत

उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में गोवर्धन में चल रहे ह्यराजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेलेह्न के दौरान गिरिराज जी की परिक्रमा कर रहे दिल्ली के एक श्रद्धालु की कथित तौर पर करंट लगने मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। गोवर्धन के थाना प्रभारी ओमहरि वाजपेयी ने बताया कि दिल्ली के कापसहेड़ा इलाके के निवासी रवि (35) तीर्थनगरी में परिक्रमा करने के लिए आया हुआ था। यह हादसा रविवार शाम उस समय हुआ जब आन्यौर गांव के पास एक प्याऊ पर पानी पीते समय उसे करंट लग गया और वह बेहोश हो गया। रवि को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहां मौजूद चिकित्सकीय अधीक्षक डॉ. वी. एस. सिसोदिया ने बताया कि रवि के शव को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया था। थाना प्रभारी ओमहरि वाजपेयी ने बताया कि पुलिस ने रवि के परिवार के आग्रह पर उसका शव उन्हें सौंप दिया।

ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई कार : चार श्रद्धालुओं की मौत, 16 घायल

मथुरा जिले के फरह क्षेत्र में सोमवार को गोवर्धन परिक्रमा से लौट रहे श्रद्धालुओं की एक कार, आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकरायी जिससे चार लोगों की मौत हो गई तथा 16 अन्य घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बताया कि आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर फरह थाना क्षेत्र में गोवर्धन परिक्रमा से लौट रहे श्रद्धालुओं की एक कार आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा टकरायी। हादसे में कार में सवार तीन लोगों और ट्रॉली में बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा 16 अन्य घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि कार सवार लोग राजस्थान के भरतपुर जिले के उबार गांव के रहने वाले बताये जाते हैं। वहीं, ट्रैक्टर-ट्रॉली में मध्य प्रदेश के भिण्ड जिले के शेरपुर गांव के लोग परिक्रमा करने गोवर्धन पहुंचे थे। सिंह ने बताया कि कार की टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और उसमें सवार लगभग सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस शवों का पोस्टमार्टम करा रही है।

उप्र : ट्रक की टक्कीर से ट्रैक्टर-ट्रॉली सवार तीन कांवड़ियों की मौत, 12 अन्य घायल

मुजफ्फरनगर जिले के मंसूरपुर इलाके में दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक ट्रक की टक्कार लगने से ट्रैक्टर-ट्रॉली सवार तीन कांवड़ियों की मौत हो गई तथा 12 अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कुछ कांवड़िये भगवान शिव के मंदिरों में चढ़ाने के लिये ट्रैक्टिर ट्राली पर सवार होकर गंगा जल लाने हरिद्वार जा रहे थे। रास्तेव में मंसूरपुर इलाके में दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनके वाहन को एक ट्रक ने जोरदार टक्केर मार दी। इस हादसे में अजय (23), रोहित (22) और अनमोल (22) नामक कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंरने बताया कि हादसे में 12 अन्यम लोग भी घायल हुए हैं जिन्हें। इलाज के लिए अस्पटताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और ट्रक को जब्त कर लिया है।

भदोही : खोये मोबाइल पाकर खिले 125 लोगों के चेहरे

उत्तर प्रदेश की भदोही जनपद पुलिस ने सोमवार को 125 लोगों को 18 लाख 50 हजार रुपए के मोबाइल सौंपकर बड़ा तोहफा दिया। इस सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि भदोही जिले के अलग-अलग स्थानों पर 125 मोबाइल गिर-पड़कर खोये हुए थे। मोबाइल मालिकों द्वारा इसकी शिकायत की गई थी। एसपी डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर भदोही जनपद पुलिस व साइबर सेल ने इन खोये-पड़े-गिरे मोबाइलों की तलाश करते हुए 125 लोगों को पुलिस लाइन में बुलाकर गुरू पूर्णिमा के मौके पर तोहफा दिया। मोबाइल पाकर सभी के चेहरे खिल गये। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बरामद 125 मल्टीमीडिया मोबाइल की कीमत 18 लाख 50 हजार रुपए है।

उप्र : कार खाई में गिरी, दो लोगों की मौत

जिले के कमलापुर इलाके में सोमवार को एक कार के अनियंत्रित होकर खाई में गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने बताया कि यह घटना तब हुई जब लखनऊ से सीतापुर जा रही एक कार का चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार डिवाइडर से टकराकर लगभग 70 फुट गहरी खाई में जा गिरी। उन्होंने बताया कि मरने वालों की पहचान संदीप वर्मा (52) और मनीष वर्मा (40) के रूप में हुई है। सिंह ने बताया कि दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया है।

उप्र : मार्ग दुर्घटनाओं में नौ की मौत, कई घायल

अलग-अलग जिलों में हुई दुर्घटनाएं

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में सोमवार को मार्ग दुर्घटनाओं में नौ लोगों की मौत हुई है। मथुरा और मुजफ्फरनगर सड़क हादसे में तीन-तीन जबकि फिरोजाबाद, मेरठ और बुलंदशहर में एक-एक की मौत हुई है। दुर्घटनाओं में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मथुरा के एसपी सिटी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश से करीब 50 से लोग ट्रैक्टर-टॉली में बैठकर मथुरा आए थे। गोवर्धन सप्तकोसीय परिक्रमा करने के बाद सोमवार की सुबह वापस लौट रहे थे। तभी फरह थाना के रैपुराजाट चौकी क्षेत्र अंतर्गत आगरा-दिल्ली राजमार्ग पर तेज रफ्तार एक कार ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में कार सवार पांच लोगों में से तीन की मौत हो गई है। पुलिस ने एक शव की शिनाख्त राजस्थान निवासी गोवर्धन (74) के रूप में की है। अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। मुजफ्फरनगर जनपद में मंसूरपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित दिल्ली देहरादून हाईवे-58 पर सोमवार को एक बेकाबू ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में अजय और अनमोल की मौके पर मौत हो गई, जबकि रोहित ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अन्य घायलों का इलाज बेगराजपुर मेडिकल में चल रहा है, जिनमें विशाल,आकाश, विकास,मानिक,राजन,हैप्पी,करण और चिराग की हालत नाजुक है। खतौली क्षेत्राधिकारी रविशंकर ने बताया कि ट्रक ने जिस ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मारी है, उसमें दो डीजे और सामान रखा हुआ था। यह सामान मेरठ के लालकुर्ती निवासी अनमोल और मोदीनगर के निवाड़ी निवासी रोहित का है। दोनों डीजे व सामान को ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादकर खतौली के गांव पमनावली निवासी अजय एवं 12 से अधिक मजदूरों को लेकर रुड़की जा रहे थे। इसी तरह मेरठ जनपद के सरधना थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह मेरठ-करनाल नेशनल हाईवे पर बपासरी के पास ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। इस हादसे में ट्रक चालक शिवपुरम कॉलोनी निवासी विपिन की मौत हो गई। एक अन्य घटना में फिरोजाबाद जिले के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक बोलेरो कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार महोबा जिले में तैनात उपनिरीक्षक जयशंकर पाण्डेय, आरक्षी सुरजीत सिंह, शुभम जायसवाल, महिला सिपाही मंजूलता और चालक संतराम शाहू, अपहृत लड़की और आरोपित नरेन्द्र घायल हो गये। सिरसागंज सीओ प्रवीण कुमार मुताबिक अस्पताल में इलाज के दौरान अपहृत लड़की की मां मीना देवी की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि आरोपित नरेन्द्र लड़की को भगा ले गया था। मां मीना की तहरीर पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश में थी। एक सूचना के आधार पुलिस की टीम ने दोनों को रविवार की आधी रात को दिल्ली से बरामद किया था। सोमवार को पुलिस टीम उन्हें वापस लेकर लौट रही थी, तभी यह हादसा हुआ है। बुलंदशहर जनपद में सिकंदराबाद खुर्जा रोड पर ट्रक और कार में हुई जबरदस्त टक्कर हुई। हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी है।

मैत्रेय परियोजना की 409 एकड़ भूमि का होगा डी नोटिफिकेशन

लखनऊ, एजेंसी

निरस्त मैत्रेय परियोजना की पार्ट-2 की लगभग 409 एकड़ भूमि किसानों को वापस होने की सम्भावना बन रही है। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने इसके संकेत दिए हैं। दरअसल मैत्रेय परियोजना के लिए साल 2003 में कुल 660.57 एकड़ भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी हुई थी। पार्ट वन 250 एकड़ भूमि है। 195 एकड़ भूमि का मुआवजा वितरित कर दिया गया है। 55 एकड़ भूमि जिगजैग (टुकड़े-टुकड़े) में है। पार्ट वन की इस भूमि के 145 एकड़ भूमि पर महात्मा बुद्ध कृषि विश्वविद्यालय बनेगा। सात जुलाई को प्रधानमंत्री इसकी आधारशिला रखेंगे। कृषि व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बनाए जाने के लिए राज्य सरकार ने वित्तीय व प्रशासनिक संस्तुति करने के साथ 750 करोड़ का बजट खर्च करने की मंजूरी दे दी है। साल 2003 में मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की सरकार ने कसया तहसील के बेलवा पलकधारी, सबया, कसया, विशुनपुर विन्दबलिया, अनिरूध्वा, सिसवां, डुमरी गांव की कुल 660.57 एकड़ भूमि का अधिग्रहण मैत्रेय परियोजना के लिए किया था। भूमि के मुआवजा के लिए एक अरब रुपए का प्राविधान किया गया था। परियोजना से इन गांवों के कुल 2500 किसान प्रभावित हुए थे। साल 2013 में अखिलेश यादव सरकार ने पार्ट वन की भूमि पर मुआवजा भुगतान कर मैत्रेय परियोजना का शिलान्यास किया। परियोजना के तहत मैत्रेय ट्रस्ट को बुद्ध की 200 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा की स्थापना सहित पर्यटन विकास, शैक्षणिक व स्वास्थ्य आदि के आधारभूत संसाधनों की स्थापना के कार्य किये जाने थे। किंतु ट्रस्ट आठ साल की अवधि के भीतर एक कार्यालय भवन की स्थापना करने के अलावा और कोई कार्य नहीं कर सका। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने साल 2021 में मैत्रेय परियोजना की समीक्षा करने के बाद ट्रस्ट से हुआ एमओयू (मेमोरंडम आफ अंडरस्टैंडिंग) निरस्त कर दिया। वैसे तो किसान मैत्रेय की लांचिंग के समय से ही इसे फर्जी बताते हुए निरस्त करने की मांग कर रहे थे। 2013 के बाद पार्ट टू से संबंधित सिसवां, डुमरी, अनिरूध्वा के किसान लगातार अपनी भूमि को डीनोटिफाई करने की मांग कर रहे हैं। किसान नेता व भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गोंड का कहना है कि पार्ट टू की भूमि मुक्त होनी चाहिए। 20 साल से किसान अधर में लटके हैं। किसान न तो भूमि बेच सकते हैं और न ही भूमि पर ऋण लेकर खेती-बाड़ी कर सकते हैं। सोमवार को कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने शेष भूमि के सम्बंध में बताया कि किसान जो चाहते हैं, वही होगा। उन्होंने मैत्रेय को फर्जी संस्था बताया। किसानों की इस स्थिति के लिए सपा को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने बिना जाने-समझे किसी ठोस आधार के इतना बड़ा निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय से एक करोड़ किसानों को फायदा होगा। कृषि विकास के दूरगामी हित सधेंगे।

रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने भाजपा से हाथ मिलाने की अटकलों को खारिज किया

बागपत, एजेंसी

राष्ट्री य लोकदल (रालोद) प्रमुख जयंत चौधरी ने महाराष्ट्री में हुए राजनीतिक घटनाक्रम के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ मिलाने की अटकलों को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि उनका रुख बिल्कुअल स्पाष्टभ है और वह विपक्षी दलों की अगली बैठक में जरूर शामिल होंगे। चौधरी ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा से गठजोड़ की संभावना से इनकार किया। चौधरी से पूछा गया था कि केन्द्रीसय मंत्री रामदास आठवले और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अध्यीक्ष ओमप्रकाश राजभर कह रहे हैं कि महाराष्ट्रा में हुए सियासी घटनाक्रम के बाद वह (चौधरी) भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। उन्होंमने कहा, मेरा रुख बिल्कुल स्पष्ट है। उनके (अठावले और राजभर) कहने से क्या(होता है। रालोद अध्यूक्ष ने कहा, पटना में 23 जून को (विपक्षी दलों की) बैठक हुई और अगले दौर की जो बातचीत होगी मैं उसमें शामिल होऊंगा। गौरतलब है कि चौधरी 23 जून को पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक में निजी कारणों का हवाला देते हुए शामिल नहीं हुए थे। आठवले ने एक बयान में कहा है कि महाराष्ट्र में राष्ट्रेवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में टूट के बाद वैसे ही हालात बिहार और उत्त र प्रदेश में भी पैदा हो सकते हैं और जयंत चौधरी भाजपा नीत राष्ट्री य जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हो सकते हैं, क्योंकि वह 23 जून को पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक में शामिल नहीं हुए थे। वहीं, ओमप्रकाश राजभर ने भी दावा किया था कि महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि उत्तवर प्रदेश में भी बड़ा फेरबदल होने वाला है तथा समाजवादी पार्टी और रालोद का गठबंधन टूटने की कगार पर है। महाराष्ट्रे के राजनीतिक घटनाक्रम से जुड़े सवाल पर चौधरी ने कहा, देखिए, यह कोई नई बात नहीं है। यह चीजें होती हैं। राजनीति में यह कोई पहली बार तो नहीं हो रहा है। जनता का फैसला अब 2024 में ही होगा। जनता किसी के हाथ की चाबी तो है नहीं। वह जनादेश देगी। गौरतलब है कि राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने एकनाथ शिंदे नीत महाराष्ट्र सरकार में रविवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली, वहीं पार्टी के आठ अन्य नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली थी। इसे राकांपा के संस्थापक शरद पवार के लिए एक बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है।

कर्नाटक सरकार का बिटकॉइन घोटाले की दोबारा जांच के लिए एसआईटी गठन का आदेश

बेंगलुरु, एजेंसी

कांग्रेस सरकार ने सोमवार को एक आदेश जारी कर कर्नाटक में कथित तौर पर शीर्ष भाजपा नेताओं से जुड़े बिटकॉइन घोटाले की दोबारा जांच करने का निर्देश दिया है। जांच के लिए आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के तहत एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जा रहा है। गृहमंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने सोमवार को कहा कि हमने पिछली भाजपा सरकार के दौरान लाखों करोड़ रुपये की हेराफेरी के बारे में चर्चा की थी। अब हमने दोबारा जांच के आदेश दिए हैं। सीआईडी के तहत एसआईटी का गठन किया जा रहा है। इस कांड की जांच पूरी होने में कितना वक्त लगेगा, कहा नहीं जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि इस घोटाले में तकनीकी, अंतरराज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय मामले शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि बेंगलुरु में सीसीबी पुलिस द्वारा कथित अंतरराष्ट्रीय हैकर श्रीकांत उर्फ श्रीकी की गिरफ्तारी के बाद बिटकॉइन घोटाला हुआ था। यह आरोप लगाया गया था कि आरोपी हैकर का उपयोग करके, सत्तारूढ़ भाजपा नेताओं ने 2020 में हिरासत में रहते हुए उसे घोटाला करने की अनुमति देकर भारी मात्रा में धन कमाया था। पुलिस ने आरोपी को कथित तौर पर ड्रग्स बेचते हुए गिरफ्तार किया था। जांच से पता चला कि आरोपियों ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों और सरकारी वेब पोर्टल को हैक करके 11 करोड़ रुपये की हेराफेरी की थी। उसने कथित तौर पर पैसे को बिटकॉइन में बदल दिया था और बेंगलुरु में ड्रग तस्करी को अंजाम दिया था। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इससे पहले कई ट्वीट करके बिटकॉइन घोटाले को लेकर भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के साथ-साथ पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई पर निशाना साधा था। कांग्रेस नेता ने ट्वीट करते हुए सवाल किया, इसमें (तत्कालीन गृहमंत्री) बसवराज बोम्मई और राज्य सरकार में दूसरे लोगों की भूमिका और जिम्मेदारी क्या है? कांग्रेस नेता ने आगे कहा था कि बिटकॉइन घोटाले की परतें आखिरकार खुल रही हैं। भारत के गृह मंत्री और मुख्यमंत्री बोम्मई को जवाब देने दीजिए। कर्नाटक भाजपा सरकार के तहत भारत के सबसे बड़े बिटकॉइन घोटाले की जांच के लिए एफबीआई भारत में है। यदि हां, तो राजनीतिक लोगों सहित जांच और संदिग्धों का विवरण जारी करें। सुरजेवाला ने सवाल किया कि कितने बिटकॉइन चोरी हुए? और उनकी कीमत क्या थी? कर्नाटक में कौन-कौन शामिल हैं? क्या चुराए गए बिटकॉइन व्यवस्थित हैकर श्रीकृष्ण के वॉलेट से ट्रांसफर किए गए थे? सुरजेवाला ने कहा कि क्या व्हेल अलर्ट में दो तारीखों 1 दिसंबर 2020 और 14 अप्रैल 2021 को 5240 करोड़ की कीमत के 14,682 चुराए गए बिटफिनेक्स बिटकॉइन के हस्तांतरण को दशार्या गया है, जब श्री कृष्ण हिरासत में थे, इसका कोई संबंध है? उन्होंने पूछा कि इंटरपोल को सूचना क्यों नहीं दी गई? भाजपा सरकार ने इंटरपोल को इस बारे में लिखने के लिए 24 अप्रैल 2021 तक 5 महीने से अधिक समय तक इंतजार क्यों किया, और वह भी 17 अप्रैल 2021 को श्री कृष्णा की रिलीज के बाद। उन्होंने यह भी सवाल किया कि कर्नाटक भाजपा सरकार ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सूचित क्यों नहीं किया?

राकांपा को बचाने के लिए जनरल शरद पवार फिर योद्धा की भूमिका में

मुंबई, एजेंसी

पच्चीस साल पुरानी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के दो टुकड़ों में बंटने के बमुश्किल 24 घंटे बाद 83 वर्षीय सुप्रीमो शरद गोविंदराव पवार अपने सर्वश्रेष्ठ कौशल में वापस आ गए -चुनौती से लड़ते हुए जो वह पिछले 55 साल के अपने राजनीतिक जीवन में करते रहे हैं, लेकिन एक भी हथियार इस्तेमाल किए बिना। इस बार, राजनीतिक युद्ध एक आंतरिक प्रतिद्वंद्वी के साथ लड़ा जा रहा है - उनके भतीजे अजीत अनंतराव पवार, जिन्हें अपराधी करार दिया गया है, जिन्होंने सत्तारूढ़ शिव सेना-भारतीय जनता पार्टी के शत्रु शिविर के साथ समर्थन करने के लिए पार्टी को तोड़ दिया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मंत्रिमंडल में भाजपा के देवेन्द्र फड़णवीस के साथ दूसरे उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेते हुए 2 जुलाई को अजित पवार को देखकर अधिकांश राजनीतिक नेताओं रविवार दोपहर के भोजन के बाद नींद उड़ गई। शाम तक युद्ध की रेखाएँ खींची गईं, शरद पवार ने युद्ध का बिगुल बजा दिया, यहां तक कि अपना हाथ उठाया और घोषणा की कि वह पार्टी में सबसे विश्वसनीय व्यक्ति हैं, साथ ही वह सतारा में दिवंगत वाई.बी. चव्हाण की समाधि पर आशीर्वाद लेंगे। सोमवार को शुभ गुरु पूर्णिमा दिवस पर राजनीतिक युद्ध का शंखनाद होगा। आज सुबह जब उनका लंबा काफिला पुणे से सतारा की ओर बढ़ा तो हजारों समर्थक और आम लोग, जिनमें ज्यादातर युवा और महिलाएं थीं, उनसे मिलने और उनका स्वागत करने के लिए कतार में खड़े थे। वे उनके पक्ष में नारे लगा रहे थे और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे थे। कराड कस्बे में उनका स्वागत वरिष्ठ कांग्रेसी और पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, सतारा के राकांपा सांसद श्रीनिवास पाटिल, राज्य राकांपा अध्यक्ष जयंत पाटिल के बेटे प्रतीक पाटिल और पार्टी के दिग्गज नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत आर.आर. पाटिल के बेटे रोहित पाटिल और चचेरे पोते विधायक रोहित पवार ने किया। संयोग से, सतारा जहां से शरद पवार ने आज अपनी नई लड़ाई शुरू की, वह 2019 के लोकसभा उपचुनाव युद्ध के भव्य समापन का स्थान था - जब उन्होंने भाजपा उम्मीदवार उदयनराजे भोसले को हराने के लिए उसी श्रीनिवास पाटिल के लिए भारी बारिश में प्रचार किया था - और पूरे भारत में दिल जीत लिया था। वाई.बी. चव्हाण के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद शरद पवार ने एक उत्साही भीड़ को संबोधित करने के लिए माइक्रोफोन उठाया, जिसे नियंत्रित करने में सुरक्षाकर्मियों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। अपने जोशीले भाषण में, 83 वर्षीय नेता ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता अभी भी उनके साथ हैं और उन्होंने कसम खाई कि राज्य के लोग उन लोगों को उचित सबक सिखाएंगे जिन्होंने राकांपा को तोड़ा और महाराष्ट्र की गौरवशाली राजनीतिक परंपराओं को त्याग दिया। पवार ने कहा, ह्लयह राज्य के लोगों को अच्छा नहीं लगा है। महाराष्ट्र की राजनीति ने हमेशा देश का मार्गदर्शन किया है... कुछ लोग भाजपा की विघटनकारी राजनीति का शिकार हुए हैं, और उन्होंने पाला बदल लिया है... अजित पवार एनसीपी का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। जनता इन लोगों को उचित जवाब देगी जिन्होंने राकांपा को विभाजित कर दिया है ह्व भीड़ ने उनकी बात की पुष्टि की। अपने भाषण में उन्होंने भाजपा पर लोगों को धार्मिक आधार पर विभाजित करने और अशांति पैदा करने, समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भय पैदा करने, लोकतंत्र और जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों को खतरे में डालने का आरोप लगाते हुए उसकी आलोचना की। हालांकि, शरद पवार ने विश्वास जताया कि राज्य के लोग - जिन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज, छत्रपति शाहू महाराज, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर और ज्योतिराव फुले जैसे आदर्शों के सर्वोत्तम मूल्यों को आत्मसात किया है - यह सब बर्दाश्त नहीं करेंगे। संकटग्रस्त महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के प्रस्तावित नए विपक्ष के नेता और राकांपा महासचिव डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने सतारा में शरद पवार के जोरदार स्वागत पर खुशी व्यक्त की और कहा कि जो लोग उनके खिलाफ खड़े हैं, उनका हश्र तय है। सीनियर पवार ने खुद कहा था कि उन्हें कल पाला बदलने वाले विधायकों की चिंता नहीं है बल्कि उन्हें उनके राजनीतिक भविष्य की ज्यादा चिंता है। इससे जाहिर तौर पर उचित संकेत मिले - कम से कम एक अभिनेता से सांसद बने डॉ. अमोल कोल्हे और कई अन्य विधायक - जिन्हें रविवार को अजित पवार के साथ मुस्कुराते और मेलजोल में देखा गया था, उन्होंने आज अपनी घर-वापसी की घोषणा की। राकांपा को बचाने के लिए शरद पवार ने अंबेगांव में अपनी पहली रैली को संबोधित करने की योजना बनाई है - जो उनके पूर्व पीए दिलीप वाल्से-पाटिल का गढ़ है, जिन्हें उन्होंने विधायक, प्रमुख विभागों के साथ मंत्री और पूर्ण कार्यकाल के लिए पार्टी अध्यक्ष (2009-2014) बनाया था, लेकिन अचानक वह अजित पवार के खेमे में चले गए। इस बीच, राकांपा और अजित पवार की प्रतिद्वंद्वी पार्टी बुधवार को मुंबई में अपनी महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित करने वाली हैं, जहां वे अपने भविष्य के पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार करेंगी।

कौशांबी में महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

कौशांबी, एजेंसी

कौशांबी जिले के पिपरी क्षेत्र में अपने प्रेमी के साथ रह रही एक महिला ने कथित तौर पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह ने सोमवार को बताया कि पिपरी क्षेत्र निवासी रूबी (38) ने रविवार को जहर खाकर खुदकुशी कर ली। जांच में पता चला है कि उसका पति मदनलाल पासी लंबे समय से बीमार था और वह अपने पति का ह्यझाड़-फूंकह्न के जरिए इलाज करा रही थी। इसी दौरान वह निजामपुर गांव के रहने वाले राजू पासी के संपर्क में आई। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू होने पर रूबी अपने पति को छोड़कर अपनी बेटी के साथ राजू के घर में रहने लगी। उन्होंने बताया कि रूबी ने इसी साल 17 जून को राजू के खिलाफ अपनी 18 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। राजू की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इस दौरान वह रूबी के फिर संपर्क में आया और चार दिन पहले रूबी दोबारा राजू के घर आकर रहने लगी थी। सिंह ने बताया कि रविवार दोपहर को रूबी और राजू का मोबाइल फोन पर बातचीत के दौरान झगड़ा हुआ था।

हिंदुस्तान पेट्रोलियम के नए पेट्रोल, डीजल एवं सीएनजी पंप का शानदार शुभारंभ

प्रात : किरण, संवाददाता

गजरौला/रजबपुर ।हाईवे स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के पास हिंदुस्तान पेट्रोलियम के नए फिलिंग स्टेशन का शानदार शुभारंभ हुआ। इस फिलिंग स्टेशन की सबसे खास बात यह है कि यहां गुणवत्तापूर्ण पेट्रोल, डीजल के साथ-साथ प्रदूषण रहित सीएनजी की भी उपलब्धता होगी। इसके अलावा आने जाने वाले वाहन स्वामियों के लिए खानपान का शानदार आउटलेट, वातानुकूलित सुलभ शौचालय, आर ओ वाटर, कंप्यूटराइज फ्री एयर चेकिंग के साथ तमाम सुविधाएं यहां उपलब्ध होंगी ।इस आशय की जानकारी आज फिलिंग स्टेशन के उद्घाटन के बाद पेट्रोल पंप स्वामी डॉ एसपी सिंह ने दी ।रजबपुर हाईवे स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम के नए आउटलेट का शुभारंभ हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री राकेश कुमार, वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ राजीव त्यागी, पेट्रोल पंप स्वामी डॉ एस पी सिंह, श्री सुरेंद्र तेवतिया, दिनेश वर्मा आदि ने फीता काटकर एवं फिलिंग स्टेशन के शिलापट का अनावरण करके किया ।इस अवसर पर श्री हरित तेवतिया, श्री रोहित चौधरी,एचपीसीएल के वरिष्ठ अभियंता अमरजीत सिंह,एसएस बघेल, आनंद नगर, सीओ गुरदयाल सिंह, रजबपुर थानाध्यक्ष रमेश शेरावत आदि लोग उपस्थित रहे।

नये सत्र का शुभारंभ,बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत

प्रात : किरण, संवाददाता

रहरा। गर्मी की छुट्टियां खत्म होने के बाद स्कूल आज से खुल गए हैं, करीब डेढ़ महीने बाद स्कूलों की रौनक लौट आई है, डेढ़ महीने बाद फिर स्कूल आकर बच्चे अपने दोस्तों से मिलने के लिए उत्सुक दिखे, वहीं बच्चों को स्कूल छोड़ने आए पेरेंट्स भी खुश नजर आए ।ग्रीष्मावकाश के छुट्टी के बाद बच्चे जब विद्यालय के गेट पर पहुंच रहे थे तो विद्यालय के अध्यापक गण के हाथों में छड़ी नहीं बल्कि थाल में फूल थे। आज ग्रीष्मकालीन अवकाश के उपरांत नन्हे मुन्ने बच्चे जब विद्यालय पहुंचे ,प्राथमिक विद्यालय पतेई खादर के प्रधानाध्यापक एवं जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ यशपाल सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष गौरव नागर ,समस्त स्टाफ के द्वारा तिलक लगाकर व पुष्प वर्षाकर उनका स्वागत किया ।कार्यक्रम में विजेंद्र सिंह गौरव नागर ऋषभ चौधरी राजीव कुमार शिक्षक गण उपस्थित रहे।

उप्र : पुलिस की पिटाई से युवक की मौत के मामले में आरोपी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई

बागपत, एजेंसी

बागपत जिले के खेकड़ा क्षेत्र में जुआ खेलने के संदेह में पकड़े गये एक युवक की कथित रूप से पुलिस द्वारा पिटाई से मौत होने के मामले में आरोपी पुलिसकर्मी को तत्कुाल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने सोमवार को बताया कि रविवार को खेकड़ा थाना क्षेत्र स्थित रटौल के निवासी 26 वर्षीय साजिद की कथित रूप से पुलिस द्वारा पीटे जाने से मौत हो गयी। इस मामले में आरोपी पुलिसकर्मी अभय कुमार को तत्कातल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अभी तक हुई जांच में हालांकि साजिद को पुलिस द्वारा प्रताड़ित किये जाने की पुष्टि नहीं हुई है। साजिद के शव का पोस्टमार्टम डाक्टरों के पैनल के जरिये कराया गया है। अब तक इस मामले में मृतक के परिजनों ने किसी भी पुलिसकर्मी के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना की जांच क्षेत्राधिकारी प्रीता सिंह कर रही हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक की जांच के अनुसार, दो जुलाई को खेकड़ा के रटौली पुलिस चौकी क्षेत्र में आम के बाग में कुछ लड़के संदिग्ध हालात में बैठे थे और पुलिस को देखकर वे भागने लगे। पुलिस ने उनमें से साजिद को पकड़ लिया और रटौल पुलिस चौकी में पूछताछ कर उसे थोड़ी ही देर बाद छोड़ दिया गया। उधर, साजिद के पिता बाबू व अन्य परिजनों का कहना है कि साजिद रविवार को सुबह नूरबाग के पास कुछ युवकों के साथ बैठा था, तभी वहां पुलिसकर्मी पहुंच गए। उन्हें देखक

संक्षिप्त खबरें

कुख्यात कपिल यादव चढ़ा पुलिस के हत्थे

नाथनगर (भागलपुर)। मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र इलाके से टॉप टेन में दर्ज नामचीन अपराधियों में एक कुख्यात कपिल यादव को पुलिस ने देर रात गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। वहीं इलाके में देर रात चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पांच कुर्की वारंटी सहित एक व्यक्ति को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है। वही मामले को लेकर बताया जा रहा है कि गिरफ्तार कुख्यात अपराधी कपिल यादव के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी सहित अन्य कई गम्भीर मामले दर्ज हैं। अपराधी कपिल की गिरफ्तारी को बड़ी सफलता के रूप में पुलिस देख रही है। वही इसके अन्य साथियों के बारे में भी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार शातिर अपराधी कपिल से पूछताछ कर रही हैं। वही इसके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम जल्द ही छापेमारी करने की रणनीति तैयार करने में जुट गई है।

श्रावणी मेला का उद्घाटन कल, तैयारी पूरी

भागलपुर। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का उद्घाटन कल 3:30 बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक कुमार मेहता, कृषि विभाग के मंत्री कुमार सरबजीत, कला संस्कृति मंत्री जितेंद्र कुमार राय, लोक स्वास्थ्य मंत्री ललित यादव के साथ कई स्थानीय सांसद, विधायक, विधान पार्षद सहित जिले के कई वरीय अधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना है, जिसको लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। उद्घाटन तैयारी को लेकर सुल्तानगंज नगर परिषद क्षेत्र में भागलपुर जिला अधिकारी समेत कई पदाधिकारी तैयारी का जायजा लगातार ले रहे हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि इस बार गंगा घाट पर एसडीआरएफ की तैनाती के साथ साथ मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए डेढ़ सौ सीसीटीवी कैमरे, 7 अस्थाई थाना का भी निर्माण कराया गया है। वही जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार मेले के आयोजन को लेकर एक नई शुरूआत की गई है, गंगा सहित मेला क्षेत्र प्लास्टिक मुक्त की शुरूआत की गई है।

अवैध हथियारों के साथ हाजीपुर स्टेशन आरोपी धराया

मुंगेर। बिहार में रेल मार्ग के रास्ते तस्करी कर लाये जा रहे हथियारों की बड़ी खेप का पकड़े जाने से खुलासा हुआ है। रेल पुलिस ने भारी मात्रा में हथियारों के साथ आर्म्स डीलर को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई हाजीपुर में रेलवे स्टेशन पर हुई है. मिली जानकारी के अनुसार हाजीपुर में रेल पुलिस अपने रूटीन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान उन्हें एक बड़े बैग के साथ जा रहे व्यक्ति पर शक हुआ। आरपीएफ के जवानों ने बैग की जांच की तो इस सख्स का पूरा बैग अवैध हथियारों से भरा मिला। आरोपी मुंगेर जिले के पुरानीगंज का रहने वाले सोनू कुमार अग्रवाल है, जो काले काले भूरे रंग के बैग के साथ पकड़ा गया है. इसके बैग से भारी संख्या में हथियार बरामद हुआ है। हथियारों की इस खेप को पकड़ने के बाद आनन फानन में बड़े अधिकारियों को खबर दी गई और बरामद हथियार और आर्म्स डीलर की पड़ताल शुरू हुई। आरोपी ने बताया कि वह मुंगेर का रहने वाला है और गोरखपुर के रास्ते मुंगेर जा रहा था।

श्रावणी मेला को लेकर बैठक

असरगंज। तारापुर डीएसपी पंकज कुमार की अध्यक्षता में असरगंज थाना परिसर में श्रावणी मेला के विधि व्यवस्था को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में असरगंज थाना अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार व सभी पुलिसकर्मी मौजूद थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पंकज कुमार के द्वारा श्रावणी मेला को देखते हुए कांवरियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए असरगंज थाना क्षेत्र के 5 स्थानों पर पुलिस कैम्प लगाया जा रहा है, साथ ही उस कैम्प में 24 घंटे पुलिस मौजूद रहेंगे।

घोटाला और भ्रष्टाचार का खुला उल्लंघन हो रहा है : भाजपा प्रखंड अध्यक्ष

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग बिहार सरकार द्वारा संचालित मुंगेर जिला के हवेली खड़गपुर अवस्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बड़े पैमाने पर घोटाला, भ्रष्टाचार और नैतिकता का खुला उल्लंघन प्राचार्या के द्वारा किया जा रहा है। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के कार्यस्थल पर महिलाकर्मी का शारीरिक शोषण किया जा रहा है। उपर्युक्त बातें हवेली खड़गपुर प्रखंड उत्तरी के भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष विद्यानंद चौधरी ने एक भेंटवार्ता में कहा है। श्री चौधरी ने बिहार की महा गठबंधन सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री और सचिव पर आरोप लगाते हुए कहा है कि हवेली खड़गपुर के रमणकाबाद पॉलिटेक्निक कॉलेज मुंगेर (तीन) में वर्ष 2018 से प्रतिमाह 24 हजार रुपए फर्जी गार्ड और सफाई कर्मी के नाम पर सितंबर 2022 तक निकासी किया गया है। भाजपा नेता ने कहा कि इसकी शिकायत विभाग के मंत्री और सचिव को लोगों ने किया है।

यातायात व्यवस्था को लेकर सात जगहों पर बने हैं बस पड़ाव स्थल

आगन्तु कांवड़िया के निगरानी व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 39 ड्रॉप गेट व बेरिकेटिंग स्थल चिन्हित

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)।सुल्तानगंज नगर परिषद क्षेत्र में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं व कांवड़ियों को कोई असुविधा ना हो इसको लेकर स्थानीय जिला पुलिस प्रशासन ने विशेष ध्यान रखा है। वही यातायात व्यवस्था को लेकर मेला क्षेत्र अंतर्गत सात जगहों पर बस पड़ाव स्थल बनाया है। जिनमें सुल्तानगंज प्रखंड कार्यालय परिसर, एके गोपालन कॉलेज मैदान, कमरगंज मसदी के पास, राजगंज बस पड़ाव, खादी ग्रामोद्योग बस पड़ाव, तिलकपुर गांधीनगर मैदान, और मसदी पीर बाबा के स्थित बगीचा में बस पड़ाव बनाये गये हैं। भागलपुर की ओर से आने वाली बड़ी बड़ी वाहनों और बसों को प्रखंड कार्यालय परिसर में रोके जाने है। तारापुर से सुल्तानगंज जाने या सुल्तानगंज से आने जाने वाले का एक के गोपालन मैदान, तो मुंगेर से आने वाले वाहनों का कमरगंज मसदी के पास ठहराव होगा, साथ ही सुल्तानगंज तारापुर मुख्य मार्ग के लिए राजगंज बस पड़ाव सुनिश्चित किया गया है।

39 जगहों पर ड्रॉप गेट व बैरियर की रहेगी व्यवस्था: कांवड़िया आगम के लिए उन मेला क्षेत्र में 39 जगहों पर ड्राप गेट और बैरियर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसमें थाना चौक, सुल्तानगंज प्रखंड कार्यालय परिसर के सामने, बाजार चौक, जयनगर बगीचा, बालू घाट मोड़, जहाज घाट, सीढी घाट, बूढानाथ मंदिर, अजगैबीनाथ मंदिर उत्तर द्वार, पश्चिमी द्वार, गर्भगृह के बाहर, सीढी घाट से अजगैबीनाथ मंदिर पैदल पुल पर, स्टेशन रोड, कृष्णगढ़ चौक, घोरघाट, जहांगीरा मंदिर, गनगनिया मोर, मिथिलेश पेट्रोल पंप,7 आरओबी के बीच, दक्षिणी छोर पर, उत्तरी छोड़, एके गोपालन कॉलेज, कटपुलवा संख्या 1, 2 व 3, नॉनसर मोड़, आसियाचक मोड़, कमरॉय चौक, मसदी के पार्किंग स्थल, शंभूगंज मोर, धाधी बेलारी नियंत्रण कक्ष, कृष्णगढ़ से घाट, जाने वाले रास्ते में राधा मंदिर, रेलवे स्टेशन, कृष्णगढ़ से मुंगेर के रास्ते में स्थित आईबी में, आरओबी के नीचे और मेन मार्केट चौक समेत 39 जगहों पर ड्राप गेट और बैरियर की व्यवस्था की बनाई गई है, ताकि कांवड़ियों व श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार के दिक्कतों का सामना ना करना पड़े और वाहन मेला क्षेत्र में प्रवेश ना करें, जिसको लेकर पुलिस बल की तैनाती करने के साथ चिन्हित स्थलों पर पुलिस पदाधिकारी व जवानों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है।

अपराध की योजना बना रहे 7 अपराधि हुआ गिरफ्तार

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले भर में अपराधियों के कारनामों से पुलिस गुंडा पंजी रजिस्टर अपटूडेट नही रहने के कारण लगातार नये अपराध की दुनिया में नशेड़ियों का होड़ लगी हुई है। इसी कड़ी में बबरगंज थाना क्षेत्र के सकुरलाचक मोहल्ले के समीप मस्जिद के पास से देर रात बबरगंज थाना प्रभारी राज रतन और सीआईटी की टीम के द्वारा छापामारी कर अपराध की योजना बना रहे सात अपराधियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने तलासी लिये जाने के क्रम में एक 9एमएम पिस्टल और 8 जिंदा कारतूस भी बरामद किये हैं। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि संबंधित पुलिस थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी कि मस्जिदों में अवैध रूप से कुछ अपराधी तत्वों के लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है जहां उक्त अपराध कर्मियों द्वारा किसी अपराध की योजना के तहत तैयारी कर रहे हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं। जिसकी जानकारी प्राप्त होते ही पुलिस टीम ने ततपरता के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित सूचना स्थल पर पहुंची जहां पर सत्यता की जांच करने के साथ ही पुलिस ने घेराबंदी करते हुए 7 लोगों को अपराध की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया है। वही पुलिस के गिरफ्त में आए एक अपराधी रुस्तम पूर्व से ही कई कांडों में शामिल रहा है। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। वही सभी से पुलिस गहन पूछताछ के बाद सभी अपराधियों को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

मांग को लेकर लगातार 27वें दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन

भागलपुर। बिहार कृषि समन्वयक कार्य समिति पटना के द्वारा भागलपुर जिला इकाई के नेतृत्व में लगातार 27 वें दिन भी जनसेवक में समायोजन को लेकर प्रदर्शन जारी रहा है। वही प्रदर्शनकारीयों की मांग हैं कि वेतनमान में संशोधन किया जाय, ग्रेड पे 28सौ से उत्क्रमित करते हुए 48सौ का भुगतान मानदेय किया जाय, और कार्य हित एवं राज्य हित में पदनाम को कृषि विकास पदाधिकारी (एडीओ) का किया जाय, सहित कई अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शनकारियों का लगातार 27 वें दिन भी कृषि विभाग भागलपुर परिसर में धरना प्रदर्शन जारी है। अब प्रदर्शनकारियों का रोश इतना बड़ा है कि सभी आक्रोशित दिख रहे हैं, वहीं प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी बिहार कृषि समन्वयक कार्य समिति भागलपुर इकाई के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा कि अगर हम लोगों की बातें, नहीं मानी गई तो आगामी 12 जुलाई को विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

अजगैबीधाम नगरी गेरुआ वस्त्र धारियों से पटा, माहौल हो उठा आध्यात्मिक

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुल्तानगंज के पूरे क्षेत्र इलाके में श्रावणी मेला की शुरूआत हो गई है। गुरु पूर्णिमा को लेकर चारो ओर बोल बम के जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी है। कांवरिया पथ गेरुआ वस्त्र धारियों से पट गया हैं। वही कावड़िया के आने का सिलसिला अनवरत जारी है। पूरा अजगैबी नगरी का माहौल अध्यात्मिक हो गया है।

कावड़िया का हुजूम उत्तरवाहिनी गंगा तट से जल भर कर बाबा बैजनाथधाम की ओर 100 किलोमीटर की दूरी के सफर में बाबा के जयकारों के नाचते गाते झूमते हुए जा रहे हैं। अजगैबीनाथ गंगा घाट से लेकर कांवरिया पथ मार्ग बाबा बैजनाथ, बोल बम के जयकारे सहित कांवर के रुनझुन से सराबोर हो उठा है। हर तरफ आस्था का सैलाब देखने को मिल रहा है। पूर्णिमा को लेकर सोमवार को भी हजारों काँवरिया गंगा जल भर संकल्प करा बाबा धाम की ओर रवाना हुए है। वही शिव भक्तों का कहना है कि जो भी7 भक्त सच्चे श्रद्धा भाव से बाबा को सावन में जल अर्पित करते हैं, बाबा उनकी मुरादें पूरी करते हैं, जिस वजह से लगातार भक्तों का जन सैलाब उमड पड़ा है और निरंतर बाबा धाम की ओर रवाना हो रहे हैं।

मेले का उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचेंगे कई विभाग के मंत्री: श्रावणी मेला की चर्चा प्रसिद्धि देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी है। जिसको लेकर प्रशासनिक स्तर से तैयारी में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। मेला 4 जुलाई से शुरू होकर 2 महीने तक यानी 31 अगस्त तक जारी रहेगी। वही मेला का उद्घाटन नमामि गंगे घाट पर विधिवत रूप से किया जाएगा। बिहार सरकार के राजस्व, पीएचडी एवं जिले के प्रभारी मंत्री के आने की स्वीकृति मिल गयी है। जिसको लेकर अजगैबीनाथ धाम स्थित भव्य पंडाल बनाया गया है। जिसमें हजारों लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ-साथ उद्घाटन समारोह में सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खेर शिरकत करेंगे। जिस वजह से अपार भीड़ होने की संभावना जताई जा रही है। कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता7 इंतजाम किए गए हैं। घाट परिसर में मेडिकल, पुलिस कैंप, सूचना केंद्र के लिए छोटे-छोटे पंडाल बनाए गए हैं साथ ही आगन्तु कलाकारों के लिए दो ग्रीन रूम की भी व्यवस्था की गई है। वही डाक बम को पर्चा देने के लिए 23 काउंटर बनाए गए हैं। नमामि गंगे घाट पर महिला काँवरिया के लिए अस्थाई चेंजिंग रूम का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा नगर परिषद एवं पर्यटन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अस्थाई चेंजिंग रूम बनाया है। वही गंगा घाट की खतरनाक व नुकीले स्थिति को लेकर घाटों पर लगातार जियो बैग डालकर संबंधित विभाग पूरी तरह से तैयार करते हुए नजर बनाए हुए हैं। ताकि कावड़िया को कोई असुविधा ना हो और कोई अप्रिय घटना घटित न हो इसके लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की टीम लगातार निगरानी करने में जुटी हुई हैं।

गुरु पूर्णिमा पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। गुरु पूर्णिमा को लेकर भागलपुर सहित के आसपास के कई ग्रामीण क्षेत्रों इलाके से लोगों की भीड़ बरारी स्थित कुप्पा घाट परिसर में उमड़ पड़ी। वही कार्यक्रम को लेकर कहा जाता है कि गुरु का मतलब है, अंधकार के भवर से निकाल कर प्रकाश की राह की ओर ले जाने वाले गुणी श्रेष्ठ को ही गुरु कहा जाता है। वही इस पावन अवसर पर उन्हें आज सभी शिष्यों ने सच्चे भाव से नमन कर उन्हें याद किया। महर्षि मेंही आश्रम कुप्पाघाट भागलपुर तीर्थ स्थल में अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी, देखते ही देखते श्रद्धालुओं की विशाल भीड़ ऐसी उमड़ी की उन्हें पंक्तिबध करने में आश्रम के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, सभी श्रद्धालुओं के लिए अखिल भारतीय संतमत सत्संग महासभा के अधिकारी दिव्य प्रकाश, महामंत्री उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव एवं सभी सदस्यों द्वारा पर्याप्त भोजन व श्रद्धालुओं के रहने की व्यवस्था और ध्यान साधना की उत्तम व्यवस्था की गई थी। आस्था के केंद्र महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज के ध्यान स्थल कुप्पाघाट में सभी आगन्तु श्रद्धालुओं ने ध्यान साधना के साथ अपने श्रेष्ठ गुरु को याद किया। कई जगहों से आए हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर अखिल भारतीय संतमत सत्संग महासभा के अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य पेयजल भोजन व प्रसाद के कई स्टाल लगाए गए थे। गुरु पूर्णिमा पर शहर में पूरे दिन ज्ञान की धारा बहती रहे, कहीं अष्टयाम संकीर्तन हो रहे थे, तो कहीं वक्ताओं ने गुरु ही धर्म है, गुरु ही पूजा है, गुरु ही परमात्मा है, जैसे शब्दों को विस्तार से बता रहे थे। इस मौके पर कुप्पाघाट परिसर में श्रद्धालुओं ने इस ज्ञान की गंगा का रसपान किया।

मेला क्षेत्र को 15 सेक्टर में किया तब्दील

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेला क्षेत्र में सादे लिबास में भी पुलिस रहेगी तैनातएस : एसपी

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)।सुल्तानगंज नगर परिषद क्षेत्र में मेला आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतेजाम किये गये है। जिला क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले संपूर्ण मेला क्षेत्र को 15 सेक्टरों में बांटा गया है। हर सेक्टर का मुख्यालय में नियंत्रण कक्ष होगा। इनमें से कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अधिक भीड़ को देखते हुए एवं मुख्य थाना से दूरी को देख अस्थाई थाना का निर्माण कराया गया है। वही कावड़िया व श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर मेला मार्ग क्षेत्र इलाके सात अस्थाई थाने बनाये गये है। जिससे क्षेत्र में विधि व्यवस्था संभालने एवं अपराध नियंत्रण पर प्रभावी तरीके से पुलसिंग व्यवस्था में सुविधा मिलेगी।

खुल रहा है अस्थाई थाना चौकी: कावड़िया की भीड़ एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से रामपुर, कमराय चौक, धाधी बेलारी, ब्लॉक परिसर, कृष्णगढ़, सीधी घाट, जहाज घाट, असियाचक, कठपुलवा(3) के निकट सात अस्थाई थाना पुलिस चौकी बनाये गए हैं। जिसमें सुरक्षाकर्मी व पुलिस पदाधिकारी को नियुक्ति के साथ 24 घंटे सिप्ट बार कार्य करने को लगाया गया है। साथ ही इनसे संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देश मिला है कि आवंटित क्षेत्र में अपने अपने थाने की पुलिस पदाधिकारियों व बल एवं संसाधन का उपयोग कर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के साथ अपराध नियंत्रण पर प्रभावी तरीके से कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। जिसको लेकर रविवार देर रात भागलपुर एसएसपी जिले के तमाम प्रशासनिक पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जानकारी दी, साथ ही कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश दिये गये थे। वही मेला क्षेत्र के सम्पूर्ण घाट परिसर क्षेत्रों को इस बार एसएसबी के हाथों में सौंपा गया है, ताकि सुरक्षा और सुदृढ़ तरीके से बेहतर हो सके।

परेशान जिंदगी से तंग हो युवक ने विक्रमशिला पुल से गंगा नदी में लगाई छलांग

जीवन जागृति सोसायटी के जीवन रक्षक टीम की ततपरता से गोताखोर ने बचाई जान,

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। विक्रमशिला पुल से एक युवक ने दोपहर में छलांग लगा दी। वही गुरु पूर्णिमा होने के चलते बरारी घाट पर श्रद्धालुओं की काफी संख्या में चहल-पहल रहने के कारण मौके पर मौजूद जीवन जागृति सोसाइटी के जीवन रक्षक ग्रुप के कार्यकताओं की नजर पड़ते ही त्वरित एक गोताखोर ने गंगा के तेज बहाव में डूबते हुए युवक को गंगा की तेज धारा से निकाल कर बाहर निकाल कर पानी से बाहर लाया गया। वही युवक की हालत सही सलामत बतायी जा रही है लेकिन जब उससे बात की गई तो उस युवक ने कहा मैं अनाथ हूं ना तो मुझे मां पिताजी हैं और ना ही मेरे ऊपर किसी का सहारा है। मैं कई वर्षों से अपने पेट के रोग से परेशान हूं काफी खर्च हो रहा है, डॉक्टर ने भी जवाब दे दिया है, मैं अपनी बहन के पास रहता हूं वह भी कितना करेगी। अपने जीवन से तंग आकर मैंने यह फैसला लिया और विक्रमशिला पुल के दूसरे पाये के बीच से छलांग लगा कर खुदकुशी करने का प्रयास किया। वही जीवन जागृति सोसाइटी के तहत चलने वाले जीवन रक्षक टीम हर गंगा घाटों पर उपलब्ध है, जिसकी ततपरता के कारण विक्रमशिला पुल से कूदे युवक को गंगा स्थल पर मौजूद महलदार के सहयोग से बचा लिया गया। उसके बाद जब जीवन जागृति सोसायटी के अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह उस युवक से मुलाकात करने पहुंचे तो उस युवक ने बताया कि मेरे माता-पिता नहीं है और मैं अपनी बहन के पास रहता हूं और मुझे पेट की गम्भीर बीमारी है मैं विगत कई वर्षों उक्त बीमारी से ग्रसित हूं मेरी बहन ही मेरा ख्याल रखती है, लेकिन वह कितना ख्याल रख पाएगी, मैं जीवन से तंग आकर खुदकुशी की सोच के साथ विक्रमशिला पुल से छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लूँ और मैंने छलांग भी लगा दी थी, लेकिन वही यहां एक गोताखोर ने मुझे निकाल लिया। वहीं इसी बाबत डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि आज के समय में ऐसे कई युवक अपने समाज में परेशान हो कर चल रहे हैं चाहे उसकी कोई भी परेशानी हो लेकिन इस युवक ने जो किया है यह सही नहीं है, वही उन्होंने कहा जीवन जागृति सोसायटी की ओर से इस युवक को रोजगार भी दिया जाएगा और जहां तक संभव हो सकेगा, इसका उचित इलाज भी कराया जाएगा।

बीएड की छात्रा ने की खुदकुशी

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। बरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित जनता फ्लैट मकान नंबर 46 में एक युवती के खुदकुशी किये जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि अधिवक्ता शैलेश चंद्र सिंह की बड़ी बेटी मोहिता मोहिनी ने खुद के गले में फंदा डालकर खुदकुशी कर ली है।

मृतिका मोहिता मोहिनी बरारी के बीएड कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी, साथ ही आसपास के बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाने का काम किया करती थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना को लेकर बताया कि मृतिका मोहिता की छोटी बहन ने मृतिका मोहिता के मोबाइल फोन पर कई कॉल किए लेकिन जब उसका कॉल रिसीव नहीं हुआ तो उसे कुछ आशंका हुई और यह सूचना अपने पिता शैलेंद्र चंद्र सिंह को मोबाइल फोन पर दी। जिसके बाद उनके पिता मौके पर पहुंच कर जब देखा तो वह अपने घर के एक कमरे में फंदे से लटकी हुई मिली यह दृश्य देखकर पिता शैलेंद्र अचंभित रह गये, वही मृत्यु के कारण का अब तक स्पष्ट रूप से कुछ पता नहीं चल पाया है। वही मामले को लेकर मिली जानकारी के तहर पुलिस मौके पर पहुंच मृतिका के शव व आसपास के कमरे की शिनाख्त जांच में जुट गयी है। वही बरारी थाना पुलिस पदाधिकारी ने मृतिका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मायागंज भेज दिया है। वही मृतिका के पिता शैलेंद्र सिंह ने घटना को लेकर बताया कि हम लोगों को इस तरह की घटना का कारण कुछ समझ में नहीं आ रहा है, आखिर क्या कारण से मेरी बेटी ने इतना बड़ा कदम क्यो उठाया है, साथ ही उन्होंने कहा कि अब पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु का स्पष्ट रूप से पता चल पाएगा। वहीं इस घटना से पूरे परिवार के लोग आहत हो कोलाहल मचा हुआ है।

सांसद के प्रयास से मुंगेर की सड़कों के निर्माण की कवायद हुई शुरू : नगर अध्यक्ष

प्रात : किरण ब्यूरो , मुंगेर

मुंगेर। मुंगेर जदयू के नगर अध्यक्ष शाहिद अख्तर उर्फ गुड्डू राइन ने प्रेस बयान के माध्यम से हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मुंगेर शहर की बदहाल हो चुकी सड़कों की निर्माण की कवायद मुंगेर के सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के विशेष प्रयास से शुरू हो गया है। मुंगेर की जनता को बताते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि प्रथम चरण में मुंगेर नगर निगम अंतर्गत पथ निर्माण विभाग के द्वारा चंदन बाग मोड़ से खानकाह होते हुए मकससपुर होते हुए हसनगंज तक लगभग ढाई करोड़ से निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि दुसरे चरण में नगर निगम मुंगेर कार्यालय से बेकापुर होते हुए जुबली कुआं से काली ताजिया होते हुए जेपी चौक से होते हुए शास्त्री चौक तक निर्माण लगभग राशि तीन करोड़ रुपए से पूरा किया जाएगा। मो0 रायन ने कहा कि तीसरा चरण में वासुदेव पुर चौराहा से आईटीसी पार्क होते हुए चंडिका स्थान होते हुए आईटीसी अंडर रोड तक निर्माण लगभग 04 करोड़ रुपए की लागत से बनने है। इन सब की निविदा निकल चुकी है। बहुत जल्द निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा नगर अध्यक्ष गुड्डू राइन ने आगे कहा कि मुंगेर के सांसद ललन सिंह विकास कार्यों में विश्वास करते हैं मुंगेर को विकास के मानचित्र पर एक नई इबारत लिखने का कार्य सांसद ने किया है. उनके इन्हीं विकास कार्यों से घबराकर विपक्षी दलों के नेता जनता को दिग्भ्रमित करने के लिए अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं।जिनका मुंगेर के विकास से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि मुंगेर आज सांसद ललन सिंह के विशेष प्रयास से शिक्षा का केंद्र बना है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मुंगेर बहुत जल्द एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा, क्योंकि मेडिकल कॉलेज सांसद के विशेष प्रयास से मुंगेर में खुलने जा रहा है। मुंगेर में पेयजल की सुविधा बहुत जल्द मुंगेर जमालपुर की जनता को शुद्ध पीने का पानी प्राप्त होगा।

नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी में समायोजन को लेकर लाखों शिक्षक 10 जुलाई से विधान मंडल एवं सभी विधायकों का अनिश्चितकालीन घेराव

प्रात : किरण ब्यूरो

धमदाहा (पूर्णिया)। अध्यापक नियुक्ति नियमावली 2023 में संशोधन कर सभी नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी में समायोजन करने की मांग को लेकर बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के आह्वान पर राज्य के लाखों शिक्षक मानसून सत्र के दौरान घेरा डालो डेरा डालो आन्दोलन के तहत पटना में 10 जुलाई से लगातार विधान मंडल एवं सभी 243 विधायकों का घेराव करेंगे। आन्दोलन को धारदार बनाने तथा शिक्षकों को अपने अधिकार के लिए गोलबंद करने हेतु शिक्षा - शिक्षक जागरण अभियान के तहत संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार पप्पू के द्वारा शिक्षक अधिकार रथयात्रा के द्वारा बिहार के सभी जिलों का लगातार दौरा जारी है।

इसी क्रम में शिक्षकों का अधिकार रथ पूर्णिया जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं चौक चौराहा होते हुए धमदाहा प्रखंड के नेहरु चौक के धर्मशाला पहुंचा। रथ पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अनवार करीम, दरभंगा जिला अध्यक्ष शंभू यादव, मधुबनी जिला अध्यक्ष संजीव कुमार कामत भी मौजूद थे। इस अवसर पर जिले के हजारों शिक्षकों ने रथ का भव्य स्वागत किया तथा प्रदेश अध्यक्ष का उत्साह वर्धन किया। शिक्षकों ने राज्यकर्मी में समायोजन को लेकर जोरदार नारेबाजी किया। जिले के नियोजित शिक्षकों की विशाल सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार पप्पू ने कहा कि अधिकार रथयात्रा का शुभारंभ शिक्षामंत्री प्रो चंद्रशेखर के गृह जिला मधेपुरा से किया गया है। जो राज्य के सभी जिलों में जाकर आम जनता एवं शिक्षकों के बीच बिहार सरकार के शिक्षा एवं शिक्षक विरोधी नीति का पोल खोलेगी।

उन्होंने कहा कि नई अध्यापक नियमावली बिहार की मुख्यधारा शिक्षा को बर्बाद करने के उद्देश्य लाई गई है। इस नियमावली लागू होने के पश्चात एक ही विद्यालय में तीन तरह के शिक्षक शिक्षण कार्य करेंगे। जिससे विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो जाएगी। जिसका दुष्प्रभाव राज्य के गरीब बच्चों के शिक्षा पर पड़ेगा। वही पुर्णिया जिला अध्यक्ष पवन कुमार जायसवाल ने कहा कि बिहार सरकार अविलंब सभी नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी में समायोजित करें, अन्यथा मॉनसून सत्र के दौरान 10 जुलाई से विधानसभा एवं सभी विधायकों के आवास का अनवरत घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार मुख्यधारा शिक्षा को बर्बाद करने परं तुली हुई है। सक्षम पदाधिकारी के अतिरिक्त लिपिक, डाटा ऑपरेटर तथा अन्य कर्मियों से सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण कराने का सरकारी फरमान शिक्षकों को अपमानित करने की सोची समझी साजिश है। संघ सरकार के इस असंवैधानिक फरमान का पुरजोर विरोध करती है। सक्षम प्राधिकारी के अतिरिक्त अन्य कर्मियों के द्वारा विद्यालय निरीक्षण का बहिष्कार किया जाएगा।

प्रदेश कोषाध्यक्ष अनवार करीम ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने शिक्षकों से वादा खिलाफी किया है। महागठबंधन के नेता एवं वर्तमान उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने विगत बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान चुनावी घोषणापत्र में शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा, समान काम समान वेतन देने एवं पुरानी पेंशन लागू करने का वादा किया था। परन्तु सत्ता में आने के बाद सरकार ने शिक्षकों को धोखा दिया है। सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार ने कहा कि रथयात्रा के दौरान सभी जिलों के संघीय प्रतिनिधियों एवं शिक्षकों को गोलबंद कर 10 जुलाई से लगातार मानसून सत्र में विधान मंडल एवं विधायकों का घेराव करने की राज्यव्यापी आन्दोलन का तैयारी की जा रही है ताकि विधानसभा सत्र के दौरान पटना के आन्दोलन में चार लाख शिक्षक जुट सके।

मधुबनी जिला अध्यक्ष संजीव कुमार कामत ने कहा कि सरकार बीपीएससी से शिक्षक बहाली के नाम पर आम जनता को भ्रमित कर शिक्षकों के प्रति द्वेष फैला रही है। बीएससी की परीक्षा में सफल एवं असफल दोनों तरह के शिक्षक जब विद्यालय में बच्चों को पढ़ायेंगे ही तो फिर परीक्षा का क्या औचित

विद्या बालन काफी मजाकिया इंसान हैं, किसी को बुलाकर कह देती हैं मैंने नहीं बुलाया

फिल्म नीयत 7 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एक्ट्रेस शहाना गोस्वामी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म नीयत को लेकर काफी चर्चा में हैं। हाल ही में दैनिक भास्कर ने शहाना गोस्वामी से फिल्म को लेकर खास बातचीत की। फिल्म में विद्या बलान, राम कपूर. नीरज काबी, राहुल बोस, अमृता पूरी और निकी वालिया भी हैं।

फिल्म में आपको लिसा का कैरेक्टर कैसे मिला?

फिल्म के बारे में बात करते हुए शहाना ने बताया- नीयत के लिए डायरेक्टर अनु मेनन ने मुझसे कांटेक्ट किया था। इसमें जिस किरदार के लिए मुझे अप्रोच किया था वो इंटरेस्टिंग था। लेकिन, लोग जिस तरह से मुझसे उम्मीद करते हैं, वो उसी तरह का कैरेक्टर था। मैं स्क्रिप्ट पढ़ रही थी। पहले मुझे किसी और किरदार के लिए अप्रोच किया था। लेकिन, बाद में स्क्रिप्ट में थोड़ा चेंज किया गया। तब किरदार भी बदल दिया गया। मैंने डायरेक्टर से कहा कि कुछ हटकर करते हैं। स्क्रिप्ट पढ़ते समय लिसा के कैरेक्टर के बारे में ऐसा लगा कि शायद लोग सोचेंगे नहीं कि इस तरह का किरदार कभी मैं प्ले करूंगी। फिर मैंने अनु से पूछा और उन्होंने कहा कि जरूर कीजिए। लिसा मजाकिया अंदाज की लड़की है। तो ऐसे मुझे कैरेक्टर लिसा का कैरेक्टर मिला।

नीयत कैसी फिल्म है? इस बारे में कुछ बताइए?

'नीयत' मर्डर-मिस्ट्री जोनर की फिल्म है, इसलिए इसके बारे में ज्यादा बता नहीं सकती। एक पार्टी होती है, जिसमें सब लोग साथ आते हैं। वहां एक मर्डर होता है। इसमें शक की सुई सबके ऊपर जाती है। मर्डर की इन्वेस्टिगेशन शुरू होती है, उसमें सारे कैरेक्टर अनफोल्ड होते हैं। यह पूरी कहानी एक ही शाम की है। फिल्म में मेरा किरदार लिसा राम कपूर की गर्लफ्रेंड है, जो उम्र में उनसे काफी छोटी है। बाकी लोग दोस्त, रिश्तेदार या फिर उनके एम्प्लॉई हैं। फिल्म की कहानी किसी रियल इंसान पर बेस्ड नहीं हैं। यह पूरी तरह काल्पनिक कहानी है।

फिल्म की शूटिंग लंदन में हुई है। इससे जुड़ा कोई दिलचस्प किस्सा बताइए ?

फिल्म के इंटीरियर पार्ट की शूटिंग लंदन और उसके आसपास हुई जबकि एक्सटीरियर पार्ट स्कॉटलैंड में किया गया। मेरे ख्याल से शूटिंग के लिए हम लोग लंदन में 40 से 50 दिन ठहरे थे। सेट पर हम 14 एक्टर साथ होते थे। सब एक-दूसरे के साथ कुछ न कुछ प्रैंक करते रहते थे। विद्या बालन सबसे आगे होती थीं। वह किसी को बुलवाती थी और सामने आने पर कहती थीं कि मैंने को बुलाया ही नहीं। किसी बात का अलग मतलब निकालना तो हमेशा चलता रहता था। विदेश में थे इसलिए साथ में रहना और खाना होता था।

विद्या बालन के साथ काम करने का एक्सपीरिएंस कैसा रहा ?

विद्या बालन बहुत रियल और ग्राउंडेड इंसान हैं। खुशमिजाज स्वभाव की हैं। एक बार मेरे एक दोस्त लंदन सेट पर विजिट करने आए थे। विद्या ने कहा कि चलो मैं यह दिखावा करूंगी कि मुझे अंग्रेजी नहीं आती है। मैंने कहा कि शायद वह विश्वास नहीं करेंगे कि आपको अंग्रेजी नहीं आती। खैर, दोनों मिले तब काफी देर तक विद्या उनसे शुद्ध हिंदी में बात करती रहीं और वे अंग्रेजी में जवाब देते गए। काफी देर तक कुछ बात नहीं बनी जिसे देखने के लिए हम लोग एक्साइटेड थे। एक हद के बाद विद्या को लगा कि हिंदी में बात करना उनके लिए मुश्किल है, तब उन्होंने कहा कि मुझे अंग्रेजी आती है। इस पर मेरे दोस्त ने हिंदी में जवाब देते हुए कहा कि मुझे पता है कि आपको अंग्रेजी आती है और आप मुझसे मजाक कर रही हैं। इसके बाद जब दोनों मिलते थे, तब हिंदी में बात करते थे।

लंदन में ठंड बहुत रही होगी ? वहां शूटिंग करने में किस तरह की परेशानियां आईं ?

हमने पिछले साल मई-जून के महीने में इंग्लैंड में शूट किया। उस समय वहां पर ज्यादा सर्दी और ज्यादा गर्मी नहीं थी। मौसम बहुत अच्छा था। हां, स्कॉटलैंड में आउटडोर शूट कर रहे थे, तब तेज हवा के चलते काफी ठंड थी। हमने जो कपड़े पहने थे, वह ठंड बर्दाश्त करने के लिए काफी नहीं थे, इसलिए सबने हेयर माक्स, ग्लव्स, चादर, कम्बल लपेट कर बैठते रहते थे। आखिरी के दिनों में जो शूट किया, वह बहुत मुश्किल थे। कभी-कभी तो हमें छिपने के लिए जगह ही नहीं मिलती थी। ठंड से सभी कांप रहे थे। उन दिनों कुछ-कुछ दिन तो 7 से 8 डिग्री तापमान होता था। मल्टी स्टारर फिल्म की शूटिंग में वक्त ज्यादा जाया होता है, क्योंकि हर कैरेक्टर को इंपोर्टेंस देना है। एक मिस्ट्री है, तब सबका रिएक्शन लेना इंपोर्टेंट है। हर सीन के लिए शार्ट होते थे। कुछ सीन के शार्ट तो काफी लंबे-लंबे होते थे। उनको रिहर्स करके शूट करने में बहुत वक्त लगता था। शायद इतना वक्त हमेशा हमारे हाथ में नहीं होता है। हम सोचते थे कि काश! हमें शूट करने के लिए 20 दिन और मिल जाते, पर वह रियलिटी मुश्किल है। शूट से पहले हम सबको साथ में रिहर्सल करने का वक्त नहीं मिला था, क्योंकि वीजा के चलते कोई इंग्लैंड पहले तो कोई बाद में गया। जैसे सब लोग इकट्ठा हुए, वैसे हम लोग शूट में घुस गए। हमने शूट से जाने से पहले थोड़ा-बहुत अनु के साथ ऑनलाइन रिहर्स किया था। लेकिन इस फिल्म में जिस तरह के एक्टर थे, हमने सब कुछ बड़ी आसानी से कर लिया।

पहली बार ऑनस्क्रीन साथ नजर आएंगी करीना कपूर-तब्बू, कृति सेनन

करीना कपूर, कृति सेनन और तब्बू स्टारर फिल्म द क्रू की रिलीज डेट अनाउंस हो चुकी है। ये फिल्म 22 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एकता कपूर और रिया कपूर फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। फिल्म वीरे दी वेडिंग के बाद दूसरी बार ये डुओ साथ काम कर रहा है। फिल्म के डायरेक्टर राजेश कृष्णन हैं। फिल्म में दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा भी लीड रोल में दिखेंगे।

एकता-रिया एक्सपेरिमेंट्स करना पसंद करते हैं

करीना कपूर ने फिल्म में काम करने के एक्सपीरिएंस के बारे में बात करते हुए बताया था कि वो पहली बार तब्बू के साथ काम कर रही हैं। करीना ने बताया कि वो इस प्रोजेक्ट के लिए काफी एक्साइटेड हैं। उन्होंने कहा- हमारी फिल्म में हर रोल में सिर्फ महिलाएं हैं। फिल्म की प्रोड्यूसर भी फीमेल हैं। रिया और एकता की ये चीज मुझे बहुत पसंद है। वो एक्सपेरिमेंट्स करना काफी पसंद करती हैं। मुझे इस फिल्म का इंतजार है। मुझे उम्मीद है कि ऑडियंस को ये फिल्म पसंद आएगी।

आज हर कोई अच्छी फिल्में करना चाहता है

जब करीना से ये पूछा गया कि फीमेल स्टार्स के साथ काम के बीच क्या अक्सर मनमुटाव होता है तो उन्होंने बताया कि वो पहले भी कई फीमेल सेंट्रिक फिल्मों और फीमेल एक्टर्स के साथ काम कर चुकी हैं। मुझे लगता है कि अब सिर्फ ये मायने रखता है कि आप अच्छी फिल्में करें। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि फिल्म में आप किसके साथ काम कर रहे हैं।

एक्ट्रेस श्रीजिता ने बॉयफ्रेंड माइकल पेप से की शादी

बिग बॉस 16 कंटेस्टेंट और टेलीविजन एक्ट्रेस श्रीजिता डे ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड माइकल ब्लोम पेप से शादी कर ली है। श्रीजिता ने सोशल मीडिया पर अपनी क्रिश्चियन वेडिंग की तस्वीरें शेयर की हैं।

तस्वीरें शेयर करते हुए श्रीजिता ने बताया कि उन्होंने जर्मनी के ब्रोस्टेल के चर्च में क्रिश्चियन रीति-रिवाज में शादी की। ये जन्मों-जन्मों के साथ की शुरुआत है शादी की फोटोज में श्रीजिता गॉर्जियस व्हाइट गाउन पहनी दिखीं जबकि माइकल ने ब्लैक का सूट पहना हुआ है। फोटोज शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- आज हम एक-दूसरे का हाथ पकड़कर जन्मों-जन्मों के साथ की शुरुआत कर रहे हैं। इस फोटो पर सोशल मीडिया पर यूजर्स लगातार कमेंट कर रहे हैं। बिग बॉस 15 कंटेस्टेंट शिव ठाकरे ने एक्ट्रेस की फोटो पर लिखा- बधाई हो! एक्ट्रेस मोनालिसा, शालीन मल्होत्रा और नारायणी शास्त्री ने भी फोटो पर कमेंट कर कपल को बधाई दी।

शादी के लिए खास तैयारी कर रही थीं श्रीजिता

शादी से पहले इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया था कि वो क्रिश्चियन वेडिंग में व्हाइट गाउन पहनने वाली हैं। उन्होंने कहा था- मैं शादी के लिए अपना खास ख्याल रख रही हूं। मैंने पिछले कुछ दिनों से अपने बाल कलर नहीं किए हैं। हम वेस्टर्न रीति-रिवाज से शादी करने वाले हैं। मैंने अपना गाउन भी फाइनल कर लिया है।

17 जुलाई को मुंबई में देंगे जॉइंट रिसेप्शन पार्टी

जर्मनी में शादी के बाद श्रीजिता और माइकल मुंबई में 17 जुलाई को जॉइंट रिसेप्शन पार्टी देंगे। इसके बाद कपल गोवा में बंगाली रीति-रिवाज में भी शादी कर सकता है। श्रीजिता और माइकल 2019 से डेट कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों मुंबई के एक रेस्तरां में पहली बार मिले थे। माइकल किसी फर्म में बिजनेस डेवलपमेंट का काम करते हैं। 2021 में माइकल ने श्रीजिता को प्रपोज किया था।

शाहरुख की जवान को लेकर आया अपडेट

पठान के बाद शाहरुख खान जल्द ही जवान में नजर आने वाले हैं। फिल्म में उनके साथ नयनतारा और विजय सेतुपति भी हैं। फैंस को इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार है। एटली के निर्देशन में बनी यह फिल्म देश में बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर में से एक है। काफी समय से प्रशंसक जवान के बारे में अपडेट मांग रहे हैं। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है।

अपडेट के मुताबिक जवान के टीजर में लोगों को वह सबकुछ मिलने वाला है जिसकी उन्होंने उम्मीद लगाई है। कोईमोई की एक रिपोर्ट के मुताबिक जवान का टीजर देखने वाले सूत्र का कहना है कि जवान के टीजर में हर वो मसाला है जिसकी रईस में किसी न किसी तरह से कमी थी। एटली की फिल्म में शाहरुख खान अपने टॉप फॉर्म में हैं।

कायम रहेगा लोगों में उत्साह

सूत्र का कहना है कि एटली के विजन के तहत शाहरुख खान जवान के लिए मॉन्स्टर बन गए हैं। यह फिल्म बड़े पर्दे पर अद्भुत दिखने वाली है। सूत्र ने आगे खुलासा किया कि जवान के टीजर से सब कुछ या बहुत कुछ नहीं पता चल सकेगा, लेकिन इतना जरूर है कि इसे देखने के बाद लोगों में उत्साह कायम रहेगा। सूत्र का कहना है कि जवान का टीजर ऐसा है कि इसे ट्रेलर की तरह भी लिया जा सकता है, जो फिल्म रिलीज होने तक चर्चा में बना रहेगा।

जवान के बाद इस फिल्म में दिखेंगे शाहरुख

सूत्र के दावे के मुताबिक जवान का टीजर न केवल शाहरुख खान के प्रशंसकों को बल्कि हर मसाला फिल्म प्रेमी को भी पसंद आएगा। बता दें कि हाल ही में शाहरुख खान ने जवान के टीजर पर आस्क एसआरके सेशन के दौरान अपडेट दिया था। उन्होंने कहा था कि सब कुछ तैयार हो रहा है और समय पर सामने आएगा। वर्क फ्रंट की बात करें तो जवान के बाद शाहरुख जल्द ही डंकी में दिखने वाले हैं। इसका निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया है।

प्रोजेक्ट के से टकराने को तैयार जॉन अब्राहम स्टारर द डिप्लोमैट

जॉन अब्राहम आगामी वर्ष एक बार फिर से दर्शकों को अपना दीवाना बनाने आ रहे हैं। इस बार वे बिना किसी हथियार को उठाए दुश्मनों का खात्मा करते नजर आएंगे। जॉन अब्राहम देश को झकझोर देने वाली सच्ची कहानी पर आधारित द डिप्लोमैट का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। एक उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी की भूमिका निभाते हुए, द डिप्लोमैट आपको एक रोलर कोस्टर की सवारी और एक रोमांचक नाटक पर ले जाता है, जो अंत तक आपकी इंद्रियों को बांधे रखने का वादा करता है। यह हाई-ऑक्टेन फिल्म 11 जनवरी 2024 को दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। यह फिल्म अगले साल प्रभास अभिनीत प्रोजेक्ट के से टकराएगी, जिसमें अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और कमल हासन भी हैं। डिप्लोमैट का निर्देशन प्रशंसित निर्देशक शिवम नायर ने किया है। फिल्म की पटकथा प्रतिभाशाली रितेश शाह द्वारा लिखी गई है। फिल्म का निर्माण टी-सीरीज़, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार, जेए एंटरटेनमेंट के जॉन अब्राहम; वाकाऊ फिल्म्स के विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे और राजेश बहल; फॉर्च्यून पिक्चर्स के समीर दीक्षित और जतीश वर्मा, सीता फिल्म्स के राकेश डांग द्वारा किया गया है। डिप्लोमैट 11 जनवरी 2024 को रिलीज़ होने वाली है।

जैकलीन फर्नांडीज ने मुंबई में खरीदा नया घर!

एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज ने मुंबई के बांद्रा वेस्ट में एक नया आलीशान घर खरीदा है। यह घर पाली हिल के एक पॉश इलाके में है, जहां कई बॉलीवुड सितारे रहते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जैकलीन के इस नए घर की बिल्डिंग में पूल, जिम और खूबसूरत लाउंज है। सोशल मीडिया पर रविवार को एक वीडियो सामने आया है, जिसमें जैकलीन के घर की बिल्डिंग नजर आ रही है। हालांकि अपने नए घर के बारे में एक्ट्रेस ने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। साथ ही अभी तक यह जानकारी नहीं है कि एक्ट्रेस उस घर में शिफ्ट हुई हैं या नहीं। रणबीर-आलिया और करीना-सैफ जैसे स्टार्स हैं जैकलीन के पड़ोसी

जैकलीन के घर के करीब रणबीर कपूर-आलिया भट्ट, करीना कपूर-सैफ अली खान जैसे स्टार्स रहते हैं। जैकलीन के घर से कुछ मिनट की दूरी पर सलमान खान और शाहरुख खान का अपार्टमेंट भी है। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द ही इस इलाके में शिफ्ट होने वाले हैं, हालांकि अभी तक उनका घर अंडर कंस्ट्रक्शन है।

12 करोड़ रुपए है घर की कीमत

एक रियल एस्टेट साइज के मुताबिक जैकलीन का नया घर पाली हिल के नवरोज बिल्डिंग में है। इस बिल्डिंग में सभी घर 1119 स्क्वायर फुट 2557 स्क्वायर फुट कारपेट एरिया में बने हैं। घर के अलावा अन्य सुविधाओं की बात करें तो यहां क्लब हाउस, स्वीमिंग पूल और जिम की फैसिलिटी भी है।

प्रियंका चोपड़ा के में रहती थीं जैकलीन बता दें कि इससे पहले साल 2021 में जैकलीन एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के जूहु वाले घर में रह रही थीं, जिसमें लिविंग एरिया और एक बड़ी बालकनी शामिल है। जैकलीन ने प्रियंका से यह बिल्डिंग 7 करोड़ रुपए में खरीदा था, जिसका नाम कर्मयोग है। इससे पहले जैकलीन बांद्र में एक किराए के घर में रहती थीं।

सेंसेक्स
65205.05 पर बंद
निफ्टी
19322.50 पर बंद

सोना
58,050
चांदी
69,025

सरकार कर रही बिना बैटरी के ईवी बेचने की तैयारी! सस्ते हो सकते हैं दाम

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग ऐसी नीति पर बात कर रहे हैं, जिसमें वाहन बिना बैटरी के बिकेंगे और ग्राहक बाद में उनमें बैटरी लगा सकेंगे। साथ ही बैटरी चार्ज करने के बजाय खाली बैटरी देकर चार्ज की हुई बैटरी भी ले सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि बैटरी की अदला-बदली के लिए पूरे देश में ढांचा तैयार करने पर भी बात चल रही है। 2024 में फेम 2 सब्सिडी खत्म हो जाएगी। ऐसे में इस कदम से लोगों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन सस्ते हो सकते हैं। उद्योग से जुड़े लोगों का मानना है कि इससे ईवी के इस्तेमाल को भी बढ़ावा मिलेगा।

कुछ लोगों का कहना है कि 2025 तक भारत में बैटरी रहित ईवी की बिक्री शुरु होने और बैटरी की अदला-बदली (स्वैपिंग) के लिए ढांचे पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार हो जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहन की कीमत का 40-50 प्रतिशत हिस्सा बैटरी का ही होता है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि पिछले एक साल से इस विषय पर बैठक हो रही हैं। अधिकारी ने कहा कि फिलहाल ईवी में इस्तेमाल होने वाली बैटरी के लिए मानक तैयार करने पर काम चल रहा है।

नाम नहीं छापने की शर्त पर अधिकारी ने बताया, 'संबंधित पक्षों की एक बैठक जनवरी और मार्च के दरम्यान हुई थी। नीति आयोग ने बैटरी स्वैपिंग नीति का



मसौदा पिछले साल ही सौंप दिया था। अब बैटरी के लिए मानक तैयार करने का काम चल रहा है। यह काम उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधीन भारतीय मानक ब्यूरो की देखरेख में होगा।' उन्होंने कहा कि मानक तैयार होने के बाद संबंधित पक्षों की और बैठकें होंगी।

ईवी उद्योग भी बदलाव के लिए खुद को तैयार कर रहा है। लोहिया ऑटो के मुख्य कार्याधिकारी आयुष लोहिया ने कहा कि लागत कम करने और बाजार में ईवी की पैठ बढ़ाने के लिहाज से यह कदम महत्त्वपूर्ण है। लोहिया सरकार और ईवी वाहन उद्योग के बीच हो रही चर्चा का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'भारत में ईवी उद्योग में इलेक्ट्रिक दोपहिया की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत रही है। इनकी कीमत करने का दबाव लगातार बढ़ रहा है। ईवी पर सब्सिडी घटाने का असर भी इस क्षेत्र पर पड़ रहा है। ऐसे में लोग इलेक्ट्रिक दोपहिया खरीदने से कतरा सकते हैं और पेट्रोल से चलने वाले दोपहिया पसंद कर सकते हैं।'

नई नीति लागू हुई तो ग्राहक ईवी के साथ बैटरी नहीं खरीदेंगे, जिससे वाहन बहुत सस्ता पड़ेगा। वे बैटरी अलग से लेंगे और डिस्चार्ज होने पर उसे देकर किराये पर दूसरी बैटरी ले लेंगे। इसे बैटरी ऐज अ सर्विस (बास) कहा जाता है। नीति आयोग ने पिछले साल नीति के मसौदे में कहा है कि बास में ग्राहक बैटरी के बगैर ईवी खरीद सकते हैं। इससे उन्हें ईवी सस्ते पड़ते हैं और वे अपनी सहूलियत के अनुसार वे बैटरी सेवा प्रदाताओं से दैनिक, साप्ताहिक, मासिक आधार पर बैटरी बदलने का प्लान खरीद सकते हैं।

लोहिया ने कहा कि केंद्र को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का भी ध्यान रखना चाहे। ईवी 5 प्रतिशत कर दायरे में आते हैं जबकि बैटरियां देने वाले सेवा प्रदाता अलग श्रेणी में आएंगे। इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं के संगठन (एसएमईवी) के महानिदेशक एवं हीरो इलेक्ट्रिक के मुख्य कार्याधिकारी सोहिंदर गिल ने बिज़नेस स्टैंडर्ड को बताया कि योजना सही तरीके से लागू हुई तो पूरा बाजार ही बदल जाएगा क्योंकि भारत में वाहन या अन्य वस्तुएं खरीदते समय लोग कीमत का बहुत ध्यान रखते हैं।

अच्छे स्टार्टअप के लिए कोष की कोई कमी नहीं: अमिताभ कांत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने सोमवार को कहा कि नवोन्मेष और स्टार्टअप परिवेश आज दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए मजबूत स्थिति में है। उन्होंने यह भी कहा कि अच्छे स्टार्टअप के लिए कोष की कोई कमी नहीं है। कांत ने स्टार्टअप20 शिखर कार्यक्रम में एक मजबूत स्टार्टअप परिवेश के लिए 'फंड ऑफ फंड (ऐसा कोष जो दूसरे कोष में निवेश करता है), कर्ज सुलभ होने से जुड़ी योजनाएं और बेहतर संचालन व्यवस्था पर ध्यान देने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टार्टअप ने कम लागत पर स्तरीय समाधान सफलतापूर्वक सुलभ कराया है।

कांत ने कहा कि स्टार्टअप क्षेत्र में कोष की कोई कमी नहीं है और अच्छे स्टार्टअप के लिए पूंजी हमेशा उपलब्ध हैं। दुनिया में कोष पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और उनकी नजर हमेशा अच्छी परियोजनाओं पर होती है। कांत ने भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे ... बायोमेट्रिक आईडी, डिजिटल भुगतान और इस संदर्भ में स्टार्टअप परिवेश की मजबूत सफलता के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि देश ने डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है।

उन्होंने कहा, भारत में 1,00,000 से अधिक स्टार्टअप और 108 यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप) हैं। कांत ने स्टार्टअप और उद्यमियों के लिए स्व-नियमन और बेहतर संचालन व्यवस्था की जरूरत भी बताई। उन्होंने कहा, ''...आज का स्टार्टअप कल फॉर्च्यून 500 कंपनी होगी। इसलिए वित्तीय स्तर पर सूझ-बूझ के साथ कदम और संचालन व्यवस्था का मुद्दा महत्वपूर्ण है।

महंगी हो जाएंगी टाटा की कारें, कंपनी ने किया कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की दिग्गज कमर्शियल और पैसेंजर व्हीकल बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी प्रीमियम से लेकर सामान्य कार की कीमतों में इजाफा करने का ऐलान किया है। टाटा मोटर्स ने ऐलान किया है कि 17 जुलाई से टाटा मोटर्स की सभी मॉडल की कीमतों में इजाफा कर दिया जाएगा। कंपनी ने अपने सभी मॉडल्स पर 0.6 प्रतिशत की औसत बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है।

यह वृद्धि इलेक्ट्रिक वाहन समेत सभी मॉडल और संस्करणों पर लागू होगी। बयान के अनुसार कीमत में वृद्धि कच्चे माल की लागत में वृद्धि के प्रभाव से निपटने के लिए की जा रही है। कंपनी ने कहा कि 16 जुलाई, 2023 तक होने वाले वाहनों की बुकिंग और 31 जुलाई, 2023 तक होने वाली डिलिवरी पर कीमत वृद्धि का प्रभाव नहीं होगा। टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों में पंच, नेक्सन और हैरियर शामिल हैं।

टाटा मोटर्स की गाड़ियों की सेल में भी इजाफा देखने को मिला है। बता दें कि एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीते जून महीने में टाटा मोटर्स की गाड़ियों की जमकर बिक्री हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जून में टाटा मोटर्स की कुल घरेलू बिक्री सालाना आधार पर एक फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 80,383 इकाई हो गई है। जून 2022 में कंपनी ने 79606 वाहनों की बिक्री की थी।

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड 297.94 लाख रुपए पर

नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू शेयर बाजार में तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सोमवार को रिकॉर्ड 297.94 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 514.08 अंक उछलकर 65,232.64 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार चौथा दिन है जब सेंसेक्स में तेजी दर्ज की गई है। घरेलू शेयर बाजार में बढ़त के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुरूआती कारोबार में उछलकर 2,97,94,780.47 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। शुक्रवार को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण अबतक के रिकॉर्ड स्तर 296.48 लाख करोड़ रुपए रहा था।

जीएसटी में 12000 से ज्यादा फर्जी कंपनियां, अन्य लोगों के पैन-आधार का कर रहे दुरुपयोग

नई दिल्ली, एजेंसी। धोखेबाज कंपनियों पर नकेल कसने के लिए सीबीआईसी नए तरीके आजमाने की योजना बना रहा है। 12,000 से ज्यादा फर्जी कंपनियां जीएसटी में पंजीकृत हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन विवेक जौहरी ने कहा कि जीएसटी के तहत जोखिम भरी संस्थाओं के बॉयोमीट्रिक प्रमाणीकरण पर काम हो रहा है। यह उन धोखेबाजों पर नकेल कसने की तैयारी है, जो जीएसटी पंजीकरण प्राप्त करने के लिए अन्य लोगों के पैन और आधार का दुरुपयोग कर रहे हैं।

विवेक जौहरी ने कहा, कर अधिकारी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा के दायरे को सीमित करने के लिए जीएसटी रिटर्न फाइलिंग प्रणाली में कुछ और सख्ती पर भी चर्चा कर रहे हैं। ऐसा देखा जा रहा है कि आपूर्ति श्रृंखला में बहुत सारे आपूर्तिकर्ताओं ने करों का भुगतान नहीं किया है।

मरेंगो सिम्स अस्पताल ने विविध स्पाइन रोगों के इलाज के लिए समर्पित स्पाइन और न्यूरो सुपर-विशेषज्ञों की सबसे बड़ी टीमों में से एक के साथ स्पाइन क्लिनिक लॉन्च किया

अहमदाबाद , एजेंसी। मरेंगो सिम्स अस्पताल, अहमदाबाद हर आयु वर्ग में बढ़ती रीढ़ की समस्याओं के इलाज में एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में एक स्पाइन क्लिनिक शुरू कर रहा है। 33 हड्डियाँ जिन्हें वर्टेब्रा भी कहा जाता है, संपूर्ण रीढ़ की हड्डी का निर्माण करती हैं। ये रीढ़ की हड्डी और तंत्रिकाओं की रक्षा और समर्थन करते हैं। चोटें, गिरना या दुर्घटनाएं, जीवनशैली की आदतें, मुद्राएं और रीढ़ की हड्डी के रोग वर्टेब्रा को नुकसान पहुंचा सकते हैं और गंभीर दर्द का कारण बन सकते हैं। इससे व्यक्ति की गतिशीलता सीमित हो सकती है और शरीर का आकार और कार्यक्षमता तेजी से बिगड़ सकती है। रीढ़ की हड्डी में असामान्यताएं रीढ़ की सीधी वक्रता को भी प्रभावित कर सकती हैं, जिससे प्राकृतिक वक्र खो जाता है। युवा आबादी में रीढ़ की हड्डी संबंधी विकारों में तेज वृद्धि के साथ, रीढ़ की हड्डी की अनेक महत्वपूर्ण समस्याओं के इलाज के लिए नैदानिक उत्कृष्टता के दायरे को बढ़ाना जरूरी था। मरेंगो सिम्स अस्पताल रोगी विकास पर केंद्रित है और इस पहल के माध्यम से मौजूदा उपचारों के पूरक के लिए नए उपचार समाधान लाता है। गुजरात के न्यूरो स्पाइन सर्जनों की सबसे बड़ी और विशेषज्ञ टीम इस यूनिट का नेतृत्व करती है, जिसका नेतृत्व डॉ. वाई. सी. शाह, डॉ. तुषार शाह और डॉ. टी के बी गणपति करते हैं। टीम को डॉ. परिमल त्रिपाठी, डॉ. देवेन जवेरी, डॉ. संदीप शाह, डॉ. जयुन शाह, डॉ.हार्दिक दरजी और डॉ.दीपक बेटाई का भी समर्थन प्राप्त है।

मरेंगो सिम्स अस्पताल के न्यूरो स्पाइन सर्जन डॉ. वाई सी शाह, डॉ. टी के बी गणपति और डॉ. तुषार शाह का मानना है कि रीढ़ की हड्डी की बीमारी रीढ़ की हड्डी को नुकसान पहुंचाने वाली स्थिति को संदर्भित करती है। रीढ़ की हड्डी की कई मान्यता प्राप्त बीमारियाँ हैं, कुछ दूसरों की तुलना में अधिक सामान्य हैं। रीढ़ की हड्डी की बीमारी में सर्वाइकल स्पाइन की बीमारियाँ भी शामिल हैं, जो गर्दन की वर्टेब्रा में होने वाली बीमारियाँ हैं। वर्तमान समय में, हम हर आयु वर्ग में और पुरुष और महिला दोनों आबादी में रीढ़ की हड्डी के स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को देखते हैं।

मरेंगो सिम्स अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. केयूर परीख ने बताया कि, एक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के रूप में मरेंगो सिम्स अस्पताल ने विभिन्न विशिष्टताओं में पहल के साथ उद्योग में अग्रणी के रूप में उभरने के लिए बड़े कदम उठाए हैं। हमने अपने मरीजों को प्रदान की जाने वाली नैदानिक उत्कृष्टता को मजबूत करने के लिए कई सुपर-स्पेशलाईज्ड पहल शुरू की हैं। हमारा नया स्पाइन क्लिनिक सर्वश्रेष्ठ अत्याधुनिक स्पाइन क्लीनिकों में से एक के साथ वैश्विक मानकों के अनुरूप खड़ा है।

सोने की कीमतों में आई गिरावट



नई दिल्ली, एजेंसी। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। हालांकि चांदी के भाव बढ़ गए हैं। सोना गिरावट के साथ 58 हजार रुपए के करीब आ गया है। सोने के घरेलू वायदा भाव गिरावट के साथ ट्रेड करते दिखे हैं। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुक्रवार सुबह 4 अगस्त 2023 की डिलीवरी वाला सोना 0.22 फीसदी या 130 रुपए की गिरावट के साथ 58,081 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, 5 अक्टूबर 2023 की डिलीवरी वाला सोना 0.16 फीसदी या 93 रुपए की गिरावट के साथ 58,383 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा। वैश्विक स्तर पर भी सोने की कीमतों में शुक्रवार सुबह गिरावट देखने को मिली।

चांदी की कीमतों में सोमवार को तेजी देखने को मिली। एमसीएक्स पर 5 सितंबर 2023 की डिलीवरी वाली चांदी का भाव 30 रुपए की बढ़त के साथ 70060 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुला है। वहीं 5 दिसंबर 2023 को डिलीवरी वाली चांदी का भाव भी बढ़त के साथ 71467 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुला है। हालांकि इसके बाद चांदी के भाव में गिरावट देखी जा रही है।

सोने का वैश्विक भाव- सोने की वैश्विक कीमतों में सोमवार को गिरावट देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 0.16 फीसदी या 3.00 डॉलर की गिरावट के साथ 1926.40 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव 0.05 फीसदी या 0.88 डॉलर की गिरावट के साथ 1918.47 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

चांदी का वैश्विक भाव- कॉमेक्स पर चांदी का वैश्विक वायदा भाव में सोमवार को तेजी देखने को मिल रही है। सोमवार सुबह 0.09 फीसदी या 0.02 डॉलर की बढ़त के साथ 23.04 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, चांदी की वैश्विक हाजिर कीमत 0.22 फीसदी या 0.05 डॉलर की गिरावट के साथ 22.82 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखी।

किआ इंडिया 4 जुलाई को करेगी अपनी बहुप्रतीक्षित नई सेल्टो स का अनावरण

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की प्रीमियम और तेजी से आगे बढ़ने वाली कार निर्माता कंपनी, किआ इंडिया ने 4 जुलाई को नई सेल्टोलस का अनावरण करने की घोषणा की है। अपने नए अवतार में सेल्टो स एक नए डिजाइन और सेगमेंट के उन्नईत सेगमेंट-अग्रणी फीचर्स से सुसज्जित होगी। ब्रांड सेल्टोटस ने अपने सेगमेंट-लीडिंग फीचर्स और डिजाइन लीडरशिप के साथ ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में एक नई क्रांति की शुरुआत की है। नई सेल्टोस एक बार फ?िर इस सेगमेंट को एक नया रूप देने के लिए तैयार है। किआ नई सेल्टो स का टीजर भी 30 जून 2023 को जारी करेगी। किआ ने अगस्त 2019 में सेल्टो स को लॉन्चट करने के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश किया था और भारत के नए युग के उपभोक्ताकओं का दिल जीता लिया। 46 महीने की छोटी से उल्ले खनीय अवधि में, सेल्टोऔस 5 लाख बिक्री का आंकड़ा तेजी से पार करने वाली एसयूवी बन गई। वर्तमान में, 3.78 लाख सेल्टोखस भारतीय सड़कों पर चल रही हैं, जो किआ इंडिया की कुल घरेलू संख्याव का 53 प्रतिशत है। कंपनी ने दुनियाभर के करीब 90 से ज्याहदा बाजारों में 1.39 लाख सेल्टोरस का निर्यात भी किया है।

किआ इंडिया के बारे में- किआ, इंडिया ने अप्रैल, 2017 में अनंतपुर जिले में एक नई विनिर्माण इकाई स्था पित करने के लिए आंध्र प्रदेश, भारतके साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। किआ ने अगस्त 2019 में बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू किया और इसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता लगभग 300,000 यूनिट्सहै। अप्रैल 2021 में, किआ इंडिया ने अपनी नई ब्रांड पहचान, ÷मूवमेंट दैट इंस्पायर÷ के अनुरूप खुद को फिर से परिभाषित किया, जिसका मकसदग्राहकों को अभिनव उत्पादों और सेवाओं द्वारा शानदारअनुभव प्रदान करना था।

मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन हुआ गतिशील

भोपाल, एजेंसी। प्रधानमंत्री जी के द्वारा 1 जुलाई, 2023 को शुरू किए गए राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के लिए, मध्य प्रदेश के विभिन्न केन्द्रों में अग्रिमपंती स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, महिला समूहों और स्वास्थ्य अधिकारियों के सहयोग से प्रभावशाली गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। मध्य प्रदेश के शहडोल में आयोजित यह जनजातिय मामलों के मंत्रालय और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की एक संयुक्त पहल है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की एक रिपोर्ट ने सिकल सेल रोग को भारत के आदिवासी स्वास्थ्य में 10 समस्याओं में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया है जिसमें मध्य प्रदेश में सबसे अधिक प्रसार है। अनुमानित 961,492 मध्य प्रदेश निवासियों को सिकल सेल वाहक होने की सूचना है, जबकि 67,861 को सिकल सेल रोग है।

सिकल-सेल एनीमिया भ्रूण के विकास के दौरान प्राप्त एनीमिया का एक जन्मजात रूप है। अर्धचंद्राकार लाल रक्त कोशिकाओं और हीमोग्लोबिन के असामान्य रूपी विशेषता, विकार विभिन्न स्वास्थ्य जटिलताओं को जन्म दे सकता है, जिसमें गंभीर दर्द, अंग क्षति और कम जीवन प्रत्याशा के भाग सम्मिलित हैं। ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया (टीआरआई), एक जमीनी संगठन है जो कि हाशिए पर ग्रामीण समुदायों के सामने आने वाले मुद्दों के समाधान तैयार करने की दिशा में कार्य कर रहा है। मध्य प्रदेश में इस बीमारी के इलाज के प्रबंधन व इसे कम करने और आदिवासी आबादी के स्वास्थ्य में सुधार के लिए सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभा रहे है।

ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया में पब्लिक हेल्थ एंड न्यूट्रिशन के असोसिएट डायरेक्टर श्री श्यामल संत्रा जी के द्वारा कहा गया है कि - इन गतिविधियों का उद्देश्य आदिवासी समुदाय के भीतर बीमारी के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इस आशय के लिए हम एससरए स्क्रीनिंग शिविर आयोजित करने में सहायता कर रहे हैं। राज्य हीमोग्लोबिनोपैथी मिशन और जिला प्रशासन को तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के 20 आदिवासी बहुल जिलों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग के लिए स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक लगाए गए हैं। रक्त के नमूनों का विश्लेषण करने के लिए उच्च प्रदर्शन तरल क्रोमैटोग्राफी (एचपीएलसी) परीक्षण किए गए हैं। जबकि सकारात्मक मामलों का अतिरिक्त मूल्यांकन किया गया है।

एकत्र किए गए डेटा का दैनिक विश्लेषण किया गया है। जिससे कई जिलों में बीमारी की अवधि में मूल्यवान आत्म चिन्तन मिला है । श्यामल जी कहते हैं कि हमारी टीम के सदस्यों द्वारा भी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को समर्थन दिया गया और स्क्रीनिंग प्रक्रिया को अनुकूलित करने में मदद की। इस प्रक्रिया को जिस वस्तु ने चुनौतीपूर्ण बना दिया वह थी आदिवासी आबादी के भीतर जागरूकता की कमी।

शीर्ष आठ शहरों में अप्रैल-जून में कार्यालय स्थल को पट्टे पर देने में 22 प्रतिशत गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के शीर्ष आठ शहरों में कार्यालय स्थलों को पट्टे पर देने में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून, 2023) में सालाना आधार पर 22 प्रतिशत गिरावट आई है। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कुशमैन एंड वेकफील्ड ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए बताया कि बड़ी कंपनियां अभी भी विस्तार योजनाओं को लेकर सतर्क बनी हुई हैं।

कंपनी के आंकड़ों के अनुसार कार्यालय स्थलों को पट्टे पर देने का कुल आंकड़ा अप्रैल-जून, 2023 में सालाना आधार पर घटकर 1.74 करोड़ वर्ग फुट रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 2.24 करोड़ वर्ग फुट था। कंपनियां बड़े कार्यस्थलों को

पट्टे पर लेने के बारे में फैसला करने के लिए समय ले रही हैं। एपीएसी टेनेंट रीप्रजेंटेशन के प्रमुख और भारत एवं दक्षिण-पूर्वी एशिया के प्रबंध निदेशक अंशुल जैन ने कहा, भारत का कार्यालय स्थल बाजार लगातार वृद्धि कर रहा है। विदेशी बाजारों में मंदी के बावजूद इसमें तेजी के पीछे बड़ा कारण घरेलू बाजार में मांग है। मुंबई में अप्रैल-जून में कार्यालय स्थल को पट्टे पर लेने का सकल आंकड़ा सालाना आधार पर नौ प्रतिशत गिरकर 27.3 लाख वर्गफुट रह गया। दूसरी ओर दिल्ली-एनसीआर में कार्यालय स्थल को पट्टे पर लेने का सकल आंकड़ा पांच प्रतिशत बढ़कर 35.9 लाख वर्गफुट हो गया।

बांग्लादेश दौरे के लिए हुआ महिला टीम इंडिया का ऐलान

तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और विकेटकीपर ऋचा घोष बाहर

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने नौ जुलाई से मीरपुर में शुरू होने वाले बांग्लादेश के लिमिटेड ओवरों के दौरे के लिए 18 सदस्यीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा की, जिसमें दाएं हाथ की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और विकेटकीपर ऋचा घोष को बाहर रखा गया। इन दोनों के अलावा युवा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल को नजरअंदाज किया गया। भारतीय टीम को बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैच खेलने हैं।

श्रेयंका पाटिल को हाल ही में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग के लिए ड्राफ्ट किया किया है। वहीं श्रेयंका पाटिल भारत की पहली महिला प्लेयर हैं जो महिला सीपीएल में खेलती हुई नजर आएंगी। श्रेयंका के प्रदर्शन को देखें

तो हाल ही में उन्होंने बहुत अच्छा किया लेकिन उसके बावजूद उन्हें टीम में शामिल नहीं किया जाना काफी हैरान करने वाला है। सभी छह मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम (एसबीएनसीएस) में खेले जाएंगे। हरमनप्रीत कौर टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान है। विकेटकीपर बल्लेबाज घोष को बाहर किया जाना आश्चर्यजनक है। इसके लिए कोई कारण भी नहीं बताया गया है।

भारतीय टी20 टीम- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, देविका वैद्य, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, एस मेघना, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, मोनिका पटेल, राशि कनौजिया, अनुषा बारेड्डी, मिन्नू मणि।

भारतीय एकदिवसीय टीम- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, देविका वैद्य, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, प्रिया पुनिया, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह , अंजलि सरवानी, मोनिका पटेल, राशि कनौजिया, अनुषा बारेड्डी, स्नेह राणा।

बेयरस्टो स्टंपिंग विवाद पर मैकुलम की प्रतिक्रिया से ऑस्ट्रेलिया के कोच मैकडोनल्ड निराश

लंदन (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनल्ड को जॉनी बेयरस्टो की विवादास्पद स्टंपिंग को लेकर इंग्लैंड के कोच ब्रैंडन मैकुलम की टिप्पणियों से 'निराशा' हुई है। एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर 43 रन की रोमांचक जीत दर्ज कर श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली। मैकुलम में मैच के बाद बेयरस्टो की स्टंपिंग को लेकर हुए विवाद पर कहा कि इससे दोनों टीमों के संबंधों पर असर पड़ेगा।

लंच से आधे घंटे पहले कैमरून ग्रीन के बाउंसर पर बेयरस्टो झुक गए और दूसरे छोर पर कप्तान बेन स्टोक्स से मिलने के लिए क्रीज से बाहर आ गए। उन्हें लगा कि गेंद 'डेड' हो गई है। विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने हालांकि गेंद विकेटों पर मार दी और ऑस्ट्रेलिया जश्न मनाने लगा। तीसरे अंपायर ने बेयरस्टो को आउट दिया गया। उन्होंने 10 रन बनाए। इसमें कोई संदेह नहीं कि नियमों के तहत बेयरस्टो आउट थे लेकिन मैकुलम और स्टोक्स का मानना है कि उनका आउट होना खेल भावना के तहत नहीं था।

इस घटना के बाद स्टेडियम में मौजूद दर्शक ऑस्ट्रेलिया की टीम के लिए 'चीटर-चीटर (बेईमान) का नारा लगाने लगे तो वहीं लंच के समय पवेलियन जाने के रास्ते में मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के कुछ सदस्य 'लॉन्ग रूम' में ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों के साथ बहस करने लगे। टेलीविजन फुटेज में दिखा कि सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और डेविड वार्नर की 'लॉन्ग रूम' में दर्शकों के साथ तीखी बहस हुई। स्टेडियम का यह हिस्सा एमसीसी सदस्यों और उनके मेहमानों के लिए आरक्षित होता है। इंग्लैंड के टेस्ट कोच मैकुलम ने मैच के बाद कहा था, 'मैं इस बात की कल्पना नहीं कर सकता कि हम आने वाले समय में एक साथ बीयर पी सकेंगे। हमारे दृष्टिकोण से, हमारे पास तीन टेस्ट मैच (बचे हुए) हैं जिनमें प्रतिद्वंद्वी टीम को कुछ झटके देने होंगे और एशेज जीतने की कोशिश करनी है। हमारा ध्यान इसी पर होगा। मैकडोनल्ड हालांकि न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान के रवैये से खुश नहीं दिखे। उन्होंने कहा, 'मैंने उनसे बात नहीं की है। मैंने यह टिप्पणी पहली बार सुनी है और मैं इससे कुछ हद तक निराश हूं। मैकडोनल्ड ने कहा, 'इसमें कोई शक नहीं कि जब खिलाड़ी एक समय के अंदर क्रीज या मैदान से बाहर निकलता है तो आप अपने मौका का फायदा उठायेंगे।

नीरज चोपड़ा ने कहा- विश्व चैम्पियनशिप से पहले शारीरिक और मानसिक फिटनेस पर फोकस रहेगा

- **90 मीटर की बाधा पार करने का कोई दबाव नहीं**

नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले सप्ताह लुसाने डायमंड लीग जीतने वाले ओलंपिक भालाफेंक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने सोमवार को कहा कि अगस्त में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले शारीरिक और मानसिक फिटनेस पर फोकस रहेगा लेकिन 90 मीटर की बाधा पार करने का कोई दबाव नहीं है। मांसपेशियों में खिंचाव के कारण तीन शीर्ष स्पर्धाओं में भाग नहीं लेने वाले चोपड़ा ने डायमंड लीग के लुसाने चरण में वापसी करते हुए पिछले सप्ताह 87.66 मीटर की दूरी के साथ लगातार दूसरी बार शीर्ष स्थान हासिल किया।

उन्होंने पांच मई को दोहा में अपने करियर के चौथे सर्वश्रेष्ठ 88.67 मीटर के थ्रो के साथ सत्र की शुरुआती डायमंड लीग जीती थी। उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा कराई गई वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'शारीरिक और मानसिक रूप से दोहा की तुलना में लुसाने में काफी कठिन था क्योंकि बीच में चोटिल होने के कारण पूरा फोकस उस पर रह गया था। सत्र के बीच में चोट लग जाने पर रिकवरी पर फोकस चला जाता है। उन्होंने कहा, 'बीच में मैंने तीन कांटिनेंटल गोल्ड स्तर के टूर्नामेंट छोड़े जहां मौसम अच्छा था और मैं 90 मीटर की बाधा पार कर सकता था लेकिन इसका कोई दबाव नहीं है। अभी एशियाई खेल और विश्व चैम्पियनशिप होनी है तो जिस दिन परिस्थितियां बनेंगी, 90 मीटर का थ्रो लग जायेगा। लुसाने के मौसम को देखते हुए प्रदर्शन अच्छा रहा।

उन्होंने कहा कि अब उनका फोकस 19 से 27 अगस्त तक हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में 100 प्रतिशत फिट रहकर उतरने पर होगा। चोपड़ा ने कहा, 'अभी तक मैने विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण नहीं जीता है और इस बार इस कमी को पूरी करने के लिये काफी मेहनत करनी है। फोकस शारीरिक फिटनेस और मानसिक दृढता पर रहेगा। उससे पहले टूर्नामेंटों का चयन भी काफी सोच समझकर करना है ताकि चोटमुक्त रहूं और फिटनेस भी बरकरार रहे।

चोपड़ा ने 2022 में अमेरिका के यूजीन में विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था। अपने प्रदर्शन में निरंतरता का श्रेय आत्मविश्वास को देते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे इतना तो यकीन रहता ही है कि छठे थ्रो तक मैं हार नहीं मानूंगा और कई बार आखिरी थ्रो में बाजी पलट जाती है। यह आत्मविश्वास फिटनेस और अभ्यास से आता है और इसी की वजह से दबाव महसूस नहीं होता।

चोपड़ा आमतौर पर शुरुआती दौर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं लेकिन शुक्रवार को शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए उन्हें पांचवें प्रयास का इंतजार करना पड़ा। चौथे दौर की समाप्ति तक वह दूसरे स्थान पर थे। इस बारे में उन्होंने कहा, 'जितने भी शीर्ष खिलाड़ी हैं, वे सभी आखिरी थ्रो तक खुद को तैयार रखते हैं। मैने भुवनेश्वर में एशियाई चैम्पियनशिप में छठे थ्रो पर स्वर्ण पदक जीता था। मुझे इतना यकीन रहता है कि पहले थ्रो अच्छे नहीं भी गए तो आखिर में तो भरपाई कर ही लूंगा।

चोपड़ा अपनी तकनीक में बहुत बदलाव के समर्थक नहीं है लेकिन सुधार के प्रयास जारी रखते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं तकनीक में बदलाव नहीं करता क्योंकि मेरा शरीर उसके अनुरूप ढल चुका होता है। सुधार की कोशिश लगातार करता रहता हूं बाकि तो सारा माइंड गेम है। बस सकारात्मक सोच रखना जरूरी है। डायमंड लीग फाइनल सितंबर के बीच में होना है और उसके बाद चोपड़ा को एशियाई खेलों में भाग लेना है लिहाजा वह चुनकर ही टूर्नामेंट खेलेंगे। उन्होंने कहा, 'अभी मैने तय नहीं किया है कि मोनाको में खेलूंगा या नहीं। वैसे मुझे डायमंड लीग के 16 अंक (दोहा और लुसाने दोनों में आठ) मिल चुके हैं जो फाइनल के लिए काफी होंगे। अभी लगातार खेलता रहा तो विश्व चैम्पियनशिप तक फिटनेस पर असर पड़ सकता है।

उन्होंने कहा, 'एशियाई खेलों के बाद पेरिस ओलंपिक में आठ से दस महीने का समय ही है तो अभ्यास जल्दी शुरू करना होगा। टोक्यो ओलंपिक के बाद मैने लंबा ब्रेक ले लिया था लेकिन वह गलती अब नहीं दोहरानी है। एशियाई खेलों में पाकिस्तान के अरशद नदीम से मुकाबले के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, 'मैं इसे भारत-पाकिस्तान के नजरिये से नहीं देखता। मेरा फोकस अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर रहता है और मैं उम्मीद करता हूं कि प्रतिस्पर्धा अच्छी रहेगी ताकि हम एक दूसरे को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित कर सकें।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के साथ 'लॉन्ग रूम' की घटना पर एमसीसी सख्त, तीन सदस्य निलंबित

लंदन (एजेंसी)। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने दूसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट के अंतिम दिन जॉनी बेयरस्टो की विवादास्पद स्टंपिंग के बाद लार्ड्स के 'लॉन्ग रूम' में ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ बहस के बाद तीन सदस्यों को निलंबित किया है। एमसीसी ने इससे पहले अपने कुछ सदस्यों के बर्ताव के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम से 'बिना शर्त माफी' मांगी थी जिन्होंने रविवार को लंच के लिए ड्रेसिंग रूम में जाने के दौरान मेहमान टीम के कई खिलाड़ियों को कथित तौर पर अपशब्द कहे थे।

टेलीविजन फुटेज में दिखा कि सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और डेविड वार्नर की लॉन्ग रूम में दर्शकों के साथ तीखी बहस हुई। स्टेडियम का यह हिस्सा एमसीसी सदस्यों और उनके मेहमानों के लिए आरक्षित होता है। ख्वाजा को सुरक्षाकर्मियों ने पीछे हटाया। वार्नर को भी कुछ सदस्यों पर टिप्पणी करते हुए देखा गया जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने मामले के शांत कराया।

एमसीसी ने रविवार देर रात जारी बयान में कहा, 'एमसीसी पुष्टि कर सकता है कि उसने आज की घटना को देखते हुए तीन सदस्यों की पहचान करके उन्हें निलंबित किया है। जांच चलने तक उन्हें लॉर्ड्स में वापस आने की अनुमति नहीं दी जाएगी और एमसीसी के मुख्य कार्यकारी गाय लैवेंडर ने आज शाम इसकी जानकारी दी।

लंच से आधे घंटे पहले बेयरस्टो के आउट होने के बाद यह घटना हुई। बेयरस्टो धीमी बाउंसर पर झुक गए और दूसरे छोर पर कप्तान बेन स्टोक्स से मिलने के लिए क्रीज से बाहर आ गए। उन्हें लगा कि गेंद 'डेड' हो गई है। हालांकि विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने गेंद स्टंप्स पर मार दी और ऑस्ट्रेलिया जश्न मनाने लगे। रिव्यू के बाद बेयरस्टो को आउट दिया गया। उन्होंने 10 रन बनाए। इसमें कोई संदेह नहीं कि नियमों के तहत बेयरस्टो आउट थे लेकिन इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम और स्टोक्स का मानना है कि उनका आउट होना खेल भावना के तहत नहीं था।

बेयरस्टो के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम की दर्शकों ने हूटिंग की और लार्ड्स पर 'वही पुराने ऑस्ट्रेलियाई, हमेशा धोखाधड़ी करने वाले' के नारे लगाए। ऑस्ट्रेलिया ने अंततः 43 रन से मैच जीतकर पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बनाई। इस बीच ख्वाजा ने 'अपमानजनक' बर्ताव की निंदा की है। मैच के बाद चैनल नाइन से बात करते हुए 'निराश' ने अपनी टीम के प्रति अपमानजनक बर्ताव के लिए फटकार लगाई।

ख्वाजा ने कहा, 'लार्ड्स मेरे पसंदीदा स्थलों में से एक है। लार्ड्स में हमेशा सम्मान दिखाया जाता है, विशेषकर लॉन्ग रूम की मेंबर्स पवेलियन में लेकिन आज ऐसा नहीं था। यह बेहद निराशाजनक थ। उन्होंने कहा, 'अगर कोई मुझसे पूछता है कि खेलने के लिए सबसे अच्छी जगह कहां है तो मैं हमेशा कहता हूं लॉर्ड्स। यहां के दर्शक बहुत अच्छे हैं, विशेषकर यहां के सदस्य बहुत अच्छे हैं लेकिन सदस्यों के मुंह से जो बातें निकली वह वास्तव में निराशाजनक हैं और मैं बस चुपचाप खड़ा होकर इसे नहीं सुनना चाहता था। इसलिए मैंने बस उनमें से कुछ से बात की।

ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका, एशेज से बाहर हुआ दिग्गज खिलाड़ी

लंदन (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लायन दाएं पैर की पिंडली की चोट के कारण सोमवार को बाकी बची एशेज श्रृंखला से बाहर हो गए। ऑस्ट्रेलिया के लिए लगातार 100वां टेस्ट खेल रहे 36 साल के ऑफ स्पिनर लायन को दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन क्षेत्ररक्षण के दौरान पिंडली में चोट लगी थी। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट 43 रन से जीतकर पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। चोट के बाद लायन तुरंत मैच से चले गए और उन्होंने इसके बाद गेंदबाजी या क्षेत्ररक्षण नहीं किया। वह हालांकि ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरे और अंतिम विकेट के लिए 15 रन की साझेदारी की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने किसी विकल्प की घोषणा नहीं की है और ऐसे में साथी ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी के तीसरे टेस्ट में उनकी जगह लेने की उम्मीद है। लायन सुनिश्चित नहीं है कि वह रिहैबिलिटेशन के लिए ऑस्ट्रेलिया लौटेंगे या इग्लैंड में ही रहेंगे।

इस अनुभवी स्पिनर ने कहा कि वह मर्फी का मार्गदर्शन करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। लायन ने कहा, 'यहां अंतिम सत्र के दौरान (चौथे दिन) मैं टॉड के साथ बैठा और स्पिन गेंदबाजी के बारे में बात की जैसे हम करते हैं। मुझे टॉड पर काफी भरोसा है। वह शानदार खिलाड़ी है। वह सीखने के लिए तैयार रहता है। उन्होंने कहा, 'मैंने उसे कहा है कि मैं ड्रेसिंग रूम में उसके साथ रहूं या बेड पर बैठकर टीवी देख रहा हूं, मैं फोन पर हमेशा उपलब्ध रहूंगा।

तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम की घोषणा, क्रिस वोक्स और मार्क वुड की वापसी

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड ने तीसरे एशेज टेस्ट के लिए टीम की घोषणा कर दी है। चोट की आशंका के बावजूद ओली पोप को मौजूदा एशेज 2023 के तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में बरकरार रखा गया है। रविवार 2 जुलाई को लॉर्ड्स टेस्ट में हार के तुरंत बाद इंग्लैंड ने तीसरे गेम के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की जो कि गुरुवार, 6 जुलाई से हेडिंग्ले में खेला जाएगा। विशेष रूप से, पोप ने कंधे की चोट के बावजूद दूसरे टेस्ट की दोनों पारियों में बल्लेबाजी की थी।

कथित तौर पर 25 वर्षीय को स्कैन से गुजरना होगा और यदि परिणाम आशाजनक नहीं रहे तो वह आगामी गेम से चूक सकते हैं। यदि वह चूक जाते हैं, तो इंग्लैंड को डैन लॉरेंस के साथ जाना होगा क्योंकि वह एकमात्र बल्लेबाज हैं जो पोप की जगह ले सकते हैं। मोईन अली को चोट के कारण दूसरे गेम के लिए प्लेइंग

कॉम्बिनेशन से बाहर कर दिया गया था, लेकिन आगामी गेम में उनसे वापसी की उम्मीद की जाएगी।

इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट से पहले रेहान अहमद को टीम में शामिल किया था, लेकिन मोईन की संभावित वापसी का संकेत देते हुए इस युवा खिलाड़ी को तीसरे गेम के लिए बाहर कर दिया गया है। इंग्लैंड ने क्रिस वोक्स और मार्क वुड को टीम में शामिल किया है जो लॉर्ड्स टेस्ट में भाग लेने वाले चार फ्रंटलाइन तेज गेंदबाजों के अलावा सीम-बॉलिंग विकल्प होंगे।

एशेज 2023 सीरीज में इंग्लैंड को भारी झटका लगा है एजबेस्टन में शुरुआती टेस्ट के साथ-साथ लॉर्ड्स में दूसरा टेस्ट भी हार गया है। दोनों खेलों में कड़ा मुकाबला हुआ और मेहमान टीम ने खेल के अंतिम दिन जीत हासिल की। जहां पैट कमिंस की वीरता ने ऑस्ट्रेलिया को बर्मिंघम में जीत दिलाने में मदद की, वहीं गेंदबाजों ने दूसरे गेम में मिलकर काम किया और ऑस्ट्रेलिया को 2-0 की बढ़त दिलाने में मदद की।

एशेज 2023

दूसरा टेस्ट हारा इंगलैंड ,बेन स्टोक्स का शतक बेकार

लंदन (यूके) (एजेंसी)। इंग्लैंड को दूसरे एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा और महमान टीम सीरीज में 2-0 से आगे है। हालांकि इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट के लिए रविवार का दिन बेहद खास रहा क्योंकि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 1,000 रन पूरे कर लिए हैं।

डकेट ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। पहली पारी में उन्होंने 134 गेंदों में 98 रन बनाए जिसमें नौ चौके शामिल थे। दूसरी पारी में वह कप्तान बेन स्टोक्स के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी में शामिल थे और 112 गेंदों में 9 चौकों की मदद से 83 रन बनाए। इसके साथ ही डकेट ने 12 टेस्ट मैचों में 48.19 की औसत से 1,012 रन बनाए हैं। उन्होंने 182 के सर्वश्रेष्ठ

स्कोर के साथ दो शतक और सात अर्द्धशतक बनाए हैं। वह 85.47 की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

डकेट इस साल शानदार फॉर्म में हैं। पांच टेस्ट मैचों में उन्होंने 60.55 की औसत से 545 रन बनाए हैं। उन्होंने 10 पारियों में एक शतक और तीन अर्द्धशतक बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 182 है। डकेट की अब तक एशेज अच्छी रही है। हालांकि उन्होंने लॉर्ड्स टेस्ट की दोनों पारियों में अर्धशतक बनाए लेकिन पहले टेस्ट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और दोनों पारियों में 20 रन का आंकड़ा छूने में असफल रहे। उन्होंने चार पारियों में 53.00 की औसत से 212 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्द्धशतक भी शामिल हैं। वह स्टोक्स (216 रन) के बाद अब तक सीरीज में इंग्लैंड के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 371 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड 45/4 पर सिमट गई।

पीसीबी ने विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए केन्द्र सरकार से मांगी मंजूरी

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप की खातिर भारत आने के लिये प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ, गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर आधिकारिक मंजूरी मांगी है। एक रिपोर्ट के अनुसार पत्र में सलाह मांगी गई है कि पाकिस्तान टीम को भारत की यात्रा करने की अनुमति है या नहीं और क्या पाकिस्तानी सरकार टोह लेने के लिए एक सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल भारत भेजना चाहती है।

पाकिस्तान को अपने 9 लीग मैच पांच आयोजन स्थलों पर खेलने हैं। पीसीबी ने पाकिस्तान सरकार से पूछा है कि उसे इन आयोजन स्थलों से कोई आपत्ति है या नहीं। पीसीबी ने 26 जून को पत्र को एक आवश्यक कदम के रूप में लिखा था क्योंकि किसी भी अन्य देश के दौरे के विपरीत, भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण भारत दौरे के लिए सरकार की अनुमति की आवश्यकता होती है। सरकार के लिए जवाब देने की कोई समय सीमा नहीं है लेकिन पाकिस्तान टीम सरकार की मंजूरी के बिना यात्रा नहीं करेगी।

पीसीबी ने सरकार के साथ पाकिस्तान टीम के 9 लीग मैचों की जानकारी भी साझा की है, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में होने वाला मैच भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार पीसीबी ने कहा, पिछले मंगलवार को विश्व कप कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद हमने अंतर-प्रांतीय समन्वय (आईपीसी) मंत्रालय के माध्यम से अपने संरक्षक माननीय प्रधानमंत्री मोहम्मद शहबाज शरीफ को लिखा। विदेश मंत्रालय और

आंतरिक मंत्रालय को भी पत्र लिखते हुए विश्व कप में भाग लेने की मंजूरी का अनुरोध किया।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने 2016 पुरुष टी20 विश्व कप के बाद से भारत का दौरा नहीं किया है। दोनों टीमें एक दशक से किसी भी द्विपक्षीय श्रृंखला में भी आमने-सामने नहीं आए हैं और सिर्फ आईसीसी एवं एसीसी आयोजनों में मुकाबला करते हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने पहले ही सुझाव दिया था कि वह विश्व कप में टीम की भागीदारी का मूल्यांकन कर रहा है और उचित समय पर पीसीबी को अपने विचार से अवगत कराएगा। भारत को लेकर सरकार के रुख पर कोई स्पष्ट स्थिति नहीं है, लेकिन हाल ही में विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी लगभग 12 वर्षों में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (साक) शिखर सम्मेलन के लिये भारत का दौरा करने वाले पहले उच्च स्तरीय पाकिस्तानी अधिकारी थे। प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ भी चार जुलाई को भारत की मेजबानी में वीडियो-कॉन्फ्रेंस प्रारूप में आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के प्रमुखों की परिषद (सीएचएस) की बैठक में भाग लेने वाले हैं। पाकिस्तान में सत्तारूढ़ सरकार का कार्यकाल अगस्त में समाप्त होने वाला है इसलिए पीसीबी की भारत यात्रा से जुड़ा फैसला अगली सरकार के आने तक टल सकता है। वर्तमान सरकार संभवतः इस स्तर पर औपचारिक घोषणा नहीं करेगी। उल्लेखनीय है कि 2016 में भी नवाज़ शरीफ़ की सरकार ने पीसीबी को भारत दौरे की मंजूरी अंतिम वक्त पर ही दी थी।

समारोह में अचानक मलयालम बोलने लगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।
केंद्र की सत्ताधारी पार्टी बीजेपी केरल में एक राजनीतिक ताकत बनने के लिए लंबे समय से अथक प्रयास कर रही है। इस बीच, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मलयाली लोगों को लुभाने की कोशिश में कुछ ऐसा किया कि लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं। दरअसल, रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अखिल भारतीय मलयाली एसोसिएशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें राजनाथ सिंह बतौर अतिथि शरीक कर रहे थे।

इंडियन एक्सप्रेस के कॉलम दिल्ली कॉन्फिडेंशियल की रिपोर्ट के मुताबिक, राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन की शुरुआत में मलयाली अप्रवासियों का मलयालम में गर्मजोशी से अभिवादन किया। यह देखकर वहां लोग खुशी से झूम उठे। मलयालम में रक्षा मंत्री के अभिवादन और शुभकामनाओं ने बैठक में मौजूद मलयाली समुदाय का दिल जीत लिया।

राजनाथ सिंह ने समारोह में वैश्विक समुदाय के बीच भारत के आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक

विकास के लिए केरलवासियों के योगदान की सराहना की। सिंह ने कहा, दो मलयाली लोगों ने भारत को धार्मिक और राजनीतिक रूप से एकजुट होने में मदद की। बतौर राजनाथ सिंह, आदि शंकराचार्य जी ने भारत को धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से एकजुट किया, जबकि वीपी मेनन ने सरदार वल्लभभाई पटेल के साथ काम किया और देश को राजनीतिक रूप से एकीकृत किया, जिसके लिए वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियां हमेशा उनका ऋणी रहेंगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत विश्व के समक्ष आज एक राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक शक्ति के रूप में खड़ा है। उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए सभी लोगों की ओर से सहयोगात्मक प्रयास का आह्वान किया। उनके कार्यालय द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में सिंह के हवाले से कहा गया, भारत आज दुनिया के सामने एक आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक शक्ति के रूप में खड़ा है और केरल ने इस उपलब्धि को हासिल करने में बड़ी भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में भारत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लिहाज से अब दुनिया की पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था है। विशेषज्ञों और संस्थानों की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। राजनाथ सिंह ने उम्मीद जताई कि आजादी के 100 साल पूरे होने यानी वर्ष 2047 तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

चुनाव से पहले राजस्थान के योगी का बढ़ा कद

भगवाधारी नेता की खूब हो रही चर्चा

जयपुर, एजेंसी।
राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नई टीम का ऐलान किया है राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी ने रविवार को विजय संकल्प टीम की घोषणा की। इसमें 11 उपाध्यक्ष और 5 महामंत्री बनाए गए हैं। टीम में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी वर्ग के नेताओं को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा संगठन क्षमता और अनुभव को आधार बनाते हुए मजबूत चेहरों को शामिल किया गया है। इनमें सबसे अधिक चर्चा राजस्थान के योगी कहे जाने वाले बाबा बालकनाथ की हो रही है। अलवर के सांसद बालकनाथ को उपाध्यक्ष बनाया गया है। हमेशा भगवा

कपड़ों में दिखने वाले बाब बालक नाथ फायरब्रांड नेता हैं। हिंदुत्ववादी अजेंडे पर आक्रामक तेवरों की वजह से वह सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में वह तब चर्चा में आए थे जब उन्होंने राजस्थान पुलिस के डीएसपी को थाने में घुसकर धमका दिया था। बीजेपी के कार्यकर्ता को हिरासत में लिए जाने की वजह से क्रोधित सांसद ने डीएसपी से कहा था- मेरा नाम याद रखना। तीन लोग मेरी लिस्ट में हैं। एक यहां का विधायक, पुराना एसएचओ और अब मेरी लिस्ट में आप भी हो। उनका यह वीडियो खूब वायरल हुआ था। बाबा बालकनाथ 2019 में पहली बार सांसद बने। कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह को हराकर वह पहली बार संसद पहुंचे। वह नाथ संप्रदाय के महत्वपूर्ण स्थल मस्तनाथ मठ के महंत भी हैं। चांदनाथ योगी ने 2016 में उन्हें अपना उत्तराधिकारी बनाया था। रोहतक स्थित बाबा मस्तनाथ मठ के महंत बालकनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी करीबी हैं। नाथ संप्रदाय की परंपरा के मुताबिक योगी आदित्यनाथ राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं तो रोहतक की गद्दी को उपाध्यक्ष की पदवी हासिल है। 38 साल के बाबा बालकनाथ ने अलवर और आसपास के इलाकों में मजबूत राजनीतिक पकड़ बनाई है। पिछले लोकसभा चुनाव में जिस तरह उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज नेता को 3 लाख से अधिक वोटों से हराया था उससे अच्छी धाक जमाई थी। इसके बाद वह लगातार पार्टी में और जनता के बीच सक्रिय रहे हैं। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने भगवाधारी नेता को प्रमोट करके हिंदुत्ववादी अजेंडे को आगे रखने का भी संकेत दिया है। भाजपा को बाबा बालकनाथ के जरिए राजस्थान के अलावा हरियाणा में भी फायदा मिलने की उम्मीद है।

मणिपुर की जीवनरेखा इम्फाल-दीमापुर राजमार्ग 54 दिन बाद फिर से खुला

इंफाल, एजेंसी।
मणिपुर में जातीय हिंसा के मद्देनजर विभिन्न संगठनों द्वारा लगाई गई आर्थिक नाकेबंदी हटने के बाद 54 दिनों के बाद इंफाल-दीमापुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-2) पर जरूरी सामान ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही रविवार को फिर से शुरू हो गई। इम्फाल में अधिकारियों ने कहा कि एनएच-2 (नागालैंड के माध्यम से) के फिर से खुलने से, मणिपुर की जीवन रेखा, पूर्वोत्तर राज्य के सभी 16 जिलों में आवश्यक वस्तुओं, खाद्यान्न, परिवहन ईंधन और जीवन रक्षक दवाओं की आपूर्ति आसान हो जाएगी।पिछले महीने की शुरुआत से एनएच-2 की नाकाबंदी के बाद, मणिपुर आवश्यक वस्तुओं, खाद्यान्न, परिवहन ईंधन, जीवन रक्षक दवाओं और अन्य सामग्रियों की खरीद के लिए दक्षिणी असम के माध्यम से इंफाल-जिरीबाम राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-37) पर पूरी तरह से निर्भर था। देश के अन्य राज्य.यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) और कुकी नेशनल ऑर्गेनाइजेशन (केएनओ) ने एक संयुक्त बयान में कहा कि उन्होंने मणिपुर में आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कांगपोकपी जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग की नाकाबंदी हटाने का फैसला किया है।कुकी-ज़ो समुदाय के लोगों के गुस्से और पीड़ा के बावजूद, राज्य में शांति और सद्भाव बहाल करने और सामान्य रूप से लोगों की दुर्दशा को कम करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चिंता को ध्यान में रखते हुए, यह विकास हुआ है।यूपीएफ के प्रवक्ता आरोन किपगेन और केएनओ के प्रवक्ता सेलेन हाओकिप द्वारा हस्ताक्षरित संयुक्त बयान में कहा गया है कि नाकाबंदी हटाने का निर्णय कई अवसरों पर विभिन्न नागरिक समाज संगठनों, ग्राम प्रधानों, युवाओं और महिला नेताओं के साथ व्यापक परामर्श के बाद लिया गया था।

दिल्ली-नोएडा रोड का जाम होगा खत्म? चिल्ला बॉर्डर से महामाया फ्लाईओवर तक बनेगी 1 और लेन; वाहनों को होगा फायदा

नोएडा एजेंसी।
नोएडा को दिल्ली से जोड़ने वाले चिल्ला बॉर्डर से महामाया फ्लाईओवर तक जाम में कमी लाने के लिए अगस्त अंत तक सड़क को चौड़ा करने का काम शुरू किया जाएगा। डिवाइडर और फुटपाथ के साइज को काफी कम कर दोनों तरफ एक-एक अतिरिक्त लेन बनाई जाएगी। अभी यहां सुबह-शाम लंबा जाम लगता है।

यहां जाम लगने की मुख्य सड़क वाहनों की अधिक संख्या के मुकाबले सड़क का काफी कम चौड़ा होना है। लगातार जाम की समस्या को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने यहां जाम में कमी लाने के लिए जरूरी उपाय तलाशने के लिए कुछ महीने पहले एक कंपनी का चयन किया था। अब कंपनी ने नोएडा प्राधिकरण को सर्वे कर रिपोर्ट सौंप दी है।

अधिकारियों ने बताया कि डीएनडी और फिल्म सिटी फ्लाईओवर पर चढ़ने और उतरने वाले लूप पर सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी।

सेक्टर-18 की ओर से फ्लाईओवर पर चढ़कर सेक्टर-95 दलित प्रेरणा के सामने उतरते समय लंबा जाम लगता है। यहां पर सेंट्रल वर्ज की चौड़ाई कम करेंगे। डीएनडी पर चढ़ने-उतरने वाले लूप पर ग्रीन बेल्ट कम कर सड़क चौड़ी होगी। चिल्ला बॉर्डर से महामाया फ्लाईओवर आते समय फुटपाथ को कम कर सेक्टर-15ए की दीवार के साथ लाया जाएगा। सेक्टर-15ए के सामने दूसरी तरफ फुटपाथ के साइज को कम कराया जाएगा। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि सर्वे रिपोर्ट फाइनल कर ली गई है। अब 22 जुलाई को सीईओ के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। नए सिरे से कंपनी का चयन करेगा ~ कंपनी की ओर से जो सर्वे रिपोर्ट नोएडा प्राधिकरण को दी गई है उसमें चौड़ीकरण के काम में करीब 13 करोड़ रुपये का खर्च होने का अनुमान जताया गया है। सुधार से संबंधित काम कराने के लिए प्राधिकरण नए सिरे से कंपनी का चयन करेगा।

एलिवेटेड रोड बनने के बाद जाम पूरी तरह खत्म होगा ~ चिल्ला रेगुलेटर से महामाया फ्लाईओवर तक एलिवेटेड रोड बनना प्रस्तावित है। इसके लिए शासन ने 100 करोड़ रुपये का बजट भी जारी कर दिया है। उम्मीद है कि दो-तीन महीने में काम शुरू हो जाएगा। काम शुरू होने पर पूरा होने में करीब डेढ़ साल का समय लगेगा। एलिवेटेड रोड बनने पर इस रास्ते पर जाम पूरी तरह खत्म हो जाएगा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर महामाया फ्लाईओवर से परी चौक तक जाम खत्म करने के लिए भी सर्वे करने का कंपनी का चयन करने की योजना तैयार की थी, लेकिन अभी चयन नहीं हुआ है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि राइट्स कंपनी से बात हुई थी, लेकिन कंपनी की ओर से अधिक पैसे मांगे गए। इस पर प्राधिकरण ने इनकार कर दिया। सड़क चौड़ीकरण में दोनों तरफ पेड़ भी हटाए जाएंगे। अधिकारियों का दावा है कि कोई पेड़ काटा नहीं जाएगा,

पंजाब के सीएम मान व पूर्व सीएम कैप्टन अमरिन्दर के बीच तीखी नोकझोंक

चंडीगढ़, एजेंसी।
पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और भाजपा नेता कैप्टन अमरिन्दर सिंह के बीच उस समय वाकयुद्ध छिड़ गया जब मान ने कहा कि सरकार दुर्दांत अपराधी मुख्तार अंसारी के राज्य की जेलों में रहने के दौरान शानो शौकत पर खर्च हुए 55 लाख रुपये का भुगतान नहीं करेगी। सीएम मान ने कहा, यह पैसा कैप्टन अमरिन्दर सिंह और पूर्व उपप्रधान सुखजिंदर रंधावा से वसूला जाएगा। अगर वे पैसे चुकाने में विफल रहे, तो पैसे की वसूली के लिए उनकी पेंशन और अन्य लाभ रोक दिए जाएंगे। बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने मान को ऐसे बयान जारी करने से पहले कानून और जांच की प्रक्रिया सीखने को कहा, क्योंकि यह केवल शासन के बारे में उनकी अज्ञानता को उजागर करता है। कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने कहा कि उन्होंने साढ़े नौ साल तक मुख्यमंत्री के तौर पर काम किया है, जबकि मान को डेढ़ साल भी पूरा नहीं हुआ है। पूर्व कांग्रेस नेता ने कहा, बेहतर होगा कि शासन की प्रक्रियाओं के बारे में इस तरह के अज्ञानतापूर्ण बयान देने से पहले उन्हें सीखना चाहिए और अनुभव हासिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंसारी को पंजाब लाया गया और जांच के लिए उचित कानूनी प्रक्रिया के तहत यहां हिरासत में लिया गया। उन्होंने मान से पूछा, मुख्यमंत्री या उस मामले में जेल मंत्री (सुखजिंदर रंधावा) इस मामले में कहां से आते हैं? सीएम मान ने कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि पटियाला के वंशज की स्वघोषित बुद्धिमत्ता ने राज्य को बर्बाद कर दिया है। यहां एक बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरा पंजाब जानता है कि कैप्टन (अमरिंदर सिंह) हमेशा राज्य और इसके लोगों के बजाय अपनी कुर्सी के बारे में चिंतित रहे हैं। सत्ता में रहने के दौरान कैप्टन ने खुद को महलों तक सीमित रखकर राज्य के हितों की अनदेखी की है। यह सच है कि कैप्टन का वंश पंजाब और पंजाबियों की पीठ में छुरा घोंपने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी पंजाबी यह कभी नहीं भूल सकता कि कैप्टन के पूर्वजों ने अपने निहित स्वार्थों के लिए मुगलों और अंग्रेजों का पक्ष लिया था।

दूसरे दिन 10 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने की अमरनाथ यात्रा

श्रीनगर, एजेंसी। दस हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने दूसरे दिन अमरनाथ यात्रा की, जबकि 4,758 यात्रियों का एक और जत्था सोमवार को जम्मू से घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा कि इस साल की दूसरी तीर्थयात्रा पर रविवार को 10,467 तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ गुफा मंदिर के अंदर दर्शन किए, जबकि 4,758 यात्रियों का एक और जत्था आज सुबह सुरक्षा काफिले में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा, इन 4,758 यात्रियों में से 3781 पुरुष, 727 महिलाएं, 19 बच्चे, 198 साधु और 33 साध्वियां हैं। गौरतलब है कि इस वर्ष की 62 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई को शुरू हुई और 31 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा उत्सव के साथ समाप्त होगी। समुद्र तल से 3888 मीटर ऊपर स्थित, हिमालय गुफा मंदिर में एक बर्फ की संरचना है, इसके बारे में भक्तों का मानना है कि यह भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है। तीर्थयात्री अगर ऐतिहासिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से गुफा मंदिर जाते हैं, तो उन्हें गुफा मंदिर तक पहुंचने तक 43 किलोमीटर की चढ़ाई करनी पड़ती है। यदि यात्री पहलगाम मार्ग का उपयोग करते हैं तो उन्हें गुफा मंदिर तक पहुंचने में 3 से 4 दिन लगते हैं। उत्तरी कश्मीर बालटाल मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने के लिए 13 किलोमीटर की कठिन चढ़ाई करनी पड़ती है। बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले तीर्थयात्री दर्शन के बाद उसी दिन बेस कैंप लौट आते हैं। यात्रियों के लिए दोनों मार्गों पर हेलीकॉप्टर सेवाएं उपलब्ध हैं। दो आधार शिविरों के अलावा, तीर्थयात्रियों के लिए दो मुख्य पारगमन शिविर हैं, एक उत्तरी कश्मीर के गांदरबल जिले के हरिपोरा में और दूसरा दक्षिण कुलगाम जिले के मीर बाज़ार में।

संक्षिप्त समाचार

पीलिया के कुल मरीजों का आंकड़ा पहुंचा 90 पर

हमीरपुर, एजेंसी। जिला की पंचायतों में फैले पीलिया के मरीजों की तादाद दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब यह 90 तक पहुंच गई है। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरके अग्निहोत्री, बीएमओ डॉ अविनीत शर्मा, अभिषेक स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने रविवार को उनके घरों में पहुंचकर दवाइयां बांटी। रविवार को अब तक कुल मरीजों का आंकड़ा 90 पर पहुंच गया। अब तक 46 लोग ठीक भी हो चुके हैं। 7 से ज्यादा नए मरीज पीलिया से सामने आने के बाद 10 मरीज अभी भी भर्ती किए गए हैं उनका उपचार अस्पतालों में चल रहा है। 28 मरीज एक्टिव केस हैं। 9 लोगों को छुट्टी दे दी गई। जिला चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि लोगों को उबालकर पानी पीना चाहिए। कर्मचारी भी लोगों को उबालकर पानी पीने की सलाह दे रहे हैं लगातार मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने लोगों के सैंपल लेने में तेजी ला दी है।

यूपी में अवैध धर्मांतरण के आरोप में एटीएस ने तीन को किया गिरफ्तार

लखनऊ, एजेंसी। आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में अवैध धर्मांतरण कराने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने रविवार रात सहारनपुर जिले के विभिन्न स्थानों से आरोपियों नाज़िम हसन, मोहम्मद सादिक और अज़हर मलिक को गिरफ्तार किया। एटीएस के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस से जुटाए गए सबूतों से साबित हुआ कि ये तीनों जिले में धर्मांतरण को अंजाम देने में शामिल थे। एटीएस ने कहा कि जिले के निवासी गौरव को नाजिम हसन ने फंसाया था।

देश में आज छत्तीसगढ़ भ्रष्टाचार के नाम से जाना जाता है - केजरीवाल

बिलासपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी ने चुनावी शंखनाद कर दिया है, पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस व भाजपा दोनों ही पार्टियों पर जमकर हमला बोलते हुए भूपेश बघेल का नाम लिए बगैर कहा कि देश में आज छत्तीसगढ़ भ्रष्टाचार के नाम से जाना जाता है। छत्तीसगढ़ में बिजली बनती है, फिर भी लोगों को महंगी बिजली मिल रही है, जबकि दिल्ली में 24 घंटे मुफ्त बिजली मिल रही है। साइंस कालेज मैदान में महारैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा, साल 2000 में छत्तीसगढ़ बना था तो यहां के लोगों को बड़ी उम्मीद थी कि छत्तीसगढ़ का विकास होगा। भगवान ने छत्तीसगढ़ को छप्पर फाड़कर दिया और यहां जंगल, नदियां, खेती, लोहा, कोयला सबकुछ है, लेकिन एक कमी है, ईमानदार अच्छा नेता व पार्टी छत्तीसगढ़ में नहीं है। यहां भाजपा एवं कांग्रेस के नेताओं ने काम किया होता तो 23 साल में चारों तरफ खुशहाली आ जाती।

टोक्यो के शिंबाशी स्टेशन के पास भयानक विस्फोट, एक इमारत में हुआ जोरदार धमाका; चार लोग घायल

टोक्यो, एजेंसी।
टोक्यो में जेआर शिंबाशी स्टेशन के पश्चिम की ओर एक इमारत में विस्फोट हुआ है। यह क्षेत्र कई कार्यालयों और रेस्तरांओं से घिरा हुआ है। जापान के एनएचके न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार, टोक्यो में जेआर शिंबाशी स्टेशन के पश्चिमी किनारे पर एक इमारत में कथित तौर पर विस्फोट हुआ है।

यह घटना कथित तौर पर दोपहर करीब 3~15 बजे हुई। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों और वीडियो में इमारत की दूसरी मंजिल पर आग लगी हुई है और कांच के टुकड़े सड़क पर बिखरे हुए हैं। टोक्यो मेट्रोपॉलिटन पुलिस जांच कर रही है।

अग्निशमन विभाग के एक प्रवक्ता ने नाम न छापने की शर्त पर एएफपी को बताया कि विस्फोट की जोरदार आवाज भी सुनी गई। कुल 32 दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर हैं।

उन्होंने कहा, चार लोग घायल हैं, जिनमें से तीन होश में हैं, उन्होंने कहा कि चौथे व्यक्ति के बारे में अभी तक कोई विवरण उपलब्ध नहीं है।

नाटो को बढ़ावा देने के लिए बाइडन करेंगे यूरोप के देशों की यात्रा, व्हाइट हाउस ने जारी किया शेडयूल

वाशिंगटन, एजेंसी।
उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) गठबंधन को मजबूत करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन तीन देशों - यूनाइटेड किंगडम, लिथुआनिया और फिनलैंड - की यात्रा के लिए यूरोप जाएंगे। व्हाइट हाउस ने एक बयान में बताया कि 9-13 जुलाई की अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति बिडेन हमारे देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों को और मजबूत करने के लिए किंग चार्ल्स और प्रधान मंत्री ऋषि सुनक के साथ बातचीत के लिए सबसे पहले लंदन, यूनाइटेड किंगडम की यात्रा करेंगे। इसके बाद वह 74वें नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 11 से 12 जुलाई तक विनियस, लिथुआनिया की यात्रा करेंगे। इसके बाद यूएस-नॉर्डिक लीडर्स समिट के लिए हेलसिंकी, फिनलैंड का दौरा किया जाएगा।

बाइडन की यूरोप यात्रा का इरादा रूसी आक्रामकता के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गठबंधन को मजबूत करना है क्योंकि यूक्रेन में युद्ध अपने दूसरे वर्ष तक फैला हुआ है। बाइडन की पांच दिवसीय यात्रा का मुख्य फोकस इस साल लिथुआनिया के विनियस में आयोजित वार्षिक नाटो शिखर सम्मेलन होगा। व्हाइट हाउस ने घोषणा की है कि अप्रैल में 31 देशों के सैन्य

गठबंधन में नॉर्डिक देश के प्रवेश के उपलक्ष्य में हेलसिंकी, फिनलैंड और ब्रिटेन में रुकने की भी योजना बनाई गई है। नाटो बैठक युद्ध के नवीनतम महत्वपूर्ण बिंदु पर आती है।

अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की का कहना है कि रूसी सेना के खिलाफ जवाबी और रक्षात्मक कार्रवाई चल रही है क्योंकि यूक्रेनी सैनिकों ने देश के दक्षिणपूर्वी हिस्से में क्षेत्र पर फिर से कब्जा करना शुरू कर दिया है, जैसा कि अल जज़ीरा ने बताया। गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन युद्ध यूक्रेन द्वारा नाटो गठबंधन का हिस्सा बनने की इच्छा जताने के बाद शुरू हुआ था। एक साल से अधिक समय से चल रहे रूसी आक्रमण के बाद भी यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की अपने रुख पर कायम हैं। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ से मुलाकात के बाद उन्होंने ट्विटर पर कहा, मैं नाटो में हमारे आंदोलन के समर्थन के लिए भी आभारी हूं। यह अब स्पष्ट तथ्य है जितना व्यापक नाटो यूरोप में है, शांति का दायरा उतना ही व्यापक है।

नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने 13 जून को व्हाइट हाउस का दौरा किया, जहां उन्होंने और बिडेन ने फिर से जोर दिया कि पश्चिमी गठबंधन यूक्रेन की रक्षा के लिए एकजुट है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद फ़िनलैंड और स्वीडन ने भी सुरक्षा आश्वासन पाने के लिए नाटो गुट में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की। तुर्की द्वारा इसकी सदस्यता पर अपनी आपत्तियां वापस लेने के बाद फिनलैंड इस साल अप्रैल में इस गुट में शामिल हो गया। हालाँकि, स्वीडन अभी भी इस समूह में शामिल नहीं हो सका है, क्योंकि तुर्की को उसके साथ सुरक्षा चिंताएँ हैं और वह उस पर आतंकवादी समूहों को पनाह देने का भी आरोप लगाता है। इसके अलावा, हंगरी ने भी हंगरी के पीएम ओर्बन की आलोचना पर स्वीडन के ब्लॉक में प्रवेश पर आपत्ति जताई है। 24 फरवरी, 2022 को शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध ने कई लोगों की जान ले ली है।

विपक्ष एक साल में लाया 716 ड्राफ्ट बिल, एक पर भी नहीं हुई चर्चा! रबर स्टाम्प बनी तुर्किए की संसद

अंकारा, एजेंसी।
तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोआन को सत्ता पर काबिज हुए 20 साल से ज्यादा का समय बीत चुका है और इस दौरान एर्दोआन ने सत्ता पर इस कदर नियंत्रण कर लिया है कि तुर्किए की संसद अब महज एक रबर स्टाम्प बनकर रह गई है। एक समय तुर्किए से मध्य पूर्व और अरब देशों के लिए रोल मॉडल बनने की उम्मीद की जाती थी लेकिन यह सफर ज्यादा लंबा नहीं चल सका।

16 जुलाई 2016 में एर्दोआन के खिलाफ बगावत हुई। हालांकि यह बगावत असफल रही लेकिन इसने एर्दोआन को वो मौका दे दिया, जिसकी तलाश में वह लंबे समय से थे। दरअसल बगावत के बाद रजब तैय्यब एर्दोआन ने सत्ता में कई बदलाव किए, जिससे एर्दोआन ने तुर्किए के संविधान की उस ताकत को खत्म कर दिया, जिससे सरकार पर नियंत्रण किया जाता था। साथ ही एर्दोआन ने बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों, जजों, शिक्षा जगत के लोगों, स्वास्थ्य कर्मियों और सैन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया। अब रजब तैय्यब एर्दोआन का देश की न्यायपालिका की नियुक्तियों और पूरी व्यवस्था पर पूरा नियंत्रण है। नॉर्डिक रिसर्च मॉनिटरिंग नेटवर्क

चलाने वाले अब्दुल्लाह बोजकुर्त ने अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया है कि अक्टूबर 2021 से लेकर सितंबर 2022 तक विपक्ष ने 716 ड्राफ्ट बिल तुर्किए की संसद में पेश किए लेकिन उनमें से एक पर भी चर्चा नहीं हुई। यह अपने आप में वर्ल्ड रिकॉर्ड है। वहीं सत्ताधारी पार्टी एकेपी और इसकी सहयोगी एमएचपी ने इस समयअवधि में 80 ड्राफ्ट बिल पेश किए और वह सभी मंजूर कर लिए गए और अंत में कानून बन गए। यह दिखाता है कि तुर्किए में विपक्ष महज बहस करने तक सीमित रह गया है और उससे कानून बनाने की ताकत छीन ली गई है।

एक और चिंताजनक तथ्य ये है कि कई संसदीय समितियों की एक बैठक तक नहीं हुई है और कई समितियों की सिर्फ एक या दो बैठकें ही हुई हैं। लोकतांत्रिक देशों में संसद का काम सरकार के काम की निगरानी करना होता है। इसमें सवाल पूछने की आजादी होती है, जिससे जवाबदेही, पारदर्शिता और बेहतर प्रशासन सुनिश्चित होता है लेकिन तुर्किए की संसद में सवाल पूछने के अधिकार को ही लगभग खत्म कर दिया गया है और जो सवाल पूछे भी जाते हैं, उनमें से अधिकतर के जवाब नहीं दिए जाते।

एक रिपोर्ट के अनुसार, तुर्किए की सरकार से मौखिक तौर पर 15,664 सवाल पूछे गए लेकिन इनमें से महज 1298 सवालों के ही जवाब दिए गए। न्याय मंत्रालय से 2145 सवाल पूछे गए और उनमें से महज तीन के ही जवाब दिए गए। वहीं आंतरिक मंत्रालय से 1597 सवाल पूछे गए और इनमें से सिर्फ छह के जवाब मिले। इन आंकड़ों से पता चलता है कि तुर्किए की संसद में पारदर्शिता, जवाबदेही पूरी तरह से नदारद है। लोकतंत्र में जब सरकारें बजट पेश करती हैं तो उसे बहस के लिए संसद में पेश किया जाता है। जहां उस पर बहस होती है और सरकारें विपक्ष की आपत्ति पर बजट प्रावधानों में बदलाव भी करते हैं लेकिन तुर्किए में एर्दोआन सरकार द्वारा बनाए गए बजट को कुछ संबंधित संसदीय समितियों के पास भेजा जाता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129